3 राजधानी
चार साल के एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को मंजूरी

6 प्रादेशिकी
लाभ पाने को उद्यमी कराएं पंजीयन

11 राष्ट्रीय
भारत की गाथा का गवाह रहा है पुराना संसद भवन

12 स्पोर्ट्स
प्रणय फाइनल में सिंधू हारी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 201
नई दिल्ली, रविवार, 28 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



नेपाल के प्रधानमंत्री 31 को आएंगे भारत
विदेश-10

www.dailypioneer.com

# मोदी आज देश को समर्पित करेंगे नया संसद भवन

## ● सुबह-सुबह हवन और सर्व-धर्म प्रार्थना के साथ होगा औपचारिक उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस नए संसद भवन को रविवार को देश को समर्पित करेंगे। भव्य समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को नए संसद भवन को लोकतंत्र का मंदिर बताया और कामना की कि यह भारत के विकास पथ को लगातार मजबूत करता रहे और लाखों लोगों को सशक्त बनाता रहे। ऐतिहासिक समारोह की शुरुआत सुबह-सुबह हवन और सर्व-धर्म प्रार्थना के साथ शुरू होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में औपचारिक उद्घाटन करेंगे। नए संसद भवन के उद्घाटन में कम से कम 25 दलों के शामिल होने की उम्मीद है, जबकि 20 विपक्षी दलों ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार करने का फैसला किया है। विरोध करने वाले विपक्षी दलों का कहना है राष्ट्राध्यक्ष होने के नाते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन का उद्घाटन करना चाहिए।

अधिकारियों ने बताया कि हवन सुबह करीब सात बजे नई इमारत के बाहर होगा और शैव मठ के महंत मोदी को औपचारिक राजदंड सेंगोल सौंपेंगे। नए संसद भवन में स्पीकर की कुर्सी के पास सेंगोल लगाया जाएगा। नए परिसर के औपचारिक उद्घाटन के दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा व राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सहित अन्य के मौजूद रहने की उम्मीद है। (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तमिलनाडु के पुजारियों ने भेंट की

### नई संसद में देश के हर हिस्से का अंश

**नई दिल्ली।** नए संसद भवन के निर्माण में उपयोग की गई सामग्री देश के विभिन्न हिस्सों से लाई गई है। इसमें प्रयुक्त सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र के नागपुर से लाई गई है, जबकि लाल और सफेद बलुआ पत्थर राजस्थान के सरमथुरा से लाया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले और हुमायूं के मकबरे के लिए बलुआ पत्थर भी सरमथुरा से लाया गया था। हरा पत्थर उदयपुर से, तो अजमेर के पास लाखा से लाल ग्रेनाइट और सफेद संगमरमर अंबाजी राजस्थान से मंगवाया गया है। नए संसद भवन में यूपी के मिर्जापुर की कालीन, त्रिपुरा के बांस से बने फर्श और राजस्थान के पत्थर की नक्काशी भारत की संस्कृतिक विविधता को दर्शाती है। तमिलनाडु से संबंध रखने वाले और चांदी से निर्मित एवं सोने की परत वाले ऐतिहासिक राजदंड (सेंगोल) को लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास स्थापित किया जाएगा। (शेष पेज 9)

### सांसदों को भरोसे में नहीं लिया : पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम से दूर रहने संबंधी विपक्षी दलों के फैसले का शनिवार को बचाव करते हुए कहा कि इस बारे में सांसदों को भरोसे में नहीं लिया गया। बीस से अधिक विपक्षी दलों ने समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है। उनका कहना है कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई संसद की जरूरत नहीं थी और जब निर्माण हो चुका है, तो इसके उद्घाटन को लेकर हमसे सलाह नहीं ली गई। मानदंडों के अनुसार, भारत के राष्ट्रपति हर साल (संसद के) पहले सत्र को संबोधित करते हैं। इसलिए, यह स्पष्ट है कि राष्ट्रपति को नए भवन का उद्घाटन करना चाहिए।

### मतभेद भुला उद्घाटन में शामिल हो विपक्षः हासन

**चेन्नई।** अभिनेता एवं नेता कमल हासन ने राजनीतिक दलों से अपने मतभेदों को कुछ देर के लिए भुलाकर नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार करने के फैसले पर पुनर्विचार करने और इसे राष्ट्रीय एकता का अवसर बनाने की अपील की। हासन ने कहा कि भारत के नए घर में उसके परिवार के सभी सदस्यों के रहने की जरूरत है। हासन ने कहा कि वह सहभागी लोकतंत्र में विश्वास करते हैं, इसलिए इस कार्यक्रम का बहिष्कार करने वाले सभी विपक्षी दलों से फैसले पर पुनर्विचार करने का आह्वान करते हैं। मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) के अध्यक्ष हासन ने आग्रह किया, कार्यक्रम पर आपकी कोई भी असहमति सार्वजनिक मंचों के साथ-साथ संसद के दोनों सदनों में भी उठाई जा सकती है।

### सीमाओं पर चौकसी, लुटियंस दिल्ली सील

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी द्वारा रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन से पहले नई दिल्ली इलाके में सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। नया संसद भवन उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में स्थित है। ऐसे में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के अलावा सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों की ओर से घोषित महिला महापंचायत को अनुमति नहीं दी गई है। इसके मद्देनजर सीमाओं पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई। दिल्ली की सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। मध्य दिल्ली में पुलिस पिकेट स्थापित किए जा रहे हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। (विस्तृत पेज 3)

# भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने का साझा दृष्टिकोण तैयार करें राज्यः मोदी

**नीति आयोग की बैठक**

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए राज्यों और जिलों से दीर्घकालीन दृष्टिकोण तैयार करने को कहा। वर्ष 2047 तक भारत आजादी के 100 साल पूरे करेगा। नीति आयोग संचालन परिषद की शनिवार को आठवीं बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने राज्यों से सूझ-बूझ के साथ ऐसे वित्तीय निर्णय लेने को कहा जो लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करे। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रमणियम ने परिषद की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसमें 11 मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए। यह पहली बैठक थी जो हाल में प्रगति मैदान में बने सम्मेलन केंद्र में हुई। इसी सम्मेलन केंद्र में जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 2047 तक विकसित भारत के लिए राज्यों और जिलों के दृष्टिकोण का राष्ट्रीय सोच के साथ तालमेल जरूरी है। इससे पहले, नीति आयोग ने ट्विटर पर लिखा था, नीति आयोग संचालन परिषद की आठवीं बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब राज्य बढ़ते हैं, तो भारत बढ़ता है।



उन्होंने 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करने के महत्व पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने राज्यों से वित्तीय मामलों में सूझबूझ के साथ निर्णय लेने को कहा। उन्होंने कहा कि यह उन्हें वित्तीय रूप से मजबूत बनाएगा और नागरिकों के कल्याण के लिए कार्यक्रमों को लागू करने में सक्षम बनाएगा। आयोग ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों से वित्तीय रूप से सूझबूझ वाला निर्णय लेने का आग्रह किया, ताकि वे वित्तीय रूप से मजबूत बनें और नागरिकों के सपनों को पूरा करने वाले कार्यक्रमों को चला सकें। नीति आयोग संचालन परिषद की आठवीं बैठक में 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की। बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल के साथ ही उत्तर प्रदेश, असम, झारखंड तथा मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली के मुख्यमंत्री ने बैठक का बहिष्कार किया। कुल मिलाकर 11 राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में शामिल नहीं हुए। परिषद की पूर्ण बैठक हर साल होती है। पिछले साल मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक सात अगस्त को हुई थी। परिषद की पहली बैठक आठ फरवरी, 2015 को हुई थी। कोरोना वायरस महामारी के कारण 2020 में बैठक नहीं बुलाई गई थी।

### बैठक का बहिष्कार करना गैर जिम्मेदाराना रवैया : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी ने नीति आयोग संचालन परिषद की बैठक का बहिष्कार करने वाले मुख्यमंत्रियों की आलोचना करते हुए उनके फैसले को शनिवार को जन-विरोधी और गैर जिम्मेदाराना बताया। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रमणियम ने परिषद की बैठक के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि इसमें 19 राज्यों के मुख्यमंत्री और छह केंद्र शासित प्रदेशों के लेफ्टिनेंट गवर्नर शामिल हुए। (शेष पेज 9)

# कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार, 24 नए चेहरे

## ● शासन को नया आकार देने के इरादे से सभी मंत्री पद भरे गए : सिद्दरमैया

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में कांग्रेस सरकार ने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए इसमें एक महिला लक्ष्मी हेब्बलकर और वरिष्ठ विधायक एच के पाटिल सहित 24 मंत्रियों को शामिल किया। इसके साथ ही, राज्य में पार्टी के सत्ता में आने के एक सप्ताह बाद मंत्रिमंडल के सभी 34 मंत्री पद भर दिए गए। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि राज्य में शासन को एक नया आकार देने के इरादे से मंत्रिमंडल के सभी 34 पद भरे गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए सभी मंत्री पदों को भरने का निर्णय लिया गया। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 24 मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें से नौ-बी नागेंद्र, मधु बंगारप्पा, लक्ष्मी हेब्बलकर, मंकल वैद्य, डॉ. एम सी सुधाकर, के एन राजन्ना, एन एस बोसराजू, सुरेश बी एस और के वेंकटेश पहली बार मंत्री बनाए गए हैं। शनिवार को शपथ लेने वाले 24 मंत्रियों में 23 विधायकों के अलावा एन एस बोसराजू शामिल है जो अभी विधान परिषद या विधानसभा के सदस्य नहीं हैं। कांग्रेस के एक नेता ने कहा, विधानसभा और विधान परिषद के पूर्व सदस्य बोसराजू अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव हैं। रायचूर के रहने वाले बोसराजू एक प्रतिबद्ध कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। उनके नाम को कांग्रेस आलाकमान ने शुक्रवार को मंजूरी दी थी। टिकट के दावेदार रहे कांग्रेस के एक कार्यकर्ता ने कहा, यद्यपि तीन महिला विधायक-रूपकला शशिधर, कनीज फातिमा और लक्ष्मी हेब्बलकर चुनी गई हैं, लेकिन पार्टी ने केवल हेब्बलकर को कैबिनेट में जगह देने का निर्णय किया। एचके पाटिल, कृष्णा बायरेगौड़ा, एन चेलुवरायस्वामी, के वेंकटेश, एच सी महादेवप्पा, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर खंडरे और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुंडु राव ने भी शपथ ली। (शेष पेज 9)



मंत्रियों के शपथ ग्रहण के दौरान मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और उप मुख्यमंत्री शिवकुमार

# मप्र में आईएस के मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मध्य प्रदेश में तीन लोगों को गिरफ्तार कर आईएसआईएस से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। संघीय जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के साथ खुफिया विभाग के नेतृत्व वाले संयुक्त अभियान में जबलपुर में 13 स्थानों पर रातभर की गई छापेमारी के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने गिरफ्तार तीन लोगों की पहचान सैयद ममूर अली, मोहम्मद आदिल खान और मोहम्मद शाहिद के रूप में की और कहा कि उन्हें भोपाल में एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि छापेमारी के दौरान धारदार हथियार, गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए। एनआईए ने 24 मई को खान की आईएसआईएस समर्थक गतिविधियों की जांच के दौरान एक मामला दर्ज किया था, जो पिछले साल अगस्त में एजेंसी के संज्ञान में आया था।

प्रवक्ता ने कहा, एनआईए को पता चला कि वह और उसके सहयोगी आईएसआईएस के इशारे पर भारत में आतंकवादी हमले करने के लिए सोशल मीडिया मंच का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह मॉड्यूल स्थानीय मस्जिदों और घरों में बैठकें करता रहा है और देश में आतंक फैलाने की साजिश रचता रहा है। अधिकारी ने कहा कि जांच से पता चला है कि तीनों आरोपी कट्टरपंथी है और हिंसक जिहाद को अंजाम देने के लिए दृढ़ थे। उन्होंने कहा, वे धन इकट्ठा करने, आईएसआईएस प्रचार सामग्री का प्रसार करने, युवाओं को प्रेरित करने और भर्ती करने और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के उद्देश्य से हथियार और गोला-बारूद खरीदने की कोशिश में लगे हुए थे। (शेष पेज 9)

### कोलकाता पुलिस ने डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता-निर्देशक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने फिल्म डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता और निर्देशक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि फिल्म के ट्रेलर से विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा मिलता है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एमहर्स्ट पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और निर्देशक सनोज मिश्रा को कानूनी नोटिस भेजकर उन्हें 30 मई को मामले के जांच अधिकारी (आईओ) के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। फिल्म निर्देशक को एक कानूनी नोटिस भेजा गया है। फिल्म के ट्रेलर में पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या और कट्टरपंथी बांग्लादेशियों के प्रवास और बसने तथा सांप्रदायिक गड़बड़ी की बात की गई है। मिश्रा फिल्म के लेखक भी हैं। जब उनसे संपर्क किया गया तो उन्होंने दावा किया कि उनकी फिल्म पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आधारित नहीं है। कोलकाता पुलिस से नोटिस मिलने पर मिश्रा ने कहा कि वह कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ले रहे हैं और जल्द ही शहर पहुंचेंगे।

# अवैध पटाखा कारखाने में विस्फोट के लिए ममता ने मांगी माफी



अवैध पटाखा कारखाने के विस्फोट पीड़ितों से मिलतीं ममता बनर्जी

**भाषा।** एगरा

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा इलाके के लोगों से शनिवार को माफी मांगी, जहां अवैध पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। विस्फोट में कई लोग घायल भी हो गए थे। उन्होंने कहा, इस घटना ने हमारी आंखें खोल दी हैं। मुझे दो महीने में मुख्य सचिव के नेतृत्व वाली समिति की ओर से एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। विस्फोट के 11 दिन बाद खड़ीकुल गांव पहुंची तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख बनर्जी ने कहा कि अगर खुफिया तंत्र ने ठीक से काम किया होता तो हादसे को रोका जा सकता था। बनर्जी ने विस्फोट में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिजनों को मुआवजे के चेक बांटने के बाद कहा, मैं आपके सामने सिर झुकाती हूं और इस घटना (16 मई को अवैध पटाखा कारखाने में विस्फोट) के लिए माफी मांगती हूं। उन्होंने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के एक-एक सदस्य को होमगार्ड के पद पर नियुक्ति का पत्र भी सौंपा। (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### बेंगलुरु जा रहा नेपाल एयरलाइंस का विमान काठमांडू लौटा

**काठमांडू।** बेंगलुरु जा रहे नेपाल एयरलाइंस के एक विमान से शनिवार को कथित तौर पर एक पक्षी टकरा गया, जिसके बाद विमान को यहां त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (टीआईए) पर लौटना पड़ा। पक्षी के टकराने से संभवतः विमान के दाहिने विंग के ब्लेड क्षतिग्रस्त हो गए थे। टीआईए के प्रवक्ता टेकनाथ सितौला के अनुसार, नेपाल एयरलाइंस का ए320 विमान त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित तरीके से उतर गया और तकनीशियन इसकी जांच कर रहे हैं। समाचार पोर्टल नेपाल न्यूज ने बताया कि विमान ने अपराह्न 1:45 बजे टीआईए से उड़ान भरी, लेकिन उसे 25 मिनट बाद उसी हवाई अड्डे पर वापस लौटना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि विमान के दाहिने विंग के ब्लेड क्षतिग्रस्त हो गए। हिमालयन टाइम्स अखबार ने टीआईए के सूत्रों के हवाले से बताया कि उड़ान आरए-225 के यात्रियों ने तेज आवाज सुनने की सूचना दी। सितौला ने कहा, उड़ान भरने के दौरान पक्षी के टकराने का संदेह होने पर विमान को काठमांडू की ओर मोड़ दिया गया।

### एनआईए ने झारखंड में भारी मात्रा में गोला बारूद जब्त

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड के एक वन क्षेत्र में नक्सलियों के एक ठिकाने से भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि गुमला जिले के कामडारा इलाके में स्थित एक घने वन से 7.62 एमएम की 1,245 कारतूस और 5.56 एमएम की 271 कारतूस जब्त की गई। उन्होंने बताया कि पिछले हफ्ते गिरफ्तार किए गए प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के स्वयंभू प्रमुख दिनेश गोप द्वारा इस बारे में खुलासा किए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। गोप को कुलदीप यादव और बडकू के नाम से भी जाना जाता है। अधिकारी ने बताया, जब्त गोला बारूद सिकसोहरा, नालंदा (बिहार) से करीब दो साल पहले लाया गया था। इसे पीएलएफआई सदस्यों को आतंकी एवं हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए मुहैया करने के वास्ते रखा गया था।

# आंधी-बारिश से 28 मौतें, पेड़ और खंभे उखड़े

## दिल्ली और उत्तर प्रदेश में खंभों व ट्रांसफार्मर में व्यवधान से बिजली आपूर्ति बाधित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूरे उत्तर** भारत में तीन दिन से बारिश और आंधी के कारण व्यापक नुकसान हुआ और 28 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली और उत्तर प्रदेश में शनिवार को तेज हवाओं के साथ हुई भारी बारिश से कई जगह पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए। वर्षा जनित घटनाओं में गाजियाबाद में दो और गोंडा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, राजस्थान और झारखंड में बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं में 25 से अधिक लोगों की जान चली गई है। अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली में शनिवार सुबह से ही घने बादल घिर आए और देखते-देखते तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। तेज हवा के साथ बारिश के कारण कई जगह पेड़ उखड़ गए और बिजली लाइन, खंभों और ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। इससे दिल्ली के फतेहपुर बेरी, सैनिक फार्म, छतरपुर, मुंडका, नजफगढ़, द्वारका, महिपालपुर, सूरज मल विहार, बलजीत नगर और दिलशाद गार्डन समेत कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति कई बार बाधित हो गई।



नई दिल्ली में आंधी-पानी के कारण गिरे पेड़ के पास से निकलतीं महिलाएं

### ● राजस्थान व झारखंड में बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं में भारी जनहानि

बीएसईएस के एक प्रवक्ता ने कहा कि बारिश के कारण बनी स्थिति से निपटने के लिए कर्मी हाई अलर्ट पर थे और त्वरित प्रतिक्रिया दलों (क्यूआरटी) को सेवा में लगाया गया। प्रवक्ता के मुताबिक, जल्द ही अधिकांश इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। आंचलिक मौसम केंद्र, लखनऊ की रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के जिलों बाराबंकी, उन्नाव, गोंडा, बहराइच, अंबेडकर नगर, अयोध्या, बस्ती, श्रावस्ती और सुल्तानपुर समेत कई जिलों में शनिवार दोपहर अचानक धूल भरी तेज आंधी चली और कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश भी हुई। आंधी-तूफान की वजह से कई जिलों में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए और बिजली के खंभे उखड़ गए। इसके अलावा, कुछ जगहों पर टिन की छतें भी उड़ गईं। इस कारण कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। गाजियाबाद में ओलों की बौछारें भी पड़ीं। गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में आंधी से बिजली का तार टूट गया, जिसकी चपेट में आने से दो दुकानदारों की मौत हो गई। गोंडा जिले में तेज आंधी में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

राजस्थान के पूर्वी भाग में कई स्थानों पर भारी वर्षा हुई है, जबकि पिछले 24 घंटों में राज्य के अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। आपदा राहत एवं प्रबंधन विभाग के मुताबिक, पिछले दो दिनों में राज्य में बारिश और तूफान से कुल 13 लोगों की मौत हुई है। टोंक में दस और अलवर, जयपुर और बीकानेर में एक-एक मौत दर्ज की गई। इसी प्रकार झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में पिछले दो दिनों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि धनबाद जिले के बरवाअड्डा इलाके में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई, वहीं शुक्रवार को जमशेदपुर के बहरागोरा और गुमला जिले के चिरोडीह में दो लोगों की मौत हो गई।

### अगले चार दिन तेज हवाएं व ओलों के साथ वर्षा

**मौसम** विभाग ने कहा है कि उत्तरी राजस्थान और समीप के पाकिस्तान वाले इलाके में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बन रहा है। इसके अलावा 29 मई को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इस कारण हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत पूरे उत्तर भारत में अगले चार-पांच दिन कहीं-कहीं ओलों और तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। बारिश के कारण तापमान में आठ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। इससे गर्मी से निजात मिल गई है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 28 मई , 2023



# गाजियाबाद के मेयर और सौ पार्षदों ने ली शपथ

## सर्वाधिक 2.87 लाख वोटों से जीतकर मेयर बनी हैं सुनीता दयाल, समारोह में केंद्रीय मंत्री वीके सिंह रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




गाजियाबाद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शनिवार शाम आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित मेयर सुनीता दयाल सहित 100 वार्ड पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दी।

मेरठ मंडल कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे ने मेयर को शपथ दिलाई। इसके बाद मेयर ने सभी पार्षदों को शपथ ग्रहण करवाई। इस समारोह में यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं गाजियाबाद सांसद जनरल वीके सिंह, भाजपा के वेस्ट यूपी अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल सहित सभी विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंच की सभी व्यवस्थाएं डीएम राकेश कुमार सिंह और नगरायुक्त नितिन गौड़ ने स्वयं सभांली। वे खुद इस कार्यक्रम को लेकर पिछले कई दिन से जुटे हुए थे।

गाजियाबाद की लोनी नगर पालिका में चेयरमैन-सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह में धार्मिक नारों को लेकर विवाद खड़ा हो गया। शपथ संपन्न होने के बाद एक पार्षद ने जय भीम.जय संविधान कहा तो बाकी ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे लगाए।

इस पर चेयरपर्सन रंजीता धामा बिगड़ गईं और मंच से इस पर आपत्ति जताई। चेयरपर्सन रंजीता धामा ने कहा. आज शपथ ग्रहण समारोह हो रहा है और उसमें अलग.अलग तरह के नारे लग रहे हैं। आप शपथ लेने के लिए आए हैं इसलिए किसी की भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का हक किसी को नहीं बनता है। सब यहां पर समान हैं। अलग.अलग धर्म के मानने वाले लोग यहां पर हैं। इसका मतलब ये नहीं है कि यहां पर अलग.अलग धर्मों के नारे लगेंगे। रंजीता धामा ने आगे कहा मैं अधिकारियों से भी कहना चाहती हूं कि पिछली बार 5 वर्ष का समय मैंने प्यार से निकाला है। लेकिन इस बार अगर इस तरह का रवैया चला तो मुझे कागजी कार्रवाई भी करनी पड़ी तो मैं उसके लिए भी तैयार हूं। काम को काम की तरह करिये।

जनता ने तुम्हें सेवा करने का मौका दिया है, उस कार्य को करिये। फालतू की बकवास करने की जरूरत नहीं है यहां पर। लोनी नगर पालिका परिसर में आयोजित समारोह में शाल्वी अग्रवाल ने चेयरपर्सन रंजीता धामा और 55 सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## गीता पंडित दादरी नगरपालिका अध्यक्ष की संभालेंगी जिम्मेदारी

**नोएडा।** दादरी में लगातार तीसरी बार जीतकर गीता पंडित ने शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष पद की शपथ ली। इस दौरान उनके साथ सभी नवनिर्वाचित 25 सभासदों ने शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ग्रहण की। दादरी के रेलवे रोड स्थित वृंदा गार्डन में उपजिलाधिकारी आलोक कुमार गुप्ता ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दादरी के रेलवे रोड स्थित वृंदा गार्डन में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान दादरी में गीता पंडित ने तीसरी बार नगरपालिका अध्यक्ष और 25 सभासदों ने शपथ ली। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह, वर्तमान सांसद, डॉ महेश शर्मा, भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया मौजूद रहे। दादरी के उपजिलाधिकारी आलोक कुमार गुप्ता ने सभी को शपथ दिलाई। जिसमें सभी वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि जो कार्य पिछले दो कार्यकाल में नहीं हुए, उन्हें इस बार पूरा किया जायेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गीता पंडित ने कहा कि दादरी का विकास करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। पिछले कार्यकाल में जो कार्य पूरा नहीं हो पाए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। जो लाभ दादरी की जनता को नहीं मिल पाया है। वह लाभ दादरी की जनता को दिलाया जाएगा। दादरी में जलनिकासी और पानी की टंकी का मुद्दा काफी अहम है।

## तैराकी व शूटिंग स्पर्धाओं में प्रतियोगियों को मिले 42 पदक

- विकास सबसे तेज पुरुष तैराक बने

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 तैराकी और निशानेबाजी प्रतियोगिताओं के बीच कुल 42 पदक जीते गए। जहां एसवीएसपी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली तैराकी प्रतियोगिता में 10 स्पर्धाओं में कुल 30 पदक जीते गए

वहीं दिल्ली में डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित होने वाली शूटिंग प्रतियोगिताओं में पुरुषों और महिलाओं के बीच 12 पदक जीते गए। दूसरी ओर, कबड्डी की प्रतिस्पर्धा आज समाप्त हो जाएगी। आज एसवीएसपी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गौतमबुद्धनगर में पुरुषों और महिलाओं दोनों एक रोमांचक फाइनल मुकाबले हैं, जबकि बास्केटबॉल के सेमीफाइनल और फाइनल आज जीबी विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में होंगे।

शहीद विजय सिंह पथिक एसवीएसपी इंडोर स्टेडियम में हुई तैराकी प्रतियोगिता में तमिलनाडु के एसआरएम विश्वविद्यालय के विकास प्रभाकर खेलों के सबसे तेज पुरुष तैराक बने और जैन विश्वविद्यालय, कर्नाटक के शिव श्रीधर पहले दोहरे स्वर्ण पदक विजेता बने।

वहीं आरकेजीआईटी संस्थान में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यंमत्री डॉ वीके सिंह शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य विषय पंच प्रण एवं इंडिया-2047 के अंतर्गत गाजियाबाद के युवा कलाकारों के लिए पेंटिग, युवा कविता पाठ एवं मोबाइल फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## 110 करोड़ में बिका जीटा वन का एक भूखंड

- 23600 वर्ग मीटर की जमीन पर 1100 फ्लैट बनेंगे, ग्रेनो के लोगों को मिलेगा घर

पायनियर समचार सेवा। नोएडा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर जीटा वन का एक 23600 वर्ग मीटर का एक भूखंड 110 करोड़ रुपये में बिका है। ऑनलाइन ऑक्शन के जरिए एकमुश्त भुगतान के जरिए इसका आवंटन हुआ है। इस भूखंड पर लगभग 1100 नए फ्लैटों के बनने का आकलन है। इससे ग्रेटर नोएडा में आशियाना चाहने वाले खरीदारों का सपना भी पूरा हो सकेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी की पहल पर फरवरी में बिल्डर भूखंडों की योजना निकाली गई थी।

यह योजना अप्रैल में समाप्त हो गई थी। शुक्रवार को सेक्टर जीटा वन स्थित भूखंड संख्या जीएच .128 की बिड खुली। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि 23600 वर्ग मीटर एरिया वाले इस भूखंड की रिजर्व प्राइस के आधार पर 108.56 करोड़ रुपये कीमत तय की, लेकिन लगभग 110 करोड़ रुपये की बिड लगी। प्रासु इंफ्रा लिमिटेड ने इसे खरीदा है। प्राधिकरण की तरफ से आवंटी को आवंटन पत्र शीघ्र जारी हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस भूखंड के आवंटन से प्राधिकरण को 90 दिन में करीब 110 करोड़ रुपये प्राप्त हो जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा कि ऑक्शन के जरिए आवंटन होने से रिजर्व प्राइस से अधिक कीमत प्राप्त हो रही है। एकमुश्त भुगतान हो जाने से भविष्य में किसी तरह की अड़चन भी नहीं आएगी।

प्रोजेक्ट आसानी से पूरे हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि एनसीआर का सबसे ग्रीन शहर ग्रेटर नोएडा, हर तरह के निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। इंडस्ट्री होए डाटा सेंटर हो या फिर रिहायशी प्रोजेक्ट, यहां की हर तरह की संपत्ति में लोग निवेश करना चाहते हैं।

## शिव नादर यूनिवर्सिटी हत्याकांड मामले में तीन लोग गिरफ्तार

- अनुज ने 35 हजार में खरीदी थी पिस्टल

पायनियर समचार सेवा। नोएडा



शिव नादर यूनिवर्सिटी में एक छात्र अनुज सिंह ने की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस न हथियार मुहैया करने वाले तीन लोगों के गिरफ्तार किया है।

ये पिस्टल अनुज के दोस्त नवीन कुमार भाटी उसे 35 हजार रुपए में दी थी। नवीन के साथ दो और लोग भी गिरफ्तार किए गए जिनकी पहचान दिव्यांश अवस्थी और शेखर कौशल हुई है। पिस्टल दिव्यांश अवस्थी के कहने पर ही शेखर कौशल ने नवीन को दी थी। पूछताछ में नवीन ने बताया कि शिव नादर में पढ़ने वाला अनुज कुमार मेरा जानने वाला था। उसने अप्रैल के महीने में मुझसे पिस्टल की मांग की थी। मैने उसे पिस्टल देने का वादा किया था। नवीन दिव्यांश अवस्थी के यहां कार चलाने का काम करता था।

उसने दिव्यांश से अनुज के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि मेरे फ्लैट पर मेरे दोस्त शेखर कौशल की पिस्टल रखी हुई है। मै बात करके पिस्टल दिलवा दूंगा।

पुलिस ने बताया कि कुछ समय बाद दिव्यांश अवस्थी ने नवीन को फोन कर कहा कि शेखर कौशल से बात कर लो वो पिस्टल दे देगा। पिस्टल का सौदा 35000 रुपए में तय किया गया। ये बात नवीन ने अनुज को बताई तो उसने सौदा मंजूर कर लिया। अनुज ने पहल किस्त में 25 हजार रुपए 13 हजार व 12 हजार रुपए पेटीएम के जरिए और 10 हजार रुपए कैश दिए। नवीन ने पैसे आने की जानकारी दिव्यांश को दी।

दिव्यांश अवस्थी के कहने पर नवीन सुपरटेक सिजार वाले फ्लैट पर गया। वहां उसकी मुलाकात शेखर कौशल से हुई। शेखर से उसे पिस्टल दी और पांच कारतूस भी दिए। ये सारा सामान नवीन ने अनुज को दे दिया। हालांकि नवीन ने बताया कि उसे नहीं मालूम था कि अनुज इस पिस्टल का क्या करने वाला है।

अनुज ने पिस्टल लेने से पहले बताया कि वह शौकिया पिस्टल रखना चाहता हूं। कॉलेज में लड़कों को दिखा सकूं। नवीन ने बताया कि जो भी पैसा आया था। उसमे से 5 हजार मैने और 15.15 हजार रुपए दिव्यांश और शेखर ने रख लिए। फिलहाल पुलिस ने तीनों को बील अकबरपुर गांव के पास पैरिफेरल कट के पास से गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से एक तमंचा-315 बोर का बरामद किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार




यातयात नियमों को उल्लघंन करने वाला का काटा गया चालान।

### एम्बुलेंसकर्मियों ने मनाया पायलट-डे

गाजियाबाद। एम्बुलेंस कर्मचारियों ने नेशनल पायलट दिवस मनाया। जिला संयुक्त अस्पताल में एम्बुलेंसकर्मियों ने केक काटकर इस दिवस को सेलीब्रेट किया। जिले में एम्बुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने बताया कि एम्बुलेंस सेवा के सभी पायलट विषम परिस्थितियों में मौके पर पहुंचते हैं। चाहे कोरोना काल हो, कोई बड़ी आपदा हो, रोज होने वाले हादसे हों या फिर बीमार मरीजों को अस्पताल पहुंचना, एम्बुलेंसकर्मी कभी अपनी सेवा से पीछे नहीं हटते। इस अवसर पर सभी एम्बुलेंस पायलट को जनता की सेवा में तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई।

### शादी का झांसा देकर युवती से दस साल तक दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला से शादी का झांसा देकर एक युवक दस साल तक दुष्कर्म करता रहा। शादी की जिद करने पर युवक ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला का आरोप है कि कॉलोनी के रहने वाले युवक अजय से मेरी मुलाकात दस साल पहले हुई थी। अजय ने मेरे साथ शादी करने का वादा किया। इसके बाद वह मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। शादी की बात करने पर वह हर बार आनाकानी करता रहा। महिला का आरोप है कि पिछले दिनों उसने एक अन्य युवती से शादी कर ली।

### मोदीनगर में महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर लूट

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के फफराना मार्ग स्थित मार्केट में सब्जी खरीदने आई महिला को बदमाशों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर नकदी व जेवरात लूट लिया। बेहोशी की हालात में महिला एक घंटे तक सड़क पर पड़ी रही। महिला के परिजनों ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। नगर की दयापुरी कॉलोनी निवासी सुनील शर्मा अपनी पत्नी पुष्पा व अन्य परिजनों के साथ रहते हैं। रात को 8 बजे के आसपास उनकी पत्नी फफराना मार्ग स्थित मार्केट में सब्जी खरीदने के लिए आई थी। जब महिला एक दुकान से सब्जी खरीदने के लिए आई थी तो इसी बीच वहां पर बाइक सवार दो युवक आए। आरोप है कि युवकों ने महिला को नशीला पदार्थ सुंघा दिया। इस कारण महिला बेहोश होकर नीचे गिर गई। होश आने पर महिला ने बताया कि बदमाश तीन सोने की अगूंठी, कुंडल व गोल्ड की चेन व नकदी लूटकर ले गए। महिला अभी तक भी बदहवास की स्थिति में है।

### आधुनिक भारत के निर्माता थे नेहरू: रामकुमार तंवर

**नोएडा।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व पंडित जवाहरलाल नेहरु की 59वीं पुण्यतिथि के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर की अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरु ने इस देश की नींव सर्वधर्म समभाव के आधार पर आधुनिक भारत के निर्माण के लिए रखी थी। जिसका स्वरूप आज देश के सामने हैं। उपाध्यक्ष फिरे सिंह नागर ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरु निर्भीक, निडर, धर्मनिरपेक्ष व गुटनिरपेक्ष विचार को आगे बढ़ाने वाले नेता एवं देश की बुनियाद को जाति और धर्म विहीन रखने वाले नेता थे।

## 11 स्पा सेंटर मालिकों पर 20-20 हजार का इनाम

- मामले में पुलिस ने पकड़े थे 99 युवक-युवती

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



स्पा सेंटर में पकड़े गए आरोपी।

गाजियाबाद पुलिस ने पैसेफिक मॉल में सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में 11 स्पा सेंटर मालिकों पर 20.20 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया है। तीन दिन पहले पुलिस ने इन सेंटरों पर छापा मारकर 99 युवक-युवतियों को पकड़ा था।

7 स्पा सेंटर मैनेजर भी गिरफ्तार हुए थे, लेकिन इनके मालिक भाग गए थे। अब दबिश देने के बावजूद ये हाथ नहीं आ रहे हैं। इसलिए पुलिस ने इन पर शुक्रवार को इनाम घोषित कर दिया है। स्वास्तिका थैरेपी सेंटर के मालिक दीपक, दा हैवन थैरेपी सेंटर के विशाल उर्फ कपिल, अरोमा थैरेपी सेंटर के दीपक और मोहन, अरमान थैरेपी सेंटर के पिंटू गिरि, रॉयल स्पा सेंटर के गौरव वर्मा, रॉयल स्पा सेंटर के मालिक गौरव वर्मा, इसी नाम के दूसरे स्पा सेंटर के मैनेजर आशीष कुमार और इसी नाम के तीसरे स्पा सेंटर के मालिक शाहिद व द रुद्रा थैरेपी सेंटर के मालिक राहुल पर 20-20 हजार रुपए का इनाम ट्रांस हिंडन विवेक चंद्र यादव ने घोषित किया है।

विवेक चंद्र यादव ने बुधवार को यूपी.दिल्ली बॉर्डर पर स्थित पैसेफिक मॉल में 8 स्पा सेंटरों पर छापेमारी की थी। यहां से 99 युवक-युवती पकड़े गए थे। बाद में 7 स्पा सेंटर मैनेजरों की गिरफ्तारी हुई थी। युवतियों को विक्टिम बनाकर छोड़ दिया था, जबकि युवकों पर_ दर्ज करके उन्हें जमानत पर रिहा किया गया था।

पुलिस को इन स्पा सेंटरों से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई थी। यहां स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था। इस मामले में महाराजपुर पुलिस चौकी प्रभारी सस्पेंड हो चुके हैं।

## खूनी संघर्ष में घायल बुजुर्ग की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव सुहाना में खेत में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में घायल हुए सलाउद्दीन की सुबह मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाकर निवाड़ी थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया।

परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों के साथ मिलकर समझौता कराने का दबाव बना रही है। एसीपी मोदीनगर ने आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। गांव सुहाना निवासी सलाउद्दीन 70 वर्ष गत 21 मई को खेत में पानी भरने के लिए गए थे। पहले उनकी पड़ोसी खेत वालों से विवाद हो गया।

दंबगों ने फावड़ा मारकर सलाउद्दीन व उनके पुत्र बिलाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में बिलाल ने फरियाद, अरमान, सुहेल व नबी करीम निवासी गांव सुहाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर सलाउद्दीन को गंभीर हालात में मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार सुबह मेरठ के अस्पताल में सलाउद्दीन की मौत हो गई। सलाउद्दीन की मौत के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया।

## गाजियाबाद में करंट से दो दुकानदारों की मौत

पायनियर समाचा सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में शनिवार को करंट से दो दुकानदारों की मौत हो गई। दरअसल दुकानदार सब्जी उतार रहा था और काउंटर पर बिजली का तार पड़ा था। एक दुकानदार करंट की चपेट में आया तो दूसरा उसे बचाने को दौड़ा। फिर दोनों को करंट के झटके लगे और उनकी मौत हो गई।

ये हादसा इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के शक्ति खंड.एक स्थित जीडीए मार्केट के पास हुआ। यहां पर 22 साल के नकुल की सब्जी की दुकान है।

बराबर में ही 45 साल के सुदेश की परचून की दुकान है। शुक्रवार रात और शनिवार सुबह आई बारिश से दोनों की दुकानों के बाहर जलभराव हो गया था। वहीं बिजली का तार टूटकर नकुल की दुकान के काउंटर पर जा गिरा था। यह बात नकुल को पता नहीं थी। शनिवार सुबह वो दुकान पर पहुंचे और वाहन से सब्जी उतारकर काउंटर पर रखने लगे। इसी दौरान करंट ने नकुल को चपेट में ले लिया। ये देख सुरेश दौड़कर आए और नकुल को बचाने का प्रयास किया। दोनों को तेज करंट के झटके लगे और वे बेहोश होकर वहीं गिर पड़े।

आसपास के लोगों ने काउंटर के ऊपर पड़ा तार जैसे-तैसे हटाया और फिर दोनों झुलसे दुकानदारों को नजदीक के अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।




दिल्ली और नोएडा को जोड़ने वाली सीमा चिल्ला रोड पर मुस्तैद नोएडा पुलिस।

## नोएडा के हार्ट में होटल और मॉल बनाने का मौका

- प्राधिकरण लांच करेगा 10.60 हजार वर्गमीटर प्लाट स्कीम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा प्राधिकरण जून-जुलाई में हार्ट सेक्टर-25ए और 32 में स्कीम लांच करने जा रहा है। इसके लिए करीब 4.54 लाख वर्गमीटर जमीन को प्लॉट में बांट दिया है। प्लानिंग सेक्शन की तरफ से इसकी फाइल सर्किल को भेजी गई है। वहां इस जमीन पर रोड कंस्ट्रक्शन और बाकी बुनियादी सुविधाओं का खाका खींचा जाएगा। ये जमीन वेव ग्रुप के पास थी, जिसे उसने पॉलिसी के तहत वापस किया और कुछ जमीन प्राधिकरण के कब्जे में है क्योंकि वेव ने जमीन की किस्तें जमा नहीं की हैं। प्राधिकरण इस जमीन पर मिक्स लैंड की तरह यूज करेगा। यहां होटल, रेस्तरां, मॉल, वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स और आवासीय निर्माण हो सकेंगे।

आवास में सर्विस और स्टूडियो अपार्टमेंट को शामिल किया जाएगा। इस जमीन को प्लाट और डेवलप करने में प्राधिकरण के लिए एक चुनौती भी है। क्योंकि जब तक ये जमीन वेव के पास थी उसने पूरी जमीन से कई फिट मिट्टी निकाली। जिसके बाद यहां काफी गहरे गढ्ढे हो गए हैं। इस गढ्ढों में ही उद्यानिक कूड़ा डंप किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि यहां सड़क निर्माण के लिए काफी मुश्किल होगी। जिसमें समय के साथ बजट भी अधिक लगेगा। इस बार की योजना में 10 हजार वर्गमीटर तक के प्लॉट उपलब्ध होंगे। वहीं अधिकतम 60 हजार वर्गमीटर के प्लॉट हैं।

हालांकि आवासीय निर्माण के लिए 40 हजार वर्गमीटर से ऊपर के प्लॉट स्कीम में बिल्डरों को आवेदन करना होगा। प्लाट का आवंटन नीलामी से किया जाएगा या ड्रा के जरिए इसे अभी तय किया जाएगा। इसके अलावा कई सीवर, पानी के लाइन की व्यवस्था भी की जानी है। दरअसल, रियल एस्टेट की फर्म वेव समूह ने 2011 में 6.18 लाख वर्गमीटर जमीन लगभग 1.07 लाख रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से 6622 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## गौतम बुद्ध नगर में महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अपर पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा प्रीति यादव के नेतृत्व में थाना बिसरख क्षेत्रान्तर्गत मातृ.पीठ संस्था, एजीएस कंपनी एवं जीम्स कॉलेज जगन्नाथ इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस के संयुक्त प्रयास से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के जीम्स कॉलेज में महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जागरूकता से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों के दौरान आत्मरक्षा करने की जानकारी प्रदान करना तथा साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। एडीसीपी महिला सुरक्षा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को संबोधित करते कहा कि यदि आप किसी भी स्थान पर स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है तो तुरंत आपको पुलिस की मदद लेनी चाहिये। आप की मदद के लिये अलग से हेल्पलाइन नंबर बने हुए हैं, आप तुरंत वुमेन पावर लाइन.1090, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 या पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल-112 पर सूचना दें।

सभी छात्राओं को अपने आसपास के वातावरण की जागरूकता रखनी चाहिए और सतर्क रहना चाहिए। सोशल मीडिया का सही उपयोग करना सीखना चाहिए और ॣअपनी निजी जानकारी साझा करने से बचना चाहिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# नए संसद भवन के उद्घाटन पर सीमाओं पर कड़ी चौकसी

## नई दिल्ली इलाके में इमरजेंसी सेवाओं से जुड़े वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों के प्रवेश पर रहेगी पाबंदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




नए संसद भवन के उद्घाटन पर विपक्षी दलों के विरोध के चलते दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। उद्घाटन समारोह में कई जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। इसके मद्देनजर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

रविवार सुबह साढ़े पांच बजे से दोपहर तीन बजे तक दिल्ली की सभी सीमाओं पर सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी। साथ ही नई दिल्ली इलाके में इमरजेंसी सेवाओं से जुड़े वाहनों को छोड़कर किसी भी वाहन के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। पुलिस ने पहले ही एक यातायात परामर्श जारी करके कहा है कि नई दिल्ली जिले को इस अवधि के लिए नियंत्रित क्षेत्र माना जाएगा और वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। नया संसद भवन उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में स्थित है। पुलिस ने कहा कि अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के अलावा सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। करीब 20 विपक्षी दलों ने उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने का ऐलान किया है, जबकि प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने रविवार को नए संसद भवन के सामने एक विरोध सभा आयोजित करने की धमकी दी है।

हालांकि, एक अधिकारी ने कहा कि पहलवानों की ओर से घोषित महिला महापंचायत के लिए अनुमति नहीं दी गई है। पहलवान संसद परिसर से तीन किलोमीटर दूर स्थित जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि संसद भवन के पास पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, लेकिन उन्होंने इसका ब्योरा नहीं दिया। मध्य दिल्ली में पुलिस पिकेट स्थापित किए जा रहे हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह की शुरुआत रविवार सुबह हवन और सर्व धर्म प्रार्थना से होगी और इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। यातायात परामर्श के अनुसार, केवल सार्वजनिक परिवहन के वाहनों, सिविल सेवा के अभ्यर्थियों, लेबल वाले वाहनों और आपातकालीन वाहनों को नई दिल्ली क्षेत्र में जाने की अनुमति होगी। यातायात पुलिस ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे सुबह साढ़े पांच बजे से दोपहर तीन बजे तक नई दिल्ली जिला जाने से बचें। सभी पड़ोसी राज्यों से वाहनों को दिल्ली की सीमाओं से पहले ही रोकने को कहा है, ताकि जाम जैसी समस्या न हो। इसके अलावा, सोशल मीडिया के जरिये लोगों से सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की जाएगी।

**प्रतिबंधित क्षेत्र**

मदर टेरेसा सेरेसेंट रोड गोलचक्कर, तालकटोरा, बाबा खड़क सिंह मार्ग, गोल डाक खाना, अशोक रोड, पटेल चौक, अशोक रोड, विंडसर प्लेस, जनपथ, एमएलएनपी से घिरा क्षेत्र, अकबर रोड, गोल मेथी, अकबर रोड, जीकेपी, तीन मूर्ति मार्ग, तीन मूर्ति और मदर टेरेसा सेरेसेंट रोड को विनियमित क्षेत्र माना जाएगा। केवल सिविल सेवा के उम्मीदवारों, वास्तविक निवासियों, लेबल वाले वाहनों और आपातकालीन वाहनों को इस क्षेत्र के भीतर आने-जाने की अनुमति होगी।

### लोग ट्रैफिक के बारे में अपडेट लेते रहें

आम जनता और मोटर चालकों को सलाह दी जाती है कि वे धैर्य रखें। यातायात नियमों और सड़क अनुशासन का पालन करें। सभी चौराहों पर तैनात यातायात कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। साथ ही यातायात पुलिस के फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल, वेबसाइट और हेल्पलाइन के माध्यम से अपडेट रहें। वहीं सिविल सेवा के उम्मीदवार, जिनके परीक्षा केंद्र नई दिल्ली जिले में स्थित हैं, से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना थोड़ी जल्दी बना लें और असुविधा से बचने के लिए पर्याप्त समय लेकर परीक्षा केंद्र पर पहुंचे।

# अध्यादेश के खिलाफ समर्थन जुटाने के लिए केसीआर से मिले मुख्यमंत्री केजरीवाल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- जेडीयू, आरजेडी, टीएमसी, शिवसेना और एनसीपी के बाद बीआरएस ने भी समर्थन करने का किया ऐलान

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शनिवार को दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र द्वारा जारी अध्यादेश को तत्काल वापस लेने की मांग की।

राव ने केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार से कहा, वह प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि अध्यादेश वापस लें नहीं, तो सभी केजरीवाल का समर्थन करेंगे। विपक्ष उनके साथ खड़े रहेंगे। वह अध्यादेश को नाकाम करने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। अनावश्यक रूप से इसे मुद्दा न बनाएं। राज्य सरकार को काम करने दीजिए।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण के मुद्दे पर राव से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने राव से केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ लड़ाई में उनका समर्थन मांगा।

केसीआर के नाम से चर्चित राव ने केजरीवाल और मान के साथ संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह मांग की। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने अध्यादेश लाकर दिल्ली की जनता का अपमान किया है। वह बिना किसी संदेह के कह सकता हैं कि यह दिल्ली के लोगों का अपमान है। केंद्र ने हाल में दिल्ली में ग्रुप-ए के अधिकारियों के तबादले और तैनाती को लेकर एक प्राधिकरण बनाने के लिए एक अध्यादेश जारी किया, जिसे आप नीत सरकार ने सेवाओं के नियंत्रण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के साथ धोखा बताया था।

राव ने मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राज्य सरकारों को परेशान करने का आरोप लगाया।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जब आपातकाल लगाया गया था और अब की स्थिति में कोई अंतर नहीं है। इससे पहले, जेडीयू, आरजेडी, टीएमसी, शिवसेना और एनसीपी भी अध्यादेश के खिलाफ समर्थन देने का ऐलान चुकी हैं।

# युवक की चाकू से हमलाकर हत्या, शरीर पर मिले 21 घाव



मृतक की फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अंशु ने मारने से पहले दिया बयान, पांच लड़कों ने किया हमला

पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी इलाके में शनिवार सुबह रंजिश को लेकर चार से पांच लड़कों के समूह ने एक युवक पर चाकू से हमलाकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान अंशु उर्फ बंदा के रूप में हुई है। घटना शनिवार सुबह 5.11 मिनट की है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह पर सूचना मिली कि त्रिलोकपुरी निवासी अंशु उर्फ बंदा नामक एक युवक पर चाकू से हमला किया गया है जिसके बाद पीसीआर वैन से उसे एलबीएस अस्पताल ले गई। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने एम्स रेफर दिया था। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अमृता गुगुलोथ ने बताया युवक के शरीर पर चाकू से हमले के 21 घाव मिले जिसके बाद उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मरने से पहले अंशु ने खुलासा किया था कि चार से पांच लड़कों ने उस पर हमला किया था। शुरुआती जांच से पता चलता है कि हमलावरों और अंशु के बीच पुरानी रंजिश थी। हालांकि, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही हमले के सही कारणों का पता चलेगा। मृतक के पिता राजन का आरोप है कि खिचड़ीपुर गांव में रहने वाले बृजपाल ने उनके बेटे की हत्या कार्रवाई है। पहले भी उन्होंने भतीजेरोहित पर हमला करवाया था और हत्या की धमकी भी दी थी। इस मामलेकी शिकायत उन्होंने पुलिस से भी की थी। शिकायत के बावजूद पुलिस मुख्य आरोपी बृजपाल के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ित परिवार का कहना है कि जब तक पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी।

# जलभराव की शिकायतों पर आतिशी पहुंचीं कंट्रोल रूम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिन निकलते ही शनिवार को कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। चंद घंटों की बरसात के बाद ही सड़कें जलमग्न हो गई, जिसकी वजह से लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान शहर में जलजमाव का जायजा लेने के लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने पीडब्ल्यूडी के सेंट्रलाइज्ड मानसून कण्ट्रोल रूम का निरीक्षण करने पहुंच गई। उन्होंने जलजमाव की आई सभी शिकायतों को स्वयं मॉनिटर किया। साथ ही उनका क्रास चेक भी किया। इन शिकायतों का विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई करने पर मंत्री ने अधिकारीयों की सराहना भी की।

इस मौके पर आतिशी ने कहा कि सरकार मानसून के दौरान जलजमाव की समस्याओं को दूर करने के लिए हर जरुरी कदम उठा रही है। उस दिशा में कंट्रोल रूम मानसून में जलजमाव की समस्या को दूर करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक कण्ट्रोल रूम के जरिए विभाग को जलजमाव वाले स्थानों को पहचान कर वहां तुरंत एक्शन लेने में मदद मिल रही है। अधिकारीयों ने मंत्री को बताया कि, ये कण्ट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से शहर के गंभीर जलजमाव वाले क्षेत्रों पर चौबीस घंटे नजर रखी जाती है।

साथ व्हाट्सप और टोल फ्री नंबर जारी किया है जिसके माध्यम से लोग जल जमाव की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। कण्ट्रोल रूम में जब लोग फोन कॉल या व्हाट्सप के माध्यम से जलजमाव की शिकायत करते है तो कण्ट्रोल रूम ऑपरेटर सबसे पहले शिकायत को ऑनलाइन माध्यम से दर्ज करते हैं।

# चार साल के एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- डीयू अकादमिक परिषद ने बीए राजनीति शास्त्र के कोर्स से एक अध्याय को हटाने सहित कई परिवर्तनों को भी स्वीकृति

दिल्ली विश्वविद्यालय कादमिक परिषद ने चार साल के एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को लागू करने की मंजूरी दी है। इसके अलावा कुछ विवादास्पद प्रस्तावों सहित कई प्रस्तावों को अपनी सहमती दी है।

इस मामले के जानकार अधिकारियों ने बताया कि परिषद ने बीए राजनीति शास्त्र पाठ्यक्रम से मुहम्मद इकबाल पर एक अध्याय को हटाने सहित पाठ्यक्रम में कई परिवर्तनों को भी स्वीकृति दी है। बैठक शुक्रवार देर रात डेढ़ बजे तक चली। अकादमिक परिषद ने प्राथमिक शिक्षा स्नातक (बी.एल.एड) कार्यक्रम की जगह चार साल के एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) को लागू करने के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी। अकादमिक परिषद (एसी) के छह सदस्यों ने प्रस्ताव के खिलाफ असहमति जताते हुए कहा कि इस संबंध में शिक्षकों से कोई परामर्श नहीं किया गया।

एसी की निर्वाचित सदस्य माया जॉन ने मीडिया से बातचीत में बताया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सदस्यों की असहमति के बावजूद आईटीईपी को पारित किया गया। हम हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। माया जॉन उन सदस्यों के समूह का हिस्सा थीं, जिन्होंने प्रस्ताव को लेकर असहमति जताई थी। बीएलएड की जगह आईटीईपी को लागू किया जाएगा। बीएलएड कार्यक्रम को 1994 में शुरू किया गया था। दिल्ली विश्वविद्यालय एकमात्र विवि था जिसका अपना एकीकृत चार वर्षीय कार्यक्रम है।

अपने असहमति पत्र में सदस्यों ने तर्क दिया कि आईटीईपी पर एनसीटीई की अधिसूचना को सीधे अकादमिक परिषद में लाकर पाठ्यक्रम समिति और शिक्षा संकाय को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया है। ऐसी सदस्यों के एक वर्ग ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि व्याख्यान, ट्यूटोरियल और प्रैक्टिकल की कक्षाओं में छात्रों की संख्या बढ़ाने से अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया पर नकारात्मक असर पड़ेगा। विभिन्न पाठ्यक्रमों के कई सेमेस्टर के पाठ्यक्रम परिषद में प्रस्तुत किए गए और अनुमोदित किए गए।

# प्रीमियम बस सेवा के मसौदा योजना की अधिसूचना जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पक्षकारों से सुझाव व आपत्तियां मांगी गई

दिल्ली सरकार ने प्रीमियम बस सेवा के लिए एक योजना के मसौदे की अधिसूचना शनिवार को जारी की। सरकार को उम्मीद है कि यह योजना मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग के लोगों को सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करेगी।

वातानुकूलित बसों में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन जैसे सुरक्षा उपाय होंगे तथा इसमें सीट एक ऐप के जरिए ऑनलाइन बुक की जा सकती है। इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर प्रीमियम बस सेवा शुरू करने संबंधी योजना को मंजूरी के लिए उपराज्यपाल वी के सक्सेना के पास भेजा गया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया था कि उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद इस योजना को सुझाव के लिए जनता से साझा किया जाएगा। सरकार ने बताया कि मसौदे की अधिसूचना सार्वजनिक रूप से जारी कर दी गई है और इसमें पक्षकारों से सुझाव तथा आपत्तियां मांगी गई है।

# केजरीवाल सरकार से उठा अफसरों का विश्वास : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- आईएएस अधिकारी डॉ. किन्नी सिंह ने की सुरक्षा की मांग, अफसरों को गुलाम बनाना चाहती है सरकार : बिधूड़ी

प्रदेश भाजपा नेताओं का कहना है कि नौकरशाहों का विश्वास केजरीवाल सरकार से उठ गया है। अफसरों में आतंक का माहौल बना दिया था और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को न केवल धमकाया और दुर्व्यवहार किया बल्कि अपने कमरे में बंधक बनाकर भी रखा।

उनकी इस हरकत के बाद एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. किन्नी सिंह ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि इस तरह के माहौल में नौकरशाह सरकार के साथ काम करने को तैयार नहीं है। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि विशेष सचिव-2 डॉ. किन्नी सिंह ने मुख्य सचिव को जो पत्र लिखा है, उससे पता चलता है कि सत्ता के मद में डूबी सरकार अफसरों पर किस तरह का दबाव बना रही थी। डॉ. सिंह ने अपने पत्र में लिखा है कि 16 मई को दोपहर करीब डेढ़ बजे मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उन्हें अपने कमरे में बुलाया और बड़ी ही अभद्र भाषा में बात की।

सर्विसेज विभाग के सचिव आशीष मोरे पहले से वहां मौजूद थे। मंत्री इस बात से खफा थे कि सिविल सर्विसेज बोर्ड के नोटिफिकेशन की कॉपी उन्हें नहीं मिल रही थी। उन्हें बताया गया कि वह कॉपी स्पेशल सचिव (विजिलेंस) वाई. राजशेखर के पास है। इस पर वह बिफर गए कि केवल एक ही कॉपी क्यों है। उसके बाद मंत्री ने डॉ. सिंह को यही बात लिखकर देने को कही और फिर सिंह और अमिताभ जोशी से साइन करने के लिए कहा। इसके बाद आशीष मोरे को भी साइन करने के लिए कहा तो उन्होंने साइन करने से इनकार कर दिया। इस पर सौरभ भारद्वाज आपे से बाहर हो गए। इसके बाद मंत्री ने कैरियर बर्बाद करने और जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी।

### 2000 का नोट नहीं लिया, पुलिस में शिकायत

**नई दिल्ली।** राजधानी के साउथ एक्सटेंशन पार्ट-वन स्थित एक पेट्रोल पंप के कर्मचारी के 2000 रुपए का नोट लेने से इनकार करने पर उसके खिलाफ एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दी है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिकायकर्ता ने बताया कि वह स्कूटर में पेट्रोल भरवाने के लिए साउथ एक्सटेंशन पार्ट-वन स्थित एक पेट्रोल पंप पर गया और 400 रुपए का पेट्रोल भरवाने के बाद पेट्रोल पंप के कर्मचारी को 2000 रुपए का नोट दिया, लेकिन उसने नोट लेने से इनकार कर दिया। इस मामले की जांच की जा रही है। रिजर्व बैंक ने 19 मई को 2000 रुपए के नोट को चलन से वापस लेने का ऐलान किया था।

# यौन उत्पीड़न के आरोप में सरकारी स्कूल के शिक्षक पर मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पीड़िता का आरोप, पीठ और कंधे को गलत तरीके से छुआ

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके में सरकारी स्कूल के एक शिक्षक ने नाबालिग लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया।

लड़की ने माता-पिता के साथ द्वारका दक्षिण पुलिस थाने जाकर बृहस्पतिवार को शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीएस) की धारा 354-ए (यौन उत्पीड़न) और यौन अपराधों से बाल संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) एम. हर्षवर्धन ने बताया कि लड़की ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया कि वह द्वारका के एक सरकारी स्कूल की छात्रा है। उसका आरोप लगाया है कि उसके स्कूल के एक शिक्षक ने उसकी पीठ और कंधे को गलत तरीके से छुआ।

गत शुक्रवार को इसी तरह की घटना की एक अन्य शिकायत आरोपी के खिलाफ प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



चर्च की मरम्मत कार्य का जायजा लेते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

### एलजी ने सेंट जेम्स चर्च का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शुक्रवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा कश्मीरी गेट इलाके में 187 साल पुराने सेंट जेम्स चर्च में किए जा रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया और इस धरोहर इमारत के मूल रूप को बहाल रखने का निर्देश दिया।

सेंट जेम्स चर्च में मरम्मत कार्य लगभग छह महीने पहले शुरू किया गया था और इसके 30 जून तक पूरा होने की संभावना है। यह गिरजाघर स्किनर्स चर्च के नाम से भी जाना जाता है। मरम्मत कार्य का जायजा लेते हुए सक्सेना ने अधिकारियों को कड़ाई से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सौंदयीकरण एवं मरम्मत कार्य के दौरान इस धरोहर इमारत का मूल स्वरूप बरकरार रहे।

# मेट्रो फेज-4 : केशोपुर मेट्रो स्टेशन के लिए मिली जमीन

## जनकपुरी-मजलिस पार्क कॉरिडोर पर चार साल से अटका था निर्माण कार्य

- सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग से 2,790 वर्ग मीटर भूमि के हस्तांतरण को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी से मजलिस पार्क कॉरिडोर पर केशोपुर में मेट्रो स्टेशन बनाने का रास्ता साफ हो गया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग से डीएमआरसी को केशोपुर में 2,790 वर्ग मीटर जमीन के हस्तांतरण को मंजूरी दे दी है।

जमीन हस्तांतरण का मामला दिल्ली सरकार के पास डीएमआरसी का अनुरोध अप्रैल 2019 से लंबित था। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने पहली बार दिल्ली सरकार से इसके लिए अप्रैल, 2019 में लिखा था और तभी से यह लंबित भी था। उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद डीएमआरसी 1852.3 वर्ग मीटर जमीन पर स्टेशन और प्रवेश-निकास का निर्माण कर सकेगा, जबकि 937.5 वर्ग मीटर की भूमि का इस्तेमाल डीएमआरसी स्टेशन निर्माण से संबंधित कार्यों के लिए अस्थायी आधार पर करेगा।

डीएमआरसी ने अपने शुरुआती नोट में दिल्ली सरकार से जमीन के लिए अनुरोध करते हुए स्टेशन निर्माण के लिए 1852.3 वर्ग मीटर भूमि के स्थायी हस्तांतरण के लिए 2,62,36,006/- रुपये (प्रति एकड़ 573.22 लाख रुपये की दर पर) की राशि और 937.5वर्ग मीटर भूमि के चार वर्षों के लिए अस्थायी उपयोग के लिए लीज शुल्क के रूप में 26,55,855 रुपये देने का प्रावधान किया था। इसके बावजूद सिंचाई व बाढ़ नियंतत्रण विभाग की ओर से की गई बेवजह देरी से मेट्रो के इस महत्वपूर्ण खंड में चार वर्ष से अधिक की देरी हुई। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार एलजी सक्सेना के कार्यभार संभालने के बाद से इस तरह की परियोजनाओं को मंजूरी और कार्यों को गति मिली, जिसके बाद आई एंड एफसी और डीएमआरसी के अधिकारियों ने 23 जुलाई 2022 और 2 अगस्त 2022 को इन दो भूमि पॉकेटों का संयुक्त निरीक्षण किया और उसके बाद यह परियोजना आगे बढ़ सकी। एलजी ने कई मौकों पर विभिन्न फाइलों को निपटाने में हुई 4 साल से अधिक की देरी पर सरकार को आड़े हाथों लिया।

### महिला बैंककर्मी से 90,000 रुपये की ठगी

**नई दिल्ली।** साइबर ठगों ने दक्षिण पश्चिमी दिल्ली में रहने वाली एक महिला बैंककर्मी को भोजन की एक थाली पर दूसरी थाली मुफ्त मिलने का लालच देकर उसके मोबाइल फोन में एक ऐप डाउनलाउड कराई और उसके बैंक खाते से 90,000 रुपए निकाल लिए। पीड़िता सविता शर्मा ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

एक बैंक में वरिष्ठ प्रतिनिधि के तौर पर काम करने वाली शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके एक रिश्तेदार ने उन्हें एक थाली खरीदने पर दूसरी थाली मुफ्त पाने की पेशकश के बारे में फेसबुक पर जानकारी दी थी। ोन करने वाले ने उन्हें एक लोकप्रिय रेस्तरां का ऑफर प्राप्त करने के लिए कहा। शर्मा ने कहा, फोन करने वाले ने एक लिंक साझा किया और उसे ऑफर का लाभ उठाने के लिए एक ऐप डाउनलोड करने को कहा।

# देश को तोड़ने की नींव रखने वालों को पाठ्यक्रम में नहीं होना चाहिए : डीयू कुलपति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद द्वारा राजनीतिक विज्ञान पाठ्यक्रम से पाकिस्तान के राष्ट्रीय कवि मोहम्मद इकबाल से संबंधित एक अध्याय को हटाने का प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने कहा कि भारत को तोड़ने की नींव रखने वालों को पाठ्यक्रम में नहीं होना चाहिए।

इकबाल को अकसर पाकिस्तान के विचार को जन्म देने का श्रेय दिया जाता है। योगेश सिंह ने कहा कि इकबाल ने मुस्लिम लीग और पाकिस्तान आंदोलन का समर्थन करने वाले गीत लिखे थे। इकबाल भारत के विभाजन और पाकिस्तान की स्थापना के विचार को उठाने वाले पहले व्यक्ति थे। ऐसे लोगों के बारे में पढ़ाने के बजाय, हमें अपने राष्ट्रीय नायकों का अध्ययन कराने पर जोर देना चाहिए। जिन लोगों ने भारत के विभाजन की नींव रखी, उन्हें पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं होना चाहिए।

# सेक्टर-53 में 209 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा कला एवं सांस्कृतिक केंद्र

## पांच एकड़ जमीन पर बनेगा यह बेहतरीन कला एवं सांस्कृतिक केन्द्र

## यूएलबी के आयुक्त एवं सचिव ने की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों के साथ साइट का दौरा करते शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता।

**शहरी** स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने गुरुग्राम पहुंचकर नगर निगम गुरुग्राम की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ वजीराबाद स्पोर्ट्स काम्लेक्स साइट, बांध तथा ताऊ देवीलाल बोटेनिकल पार्क का दौरा भी किया।

सेक्टर-44 स्थित गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में आयोजित बैठक में विकास गुप्ता द्वारा सेक्टर-53 में बनाए जाने वाले कला एवं सांस्कृतिक केन्द्र तथा वजीराबाद स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स परियोजनाओं के बारे में अधिकारियों के साथ विस्तार से मंथन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 20 जून तक दोनों परियोजनाओं की डीएनआईटी आमंत्रित करवाएं।

समीक्षा के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जिन्हें परियोजनाओं में शामिल किया जाएगा। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 209 करोड़ रुपये की लागत से 5 एकड़ जमीन पर बेहतरीन कला एवं सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। इसमें बेसमेंट, स्टील्ट, ग्राऊंड व चार मंजिल होंगी तथा तीन ब्लॉक बनाए जाएंगे। यहां पर 286 गाड़ियों की पार्किंग की भी सुविधा रहेगी।

**केंद्र में यह सब सुविधाएं भी होंगी :** इस केन्द्र के ब्लॉक-ए में आर्ट गैलरी, स्कल्पचर गैलरी, फॉक आर्ट गैलरी, मॉडर्न आर्ट गैलरी, लाईब्रेरी, फाईन डाईन रेस्टोरेंट, इनफोर्मेशन गैलरी, कैंटीन तथा प्रशासनिक कार्यालय बनाया जाएगा। ब्लॉक-बी में 300 सीटों का एक ऑडिटोरियम अकेडमी, पोट्री वर्कशॉप तथा प्रशासनिक कार्यालय होगा, जबकि ब्लॉक-सी में 1600 सीटों की क्षमता का एक ऑडिटोरियम, 600 सीटों की क्षमता का दूसरा ऑडिटोरियम, फूड कोर्ट तथा कैफेटेरिया की सुविधा रहेगी। केन्द्र में 150 सीटों का कांफ्रेंस रूम भी होगा। विकास गुप्ता ने सबसे ऊपरी मंजिल पर कांफ्रेंस रूम बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**वजीराबाद गांव में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स :** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा वजीराबाद गांव में लगभग 110 करोड़ रुपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स का निर्माण किया जाएगा। इसमें 100 गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा रहेगी, जिसे भविष्य में स्टैग पार्किंग के माध्यम से बढ़ाया भी जा सकेगा। इसमें फूड कोर्ट, रिक्रेशनल सेंटर, 8 बैडमिंटन कोर्ट, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, टेबल टेनिस, बॉस्केट बॉल कोर्ट, कब्बडी, वॉलीवॉल, फुटबॉल, क्रिकेट प्रैक्टिस नेट, रोलर स्केटिंग, टेनिस कोर्ट आदि खेल सुविधाएं रहेंगी। कॉम्पलैक्स में बेहतरीन जिम, बच्चों के खेलने का स्थान, ओपन एयर थिएटर, शैडिड वॉक-वे, एयरोबिक्स जिम, स्टोर व लॉकर रूम, चेंजिंग रूम, शॉवर आदि का भी प्रावधान किया जाएगा। कॉम्पलैक्स की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। आयुक्त एवं सचिव ने स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स में चौकीदार एवं केयर-टेकर के रहने के लिए कमरे बनवाने, क्लास रूम बनवाने, स्टीम, सोना, स्पा सहित स्कल्पचर लगाने का प्रावधान करने का सुझाव दिया।

# वर्ष 2014 से आयुर्वेद पद्धति को मिला है उचित सम्मान : सुधीर सिंगला

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


कामधेनू आयुर्वेदिक वेलनेस संस्थान का उद्घाटन अवसर पर गायों को गुड़ खिलाते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कामधेनु आयुर्वेदिक वेलनेस संस्थान का उद्घाटन किया। कामधेनु संस्थान के संस्थापक एसपी गुप्ता (रिटायर्ड आईएएस) व शशि गुप्ता को संस्थान के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर धर्म योग फाउंडेशन के संस्थापक स्वामी योगभूषण, राष्ट्रवादी सुदर्शन मीडिया के अध्यक्ष सुरेश चव्हाण, नूंह के जिला सेशन जज सुशील गर्ग, योगेश मोदी (आईपीएस), यशपाल सिंहल (आईपीएस), कमलाकांत (यूपी रेरा) दिनेश रघुवंशी, परवीन जैन (ट्यूलिप) समेत अनेक लोग मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आयुर्वेद का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है।

आयुर्वेद का जनक भगवान धन्वन्तरि को कहा जाता है। भगवान धन्वंतरि स्वास्थ्य, आरोग्य, तेज और दीर्घायु के देवता हैं। विधायक ने कहा कि आयुर्वेद के महत्वपूर्ण तथ्यों का वर्णन ऋग्वेद में मिलता है। ऋग्वेद में आयुर्वेद का उद्देश्य, वैद्य के गुण-कर्म, विविध औषधियों के लाभ, शरीर के अंग और अग्नि चिकित्सा, जल चिकित्सा, सूर्य चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, विष चिकित्सा आदि के बारे में भी जानकारी मिलती है। ऋग्वेद में 67 औषधियों का उल्लेख मिलता है, इसलिए आयुर्वेद की दृष्टि से ऋग्वेद बहुत उपयोगी है। यजुर्वेद में आयुर्वेद से सम्बन्धित विभिन्न औषधियों के नाम, शरीर के विभिन्न अंग, वैद्यक गुण-कर्म चिकित्सा, नीरोगता आदि शामिल हैं। इसमें 82 औषधियों का उल्लेख है। आयुर्वेद के अध्ययन के रूप में सामवेद में आयुर्वेद से सम्बन्धित कुछ सामग्री मिलती है। आयुर्वेद की दृष्टि से अथर्ववेद का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह कह सकते हैं कि अथर्ववेद ही आयुर्वेद का मूल आधार है। अथर्ववेद में आयुर्वेद से सम्बन्धित विभिन्न विषयों का वर्णन है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि ब्रिटिश राज ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अवैज्ञानिक, रहस्यमयी और केवल एक धार्मिक विश्वास माना। इसके विपरीत अंग्रेजों ने एलोपैथी को राज्य का संरक्षण प्रदान किया। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को खत्म करने का प्रयास भी किया गया। आयुर्वेद उन ग्रामीण क्षेत्रों में जीवित रहा जो आधुनिक सभ्यता की पहुंच से दूर थे।

# पटेल नगर से 66केवी की लाइन हटनी शुरू नवीन गोयल ने जताया सरकार का आभार

## इसी खुशी में पटेल नगर में नवीन गोयल का हुआ स्वागत, बांटी गई मिठाई

## काफी समय से क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी बनी थी यह विद्युत लाइन



**गुरुग्राम।** पटेल नगर के निवासियों के लिए लंबे समय से परेशानी का सबब बनी 66केवी की विद्युत लाइन को हटाने का काम आखिर शुरू हो गया। मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारियों तक पत्राचार करके, व्यक्तिगत मुलाकात करके नवीन गोयल ने इस कार्य को सिरे चढ़वाया। इसी खुशी में पटेल नगर में मिठाई बांटी गई। क्षेत्रवासियों द्वारा नवीन गोयल का स्वागत करके आभार जताया गया। अब यहां से गुजर रही 11000 केवी की लाइन को भी हटवाने के प्रयास शुरू होंगे।

पटेल नगर सुधार समिति के प्रधान दीपचंद के कार्यालय के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पटेल नगर आरडब्ल्यूए प्रधान दीपचंद, हाउसिंग बोर्ड पटेल नगर के प्रधान कृष्ण रोहिल्ला, युवा भाजपा नेता अजय जैन, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला महा मंत्री आशा गोयल, हरीश गुप्ता, दीपक शर्मा (अक्की), प्रहलाद सिंह, सतबीर सिंह, महेंद्र सिंह किलहोड़, सतबीर, सुनील सिंह, सुमित महला, प्रेमपाल, राधे श्याम, रघुवीर सिंह समेत सैंकड़ों पटेल नगर वासियों ने इस लाइन को हटाने की खुशी मनाते हुए नवीन गोयल का स्वागत किया। कार्यक्रम में नवीन गोयल ने कहा कि पटेल नगर की यह बहुत ही गंभीर समस्या थी। लोग भय के साये में रहते थे। मुख्यमंत्री, बिजली मंत्री, पूर्व सांसद डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, डीएचबीवीएन एमडी समेत तमाम अधिकारियों के समक्ष लिखित, मौखिक, प्रजेंटेशन देकर इस लाइन को हटवाने का आग्रह किया गया। बिजली मंत्री को इस विषय पर प्रजेंटेशन दी गई।

# गुरुग्राम में शुरू हुई नॉर्थ इंडिया की पहली रियल एस्टेट सेल्स गैलरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में नॉर्थ इंडिया की पहली रियल एस्टेट सेल्स गैलरी के शुभारंभ अवसर पर गैलरी का स्वरूप देखते अतिथि।

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में नॉर्थ इंडिया की पहली रियल एस्टेट गैलरी शुरू हुई है। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल व सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने इसका शुभारंभ किया।

गोल्फ कोर्स रोड स्थित 51-इंटरनेशनल रियल एस्टेट कंपनी कार्यालय में यह गैलरी शुरू की गई है। इसकी विशेषता यह है कि यहां पर एक ही छत के नीचे रेजीडेंशियल व कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की विस्तृत जानकारी मिलेगी। पूरे गुरुग्राम जिला का मास्टर प्लान इस परिसर में डिस्पले है। नवीन गोयल ने कहा कि प्रॉपर्टी के संबंध में हर तरह की जानकारी यहां मिल रही है, इससे लोगों को काफी सहूलियत होगी। क्योंकि जानकारी के अभाव में ही खरीददार गलत लोगों के संपर्क में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन की ओर से बार-बार इस बात को प्रमुखता से कहा जाता है कि प्रॉपर्टी खरीदने से पहले उस प्रॉपर्टी के बारे में जानकारी लेनी चाहिए।

बोधराज सीकरी ने कहा कि रियल एस्टेट के क्षेत्र में गुरुग्राम ने बहुत तरक्की की है। उन्होंने 51-इंटरनेशनल रियल एस्टेट कंपनी के सीईओ अक्षय सरदाना का यह बेहतर प्रयास है कि गुरुग्राम में इतना बड़ा मंच प्रॉपर्टी खरीददारों को दिया है। हकीकत में गुरुग्राम में ऐसी कंपनी की जरूरत थी, जहां रेजीडेंशियल और कॉमर्शियल दोनों तरह की प्रॉपर्टी का समाधान व सटीक जानकारी मिल सके। सीईओ अक्षय सरदाना ने कहा कि गुरुग्राम में जो भी अपकमिंग प्रोजेक्ट्स उनकी सभी जानकारी इस गैलरी पर मिलेगी। सभी लग्जरी प्रोजेक्ट की जानकारी मिलेगी। गुरुग्राम में इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी मिलेगी। चाहे वो टोल शिफ्ट से संबंधित हो, द्वारका एक्सप्रेस-वे या फिर क्लोवर लीफ से।

# सोहना में साइकिल रैली निकाल पुलिस ने आमजन को किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना/गुरुग्राम

## रैली ने कई क्षेत्रों में घूमकर लोगों को किया जागरुक


गुरुग्राम के सोहना खंड में जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते पुलिस अधिकारी।

**जिला** पुलिस द्वारा साईबर अपराधों, महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, यातायात नियमों की पालना करने व नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता साईकिल रैली निकाली गई।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण सिद्धांत जैन के निर्देशन में व सहायक पुलिस आयुक्त साइबर विपिन अहलावत के नेतृत्व में शनिवार को सोहना क्षेत्र में यह साइकिल रैली निकाली गई। यह जागरूकता साईकिल रैली पुलिस थाना शहर सोहना से शुरू होकर अंबेडकर चौक सोहना, जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के सामने से होते हुए ताऊ देवीलाल स्टेडियम सोहना पहुंची। इस साईकिल रैली में प्रबंधक थाना साईबर अपराध दक्षिण, प्रबंधक थाना शहर सोहना व इंचार्ज महिला पुलिस चौकी सोहना अपनी पुलिस टीमों के साथ शामिल हुए।

आमजन को महिला सशक्तिकरण, समाज में बेटियों को उचित मार्गदर्शन के साथ शिक्षा/खेलकूद में आगे बढ़ाने की अपील की। महिला/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, घरेलू हिंसा के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस जागरूकता साईकिल रैली के माध्यम से पुलिस टीमों द्वारा लोगों को विभिन्न प्रकार से होने वाले साईबर अपराधों के बारे में बताया गया। उन अपराधों से किस प्रकार से बचा जा सकता है, इस बारे में भी जागरुक किया गया। इसी प्रकार से लोगों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि यातायात नियमों की पालना ना करने के क्या-क्या गंभीर परिणाम भुगतने होते है। लोगों को विभिन्न प्रकार से नशा करने वाले लोगों व उनके परिवार को नशा करने के दुष्परिणामों के लिए जागरुक किया गया।

इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा लोगों को बताया कि महिलाएं दुर्गा शक्ति ऐप या डायल 112 के माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं। किसी भी व्यक्ति के साथ कोई साईबर अपराध घटित होता है तो वो उसकी सूचना साईबर अपराध हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# संक्षिप्त समाचार

## भूमि अधिग्रहण के मामलों में विशेष लोक अदालत 8 जुलाई को

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एसपी सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा आगामी 8 जुलाई को भूमि अधिग्रहण के मामले के मामले की सुनवाई के लिए न्यायिक परिसर गुरुग्राम में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में भूमि अधिग्रहण के मामले से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। 8 जुलाई को लगने वाली लोक अदालत से पूर्व 14 प्री-लोक अदालत लगाई जा रही है। जिसमे आकर आमजन अपने केसों का निपटारा करवा सकते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे इस विशेष लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपने केस का निपटारा करवाएं।

## राजकीय महिला आईटीआई गुरुग्राम में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**गुरुग्राम।** दसवीं व बारहवीं कक्षा के परिणाम आने के बाद हरियाणा की सभी राजकीय व प्राइवेट आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गयी है। राजकीय महिला आईटीआई गुरुग्राम के प्राचार्य जयप्रकाश यादव ने बताया महिला आईटीआई गुरुग्राम में कुल 6 ट्रेड व 8 यूनिट चल रही हैं। जिसमें कोपा की 48 सीटें, कॉस्मेटोलॉजी में 24, सीविंग टेक्नोलॉजी में 40, सरफेस ऑनार्मेंशन टेक्निक में 20, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल व इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक में 24-24सीटें उपलब्ध हैं। दाखिला लेने वाली छात्राएं अपनी फैमिली आईडी, नाम, पिता का नाम,माता का नाम, जन्म तिथि व जाति प्रमाण पत्र आदि डाक्यूमेंट्स ठीक करवा लें ताकि दाखिले के समय कोई समस्या ना हो।

## लायंस क्लब आर्थिक रूप से कमजोरों के मददगार : भारद्वाज



**सोहना।** कांग्रेस प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज ने शनिवार को सामाजिक संगठन लायंस क्लब सोहना टाउन द्वारा आयोजित मेघा स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। भारद्वाज ने क्लब को आर्थिक रूप से कमजोर व मजदूर लोगों के लिए कम खर्चे पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर बधाई दी। लायंस क्लब सोहना टाउन के आयोजित स्वास्थ्य मेगा शिविर में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल से बुलाए डॉक्टरों के कार्य को सहराया। जिसमें मेदांता अस्पताल प्रशासन के सहयोग को भी सहराया। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब हमेशा ही सामाजिक कार्यों में अन्य संगठनों के लिए प्रेरणा बनकर रहा है। क्लब सदस्यों का कार्य हमेशा ही गरीब, मजदूर और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिकों के उत्थान में लिए कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि इस भागदौड़ की जिन्दगी में आम व्यक्ति को अपने निजी कार्यों के लिए ही समय नहीं मिलता, लेकिन जरुरमंदों के लिए अग्रिम सेवा करना हर किसी व्यक्ति के वश की बात नहीं है। आज के इस शिविर में 182 लोगों ने जांच कराई। जिसमें 55 एक्सरे, 53 मरीजों को ईसीजी, 135 को हड्डियों से संबंधित टेस्ट किए गए। 85 रोगियों की आंखों की जांच की गई। 125 का शुगर का टेस्ट किया। 138 रोगियों की रक्तचाप की जांच की गई।

## सामाजिक बहिष्कार व हुक्का बंदी की धमकी पर केस दर्ज

**सोहना।** शहर थाना पुलिस ने दिल्ली बिजवासन निवासी के खिलाफ फोन पर स्थानीय वार्ड-13 निवासी अधिवक्ता को समाज में बहिष्कार व हुक्का-पानी बंद करने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। अधिवक्ता ने आरोपी पर समाज और बहनों के प्रति गालियां सोशल मीडिया पर डालकर बदनाम करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। शहर के वार्ड-13 निवासी नीलकमल ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह पेरना समुदाय से संबंध रखता है। उनके समुदाय में 7 गोत्र होते है। जिनमें अल्हावत, नरस गावत, धानावत, साहिवाल, लुभावत आदि शामिल हैं। जिनमें दो गोत्र आल्हावत व नरस गावात गोत्र के लोग अपने आपको पांच अन्य गोत्रों से श्रेष्ठ मानते हैं। यें दोनों गोत्र के लोग अन्य पांच गोत्रों के नागरिकों का समय-समय पर आर्थिक व सामाजिक रूप से दशकों से शोषण करते आ रहे है। जिनके शोषण करने के विभिन्न प्रकार के दंडित करते रहे हैं। जुर्माना लगा देना, बहन-बेटियों पर कर आदि लगाना शामिल है। इस प्रकार की सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उसने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उसने यह याचिका 15 इसी माह की 15 तारीख को डाली है। जिसका विरोध करते हुए दिल्ली बिजवासन निवासी टींकू ने तैश में आकर उसे तथा उसकी बहनों के बारे में गालियां दीं। मुझे व मेरे परिवार वालों को समाज से बाहर निकलवा देने की धमकियां दीं। मुझे समाज से बहिष्कार करने की बातें सोशल मिडिया पर डालकर शोषित किया जा रहा है। मुझे निजी तौर पर फोन पर धमकियां देने की बातें रिकार्ड हैं। अधिवक्ता ने आरोपी टींकू पर हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट की अवमानना की है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र ने बताया कि अधिवक्ता नीलकमल की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। आरोपी को दोषी पाए जाने पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाएगा।

## सड़क पर मांस के टुकड़े देख ग्रामीणों ने लगाया जाम

**सोहना।** खंड के गांव दौला में मैन सड़क पर मास बिखरा देख ग्रामीणों में हडकंप मच गया। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिखरे हुए मांस को इकट्ठा कर जांच के लिए भेज दिया। ग्रामीण द्वारा दी गई शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। शनिवार की सुबह समय करीब 6 बजे सोहना से हरचंदपुर जाने वाले मार्ग पर गांव दौला के निकट सड़क पर मास बिखरा हुआ था। जिसे दौला गांव के निवासियों ने देख एकजुट होना शुरू कर दिया। देखते-देखते गांव के एक सौ के करीब नागरिक मौके पर पहुंच गए। सड़क पर जिस स्थान पर मांस पड़ा हुआ था। वहां से राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल का रास्ता जाता है। विद्यार्थियों के रास्ते में मांस गिराने की साजिश मानते हुए ग्रामीणों ने सड़क पर दौड़ रहे वाहनों की गति को ब्रेक लगा दिया। सूचना मिलने पर सदर थाना से पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया।

# क्लोवर ऑर्गेनिक ने किसानों को किया जैविक खेती करने के लिये प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून





**रसायन** मुक्त उत्पाद न केवल लोगों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखेंगे बल्कि जैविक खेती करने वाले किसानों की आय में भी काफी वृद्धि होगी। क्लोवर ऑर्गेनिक के सीईओ श्री संजय अग्रवाल ने किसानों को रसायन मुक्त भोजन का उत्पादन करने के लिये प्रेरित करते हुए रसायन मुक्त भोजन का उत्पादन करने से मिलने वाले लाभों से अवगत कराया।

शनिवार शाम को सभी के लिए ताजा, रसायन मुक्त भोजन जो स्वस्थ, स्वादिष्ट और सस्ता हो उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ क्लोवर ऑर्गेनिक द्वारा 'वेलनेस्ट' कार्यक्रम आयोजित किया गया। रज्जमाताज कैफे में आयोजित 'सच्चे स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती की एक शाम' में आये किसानों को सीईओ श्री संजय अग्रवाल ने उनके उत्पादों की बिक्री के लिये 'वेलनेस्ट' का उपयोग करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने समस्त शहरवासियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए क्लोवर ऑर्गेनिक मासिक आधार पर 'वेलनेस्ट' कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है।

निदेशक पिंकी अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक आधार पर क्लोवर ऑर्गेनिक द्वारा आयोजित कार्यक्रम का लक्ष्य 45,000 से अधिक किसानों को उनकी उपज और बिक्री के लिये उचित सलाह देना है। क्लोवर ऑर्गेनिक की इस परियोजना का उद्देश्य काफी रियायती दरों पर किसानों और नवोदित उद्यमियों को व्यावसायिक अवसर प्रदान करने के अलावा पर्यावरण का संरक्षण करना भी है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुक्ता पाटिल (पोषण विशेषज्ञ) ने कार्यक्रम आयोजन की सराहना करते हुए किसानों को पोषणयुक्त उत्पादों की ओर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पोषणयुक्त भोजन की वर्तमान में बेहद मांग है और उनकी आशा से भी अधिक कीमत मिलती है। वेस्ट वॉरियर (अपशिष्ट योद्धा) व कवि विनीत पंक्षी ने वेस्ट कंपोस्टिंग का उपयोग खेती में करने के तरीके बताये। किसानों को संबोधित करते हुए विनीत ने कहा कि जिन चीजों को हम बेकार समझ कर फेंक देते हैं वह खेती के लिये बेहद उपयोगी साबित हो सकती हैं। कार्यक्रम में आये न्यूट्रिशियन ने हेल्थ एंड फिटनेस के बारे में जागरूक किया। पपेट शो देखकर किसान रोमांचित हो गये। कार्यक्रम में आये किसान दीपक उपाध्याय और आशीष व्यास ने अपने अनुभव बताते हुए किसानों को 'वेलनेस्ट' का उपयोग कर अपनी आय में वृद्धि करने के उपाय बताये।

# दूध का बूथ मात्र 50 हजार रुपये में, शराब का ठेका मिला 43 करोड़ में

## गुरुग्राम-दिल्ली बॉर्डर पर 43 करोड़ 82 लाख 90 हजार में नीलाम हुआ एक ठेका

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में इस तरह चमकती हैं वाइन शॉप। फाइल फोटो।



गुरुग्राम में वर्ष 2020 में शराब के ठेके से शराब लेकर जाते महिलाएं, पुरुष। फाइल फोटो।

**देसां** में देस हरियाणा जित दूध दही का खाणा वाली कहावत भले ही हरियाणा की खान-पान की संस्कृति को परिभाषित करती हो, लेकिन अब यह कहावत सिर्फ कहावत ही बनती जा रही है। दूध-दही की जगह काफी हद तक अब शराब ने ले ली है। यही कारण है कि जहां 50 हजार रुपये में सरकार की ओर से वीटा दूध का बूथ अलॉट किया जाता है, वहीं 43 करोड़ 82 लाख 90 हजार रुपये में गुरुग्राम में शराब का एक ठेका छूटा है।

पहली बार गुरुग्राम में इतना महंगा शराब का ठेका छूटा है। गुरुग्राम-महरौली बॉर्डर (एमजी रोड) पर यह शराब का ठेका 43 करोड़ 82 लाख 90 हजार रुपये में छूटा है। सेक्टर-32 के आबकारी एवं कराधान कार्यालय में ईस्ट जोन में 79 शराब की दुकानों की नीलामी की गई। जो शराब का ठेका सबसे महंगा 43 करोड़ 82 लाख 90 हजार में उठा, उसका रिजर्व प्राइव 22 करोड़ 20 लाख रुपये रखा गया था। सिंगला एसोसिएट ने जोन-5 में ठेके की सबसे महंगी बोली लगाकर इस ठेके को अपने नाम कर लिया।

इसी तरह से जोन-9 में ब्रिस्टल चौक के पास ठेका 36 करोड़ 38 लाख में छूटा, इसका रिजर्व प्राइस 18 करोड़ रखा गया था। इसकी तुलना अगर हरियाणा के वीटा दूध के बूथ से की जाए तो वह मात्र 50 हजार रुपये में मिल जाएगा। जिस बड़ी रकम से शराब का यह ठेका लिया गया है, इस रकम में 8766 वीटा दूध के बूथ खोले जा सकते हैं। आबकारी विभाग की इतिहास में भी इतना महंगा ठेका पहली बार ही छूटा है। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि गुरू द्रोण नगरी गुरुग्राम में अहमियत किस पेय पदार्थ की है।

**अब फाइव स्टार होटलों जैसे हैं ठेके :** शराब का ठेका नाम सुनते ही जेल की सलाखों जैसी एक दुकान सभी के जहन में आती होगी, लेकिन अब समय के साथ शराब के ठेकों की भी सूरत बदल गई है। अब ये ठेके फाइव स्टार होटलों जैसे नजर आते हैं। जैसे मॉल कल्चर है, वैसे ही यहां शराब के ठेके हो गए हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित, रंग-बिरंगी लाइटिंग, शीशों के भीतर चकाचौंध में अपनी पसंद की शराब खुद उठाओ और पेमेंट का भुगतान करो। हां, शराब के ठेके अब ठेके भी नहीं रहे, बल्कि वाइन शॉप हो गए हैं। यह इनका नया नामकरण किया गया है। गुरुग्राम महानगर तो ऐसा हो गया है यहां शराब खरीदने में ना तो पुरुष पीछे हैं ना महिलाएं। खुले आम शराब की पेटियां खरीदी जाती हैं।

**कोरोनाकाल में खूब हुआ शराब का कारोबार :** गुरुग्राम समेत हरियाणा में कोरोनाकाल में भी शराब का खूब कारोबार हुआ। क्या महिलाएं, क्या पुरुष। ठेके खुलने पर जो नजारा दिखा, वह ऐसा था जैसे कहीं से अमृत मिल रहा हो। लोग पेटियां अपनी गाड़ियों में भरकर ले जा रहे थे।

हालांकि कोरोनाकाल में अवैध रूप से शराब की बिक्री को लेकर भी खूब सवाल खड़े हुए। शराब की तरह यह भी कड़वी सच्चाई है कि अब दूध-दही से अधिक शराब के प्रति युवाओं में दीवानगी बढ़ी है। एक बड़ा कारण यह भी है कि शराब की उपलब्धता बहुत आसानी से हो रही है। हरियाणा में तो अब कंपनियों में भी बार शुरू करने के लिए सरकार ने छूट दे दी है।

# राज्यपाल ने डॉ. राजेश कुमार मंगला को साहित्य रत्न से किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### फरीदाबाद की अनेक हस्तियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

**एनजीएफ** कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार मंगला 'पार्थ' को उनके साहित्य में सतत और उल्लेखनीय योगदान के लिए हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय द्वारा 'साहित्य रत्न' सम्मान से सम्मानित किया। डॉ. मंगला को साहित्य का यह सम्मान राष्ट्रीय पत्रिका 'वैश्य भारती' द्वारा पंचकूला के सरकारी पीडब्ल्यूडी के सभागार में आयोजित वैश्य संवाद और सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया गया है। डॉ. राजेश मंगला एक जाने माने कवि और साहित्यकार हैं, जिनको राज्यपाल द्वारा पहले भी श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी दुधौला का कुलगीत लिखने के लिए सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. मंगला को शाल ओढ़ाकर



**डॉ. राजेश मंगला को सम्मानित करते हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।**

अपना आशीर्वाद दिया और विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने इसी तरह आगे बढ़कर अपनी लेखनी के माध्यम से देश और समाज के लिए श्रेष्ठ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। मंच पर उपस्थित पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल और प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने भी करतल ध्वनि से उत्साह बढाते हुए डॉ. मंगला को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपनी बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एनजीएफ कॉलेज के सीईओ अश्वनी प्रभाकर तथा व केएमपी स्कूल के चेयरमैन ईश्वर सिंह को शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया।

डॉ राजेश मंगला के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए फरीदाबाद मेट्रो अस्पताल के दीपेश, रक्तदान के क्षेत्र में अपनी सेवाओं के संयुक्त राष्ट्र संघ अवॉर्डी एडवोकेट तनुज गोयल के अतिरिक्त अल्पना मित्तल, बलराम गुप्ता, यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया नौवां रैंक प्राप्त करने वाली कैथल हरियाणा की बेटी कनिका गोयल, भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य नेहा गोयल, फरीदाबाद के कवि व कारोबारी विकास बंसल को भी राजयपाल ने सम्मानित किया।

# पलवल में पूर्व मंत्री करण दलाल के ड्राइवर की गोली मारकर हत्या

### भतीजों ने बीच बाजार में गोली मारी, मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद/पलवल।



**गांव** औरंगाबाद में पूर्व मंत्री के ड्राइवर की उसके ही भतीजों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक अपने भतीजों को बदमाशी करने से रोकता था, जिसकी रंजिश रखते हुए शुक्रवार रात को दोनों ने देसी कट्टे से उसे गोली मार दी। घायलावस्था में उसे फरीदाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर आरोपी दोनों भाइयों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरीदाबाद के बीके अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मुंडकटी थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार के अनुसार, गांव औरंगाबाद निवासी जवाहर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके चाचा राजेंद्र पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल के यहां ड्राइवर थे। 26 मई की रात करीब सवा नौ बजे उसका चाचा राजेंद्र गांव की मार्केट में पूर्व सरपंच गिरिराज की बैठक के पास खड़ा था। उसी समय उसके चचेरे भाई पुष्पेंद्र व रोहताश चाचा राजेंद्र के पास आकर खड़े हो गए। पुष्पेंद्र ने अपने हाथ में लिए अवैध हथियार से राजेंद्र के पेट में गोली मार दी। जवाहर के अनुसार, घायलावस्था में उसे जिला नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने के कारण उसे रेफर कर दिया। फरीदाबाद के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान राजेंद्र की मौत हो गई। शिकायत में कहा गया कि पुष्पेंद्र व रोहताश दोनों भाई अपराधी प्रवृत्ति के हैं।

चाचा राजेंद्र उन्हें बदमाशी करने से रोकता था, जिसकी वे दोनों रंजिश रखते थे। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर हरिओम के अनुसार, शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भाई ने बड़ी बहन की गला दबाकर की हत्या

**फरीदाबाद।** पल्ला थानाक्षेत्र अंतर्गत सीए की पढ़ाई कर रही एक छात्रा की उसके छोटे भाई ने गला दबाकर हत्या कर दी। वह दिल्ली के करोलबाग में एक शिक्षण संस्थान से सीए और सीएस की तैयारी कर रही थी। हत्या के बाद से आरोपी भाई फरार है, लेकिन अभी हत्या के कारण स्पष्ट नहीं है। पल्ला थाना की पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित पिता श्याम सुंदर पांडेय ने पुलिस को शिकायत दी है कि वह मूलरूप से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के रहने वाले हैं, जोकि भारतीय जीवन बीमा निगम में एजेंट के तौर पर काम करते हैं, साथ ही वह एक दवाई एजेंसी में भी काम करते हैं। वह ओम एन्क्लेव पार्ट-दो स्थित एक किराए के मकान में रहते हैं। 26 मई को गोरखपुर में उनके एक रिश्तेदार के यहां शादी व गृहप्रवेश का कार्यक्रम था। उसमें शामिल होने के लिए 19 मई को वह अपनी पत्नी व बड़े बेटे हिमांशु के साथ गोरखपुर गए थे। इस दौरान ओम एंक्लेव पार्ट-दो स्थित घर पर उनकी बड़ी बेटी अनन्या, अपने 19 वर्षीय छोटे भाई प्रियांशु पांडेय के साथ थी। गुरुवार रात जब वह गोरखपुर में थे, मकान मालिक ने सूचना दी कि अनन्या का स्वास्थ्य बिगड़ गया है और प्रियांशु भी घर पर नहीं है। उसे एक नजदीक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह सुनकर वह गोरखपुर से फरीदाबाद के लिए निकले। इस दौरान अनन्या को निजी अस्पताल से बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह फरीदाबाद पहुंचने पर पता चला कि बीके अस्पताल में अनन्या की मौत हो चुकी थी। श्यामसुंदर के अनुसार आशंका है कि उसकी बड़ी बेटी की हत्या छोटे बेटे प्रियांशु पांडेय ने ही की है। प्रियांशु 25 मई से ही फरार है। डॉक्टर ने अनन्या के गले पर निशान भी बताया है। आशंका है कि प्रियांशु ने उसकी गला दबाकर हत्या की है।

# पलवल के बंचारी व मर्रोली में अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**जिला** नगर योजनाकार पलवल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ नियंत्रित क्षेत्र बंचारी व मर्रोली की राजस्व सम्पदा में हो रहे अवैध निर्माण पर फिर पीला पंजा चला।

जिला नगर योजनाकार बंचारी व मर्रोली की राजस्व संपदा में लगभग चार एकड़ पनप रही दो अवैध कॉलोनी में बाउंड्रीवाल, 450 मीटर रोड नेटवक व 18 डीपीसी को तोड़ने के लिए प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की। यह कार्रवाई नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम 1963 के तहत की गई है। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नरेंद्र नैन (जिला नगर योजनाकार, पलवल) एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजद थे। नरेंद्र नैन ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जाएगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पूरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। सभी अवैध कॉलोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट न खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें। अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कॉलोनी का निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें।

# एक हजार छात्रों को कराया योग का अभ्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**जिला** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल व हरियाणा योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों को योग अभ्यास कराया जा रहा है। 21 जून को होने वाला नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिले भर में तैयारियां के लिए योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल आगरा चौक में तीसरे दिन सामान्य योग अभ्यास कराया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह रावत ने की। संयोजक राजेंद्र सिंह तंवरने बताया कि अभ्यासक्रम में लगभग 1000 छात्रों ने अनुशासन के साथ हिस्सा लिया। आचार्य ने लाभ सहित आसन प्राणायाम विज्ञान एवं चिकित्सा आधार पर भी अभ्यास कराके विश्लेषण किया। जिसमें ग्रीवा चालन, स्कंद संचालन, कटी चालन, घुटना संचालन के साथ-साथ ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, चक्रासन, सर्वांगासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शसकॉशन, दंडासन, शलभासन, पवनमुक्तासन तथा प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम, विलोम, शीतली, शीतकारी, भंवरी ध्यानयोग का अभ्यास कराया गया।

# विद्यार्थियों को सिखाए आपदा से बचाव के तरीके



**पलवल।** एनडीआरएफ भटिंडा की टीम के इंस्पेक्टर चंदन कुमार के नेतृत्व में होडल के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदा जैसे-भूकंप, बाढ़, आग आदि से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। टीम द्वारा भूकंप में ध्वस्त हुए भवन में फंसे लोगों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के गुर सिखाए। साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों को कंबल, चादर, टी-शर्ट इत्यादि की सहायता से इंप्रोवाइज स्ट्रेचर बनाने की कला भी सिखाई गई। छात्रों और छात्राओं द्वारा इसका अभ्यास भी किया गया। चंदन ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम जिला पलवल में पिछले सप्ताह से ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रही है और डिजास्टर के लिहाज से संवेदनशील जगहों को चिन्हित भी कर रही है। साथ ही विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपदा से बचाव के गुर भी सीखा रही है।

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर छह के खिलाफ मामला दर्ज किया

**रेलवे** में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर डिप्लोमा होल्डर बेरोजगार युवक से आठ लाख रुपये हड़पने का मामला दर्ज हुआ है। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक महिला सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करके पैसे ऐंठने का मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद के अनुसार, किठवाड़ी गांव निवासी सोनू ने बताया कि उसकी मुलाकात 2019 में जिला मथुरा यूपी के बाद गांव निवासी लखन प्रसाद व उसके भाई संतोष द्वारिका से हुई। जिन्होंने उससे पूछा कि कितने पढ़े हो तो उसने कहा कि उसने डिप्लोमा किया हुआ है। उन्होंने कहा कि वे सरकारी नौकरी लगवाने का काम करते हैं, आपको चाहिए हो तो बता देना और अपना मोबाइल नंबर दे दिया, मेरा ले लिया। संतोष ने कहा कि मेरा बड़ा भाई काफी बच्चों को नौकरी लगवा चुका है। एक सप्ताह बाद लखन प्रसाद का फोन आया और कहने लगा कि रेलवे में सरकारी नौकरी निकली हुई है।

सोनू ने कहा कि उसे नौकरी करनी है तो उसने कहा 10 लाख रुपये लगेंगे। सोनू पैसे देने को राजी हो गया तो लखन प्रसाद अपने छोटे भाई संतोष व नवीन के साथ किठवाड़ी आया और उसके कागजात व दो लाख एडवांस ले गया। सिक्योरिटी के नाम पर चेक दे दिया। सोनू के अनुसार, उससे रेलवे के फॉर्म पर हस्ताक्षर कराए और कहा कि मेडिकल होना है। मेडिकल के बाद तीन लाख रुपए और देने होंगे। उन्होंने तीन लाख रुपये देने के लिए रोहिनी सेक्टर-28 दिल्ली में बुलाया, जहां उसकी मुलाकात राजपाल सूर्यवंशी व उसकी पत्नी पूनम से करवाई। सोनू व उसके परिजनों ने तीन लाख रुपये लखन प्रसाद के कहने पर राजपाल सूर्यवंशी को दे दिए। उसके बाद उसे रेलवे का जॉइनिंग लेटर देकर तीन लाख रुपये और ले लिए।

सोनू ने बताया कि इसके बाद लखन प्रसाद व राजपाल सूर्यवंशी ने वाराणसी बुलाया और अपने तीन आदमियों से मिलवाया, जिन्हें वह नहीं जानता। उन्होंने एक रेलवे के फॉर्म पर हस्ताक्षर कराए और उसके कागजातों की फोटो कॉपी ले ली। इसके बाद लखन प्रसाद ने कहा कि बकाया दो लाख रुपये अब देने होंगे तो सोनू ने कहा कि नौकरी लगने के बाद दूंगा, लेकिन न तो उसकी नौकरी ही लगी और न पैसे ही वापस दिए गए तो ठगी का अहसास हुआ।

सोनू के अनुसार, इसके बाद वह जब-जब आरोपियों के घर पैसे मांगने जाता है तो उसके साथ गाली-गलौज करके जान से मारने की धमकी दी जाती। आरोपी कहते हैं कि जो करना है कर ले, हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। चांदहट थाना के जांच अधिकारी कर्मवीर ने बताया कि सोनू की शिकायत पर मथुरा के बाद गांव निवासी लखन प्रसाद, संतोष प्रसाद, नवीन प्रसाद, राजपाल सूर्यवंशी, राजपाल सूर्यवंशी की पत्नी पूनम व द्वारिका प्रसाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# कई साल से मृतक बुजुर्गों की पेंशन जा रही थी दूसरे खाते में

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### साइबर क्राइम थाने की जांच के बाद मामले का हुआ खुलासा

**हथीन** उपमंडल में दो ऐसे बुजुर्गों की पेंशन दूसरे के खाते में जा रही थी, जो जिंदा ही नहीं है। साइबर क्राइम थाने की तरफ से की गई जांच में मामले का खुलासा हुआ। बुजुर्ग दुरेंची गांव निवासी सरदार की सात वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है।

उसकी पेंशन शामली (यूपी) के बोंदा निवासी मोहम्मद शोएब के खाते में जा रही थी। इसी तरह दुरेंची गांव की ही बुजुर्ग महिला जमीला की तीन साल पहले मृत्यु हो चुकी है। उसकी पेंशन मिंडकोला गांव के सहकारी बैंक के खाते में डाली जा रही थी। अब तक दोनों खातों से सरकार को करीब सात लाख से ज्यादा का चूना लगाया जा चुका है। साइबर क्राइम थाना की तरफ से की गई जांच में यह मामला सामने आया। हथीन थाना पुलिस ने मोहम्मद शोएब व पलवल समाज कल्याण विभाग के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। साइबर थाना के जांच अधिकारी एसआई राजबीर के अनुसार बुजुर्ग सरदार की बीमारी के कारण 28 मार्च 2016 को मृत्यु हो गई थी। सरदार की मृत्यु से पहले उसकी वृद्धा अवस्था पेंशन मिंडकोला के सहकारी बैंक में उसके नाम से खुले खाते में आती थी। सरदार की मौत के बाद उसकी पेंशन को समाज कल्याण विभाग ने बंद कर दिया। उसके सहकारी बैंक के खाते में पेंशन आनी बंद हो गई थी। लेकिन दो वर्ष बाद वर्ष 2018 से समाज कल्याण विभाग ने मृत सरदार की वृद्धावस्था पेंशन फिर शुरू कर दी। साइबर क्राइम थाने की जांच में पता चला कि 2018 से लेकर 2022 तक मृत सरदार की पेंशन राशि जिला शामली (यूपी) के बोंदा गांव निवासी मौहम्मद शोएब के कैराना स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में लगातार जाती रही। वहीं गांव की ही वृद्ध महिला जमीला की मृत्यु 20 सितंबर 2020 को कोरोना काल के दौरान हो गई थी।

जमीला का पेंशन खाता भी मिंडकोला गांव स्थित सहकारी बैंक में था। जांच के दौरान पता चला कि इस महिला की पेंशन राशि भी 2022 तक उसके खाते में जाती रही है। मृत महिला की आई पेंशन राशि को दो वर्ष तक कोई उड़ाता रहा। दोनों मृतकों के खाते में करीब सात लाख रुपये की राशि सरकार की तरफ से डाली गई। पेंशन के इस मामले को लेकर दूरेंची गांव के यासिर अराफात ने सात अक्टूबर 2022 को दोनों मृतकों की पेंशन उनके खातों में लेने पर मृतकों के स्वजनपर आरोप लगाया था। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम के सहायक सब इंस्पेक्टर राजबीर ने जांच की।

# भाजपा के राज में हर वर्ग त्रस्त : नवीन रोहिल्ला



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**आम** आदमी पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन रोहिल्ला ने अपने होडल कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां आज भाजपा के राज में हर वर्ग त्रस्त है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सत्ता प्राप्ति के लिए झूठे वादे करती फिर रही है। जब उनकी सरकार थी तब उन्हें जनहित याद नहीं आया।

अपनी नियुक्ति पर पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल, राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता व चुनाव कैंपेन कमेटीई चेयरमैन अशोक तंवर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो उन्हें जिम्मेदारी दी गयी है, उसका निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी झूठ की राजनीति में विश्वास नहीं रखती। यही कारण है कि प्रदेश का आमजन मानस आम आदमी पार्टी की तरफ उम्मीद की नजरों से देख रहा है। जिससे आने वाले समय में हरियाणा में भी दिल्ली और पंजाब की तरह आम आदमी पार्टी की सरकार होगी।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। महिलाओं के साथ आए दिन अत्याचार हो रहे हैं। युवा बेरोजगार होने के कारण रास्ता भटक रहे हैं। जबकि सरकार व उसमें बैठे रहनुमा इन सब बातों से अनजान हैं। सीएम के जनसंवाद को लेकर रोहिल्ला ने कहा कि सीएम का जनसंवाद मन की बात का बदला हुआ स्वरूप है, उसका भी मन की बात की तरह जनहित से कोई सरोकार नहीं है। होडल विधानसभा क्षेत्र को लेकर रोहिल्ला ने कहा कि हरियाणा का सबसे पिछड़ा हुआ विधानसभा क्षेत्र होडल है, जिसके जिम्मेवार यहां के चुनकर विधानसभा जाते रहे जनप्रतिनिधि हैं।

जिन्होंने कभी क्षेत्र के विकास के लिए कोई आवाज नहीं उठाई। इस मौके पर उनके साथ कोषाध्यक्ष मूलचंद बडगुर्जर, अनामिका मित्तल, संजय मित्तल, जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद दीघोट, देवेंद्र कुमार आदि भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मित्तल क्लासेज पलवल को मिला शिक्षा रत्न सम्मान



**पलवल।** बहुत ही कम समय में निरंतर अच्छे परिणामों के साथ मित्तल क्लासेज पलवल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर है। इसी कड़ी में छात्रों एवं अभिभावकों के विश्वास को कायम रखते हुए आईआईटी व नीट के परिणामों के साथ पलवल जिले का नाम प्रदेश व देश में अपनी पहचान बना रहा है। शुक्रवार को पंचकुला में आयोजित वैश्य भारती के संवाद एवं सम्मान सम्मारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा मित्तल क्लासेज को शिक्षा रत्न सम्मान दिया गया। इस अवसर पर विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, महापौर पंचकुला कुलभूषण गोयल, मशहूर गायक कन्हैया मित्तल एवं अन्य गणमान्यजन की उपस्थिति रही। मित्तल क्लासेज के चेयरमैन राजेंद्र मित्तल ने आभार प्रकट किया। बताया कि यह उपलब्धि सभी छात्रों, अभिभावकों व अध्यापकों की मेहनत और विश्वास से है।

### लघुशंका के लिए रोकी गाड़ी, दो युवक लूटकर फरार

**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर लघुशंका के लिए गए चालक से दो युवक मारपीट करते हुए गाड़ी लूटकर फरार हो गए। घटना गांव बघोला के पास हुई। चालक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। मथुरा यूपी के गोंदा आरस गांव निवासी चंद्रमोहन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह स्विफ्ट डिजायर गाड़ी पर बतौर चालक नौकरी करता है। वह अपने गाड़ी मालिक लक्ष्मण गौतम के जानकार को दिल्ली छोड़कर वापस वृंदावन आ रहा था। रात करीब 12 बजे उसे हाईवे पर गांव बघोला के पास पेशाब करने के लिए गाड़ी साइड में लगाई। उसी दौरान पीछे से दो युवक आए और उससे मारपीट करने लगे। उन्होंने उसकी जेब से गाड़ी की चाबी, फोन और पैसे निकाल लिए। दोनों युवक गाड़ी लूटकर फरार हो गए। बाद में लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर उसके परिजन भी पहुंच गए। चंद्रमोहन ने पुलिस में दो अज्ञात युवकों के खिलाफ शिकायत दी।

### किसान को चोरी का ट्रैक्टर बेचकर ठगे ढाई लाख

**पलवल।** गांव कुलैना के किसान के साथ ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। आरोपी ने किसान को चोरी का ट्रैक्टर बेच दिया। किसान को जब इस बारे में पता चला तो उसने पुलिस को शिकायत दी। चांदहट थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चांदहट थाना प्रभारी कैलाश चंद के अनुसार, कुलैना गांव निवासी गंगाधर ने लिखित शिकायत दी है। इसमें उसने कहा है कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसने दिसंबर 2016 में एक ट्रैक्टर कानपुर नंगला हसनपुर निवासी वसीम से खरीदा था, जिसने न्यू हॉलैंड 4710 ट्रैक्टर की फर्जी आरसी तैयार करके उसे ढाई लाख रुपए में दे दिया। गंगाधर के अनुसार, वह ट्रैक्टर से अपने खेतों में कृषि कार्य करने लगा। इस बीच नाके पर चैकिंग के दौरान उसने जब ट्रैक्टर की आरसी की जांच कराई तो उसे जो ट्रैक्टर बेचा गया था, वह न्यू हॉलैंड 4710 नहीं, बल्कि रिकॉर्ड में फॉर्मटेक-60 मिला। जिससे लगा कि उसके साथ धोखाधड़ी करके चोरी का ट्रैक्टर बेचा गया है। किसान गंगाधर का कहना है कि जब उसने इस बारे में वसीम से बात की तो वह उल्टा उसे ही चोरी का ट्रैक्टर रखने के आरोप में फंसाने की धमकी देने लगा। किसान का कहना है कि वसीम के बारे में उन्होंने पता किया तो पता चला कि वसीम चोरी के ट्रैक्टरों को बेचने का काम करता है। उसकी शिकायत पुलिस को दी गई।

### आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते छह युवक गिरफ्तार

**पलवल।** सीआईए ने आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते हुए छह युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 18 मोबाइल, एलसीडी, चार्जर, लैपटॉप, चार्जर और 53 हजार 440 रुपये बरामद हुए हैं। आरोपियों को शेखपुरा स्थित एक मकान से पकड़ा गया है। सट्टेबाजों के तार फरीदाबाद से जुड़े हुए हैं। शहर थाना पुलिस ने युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। सीआईए इंचार्ज इंस्पेक्टर मोहम्मद इलियास ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ युवक शेखपुरा कॉलोनी में आईपीएल मैच पर सट्टा लगा रहे हैं। सूचना पर सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके पर छापामारी की। मौके पर छह युवक सट्टा लगवाते मिले। आरोपियों की पहचान गांव रतिपुर निवासी सुरेंद्र, अटोहां निवासी गुलशन, सल्लागढ़ निवासी रोहित, गांधी आश्रम पलवल के समीप रहने वाला नवनीत, शेखपुरा निवासी सोकरण और वैभव के रूप में हुई। उनके कब्जे से 18 मोबाइल, दो रजिस्टर, दो लैपटॉप, एक टैबलेट, तीन मोबाइल चार्जर, तीन लैपटॉप चार्जर, दो एलसीडी, लाइन बॉक्स व 53,440 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के तार फरीदाबाद के सट्टेबाजों से जुड़े हैं।


### श्रमिक ठेकेदार से युवकों ने लूटे 36 हजार रुपये

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थानाक्षेत्र में तीन बदमाशों ने एक लेबर ठेकेदार से 36 हजार रुपये लूट लिए। उन्होंने ठेकेदार को मजदूर उपलब्ध कराने के बहाने एक होटल के निकट बुलाया था। पुलिस ने ठेकेदार की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नया बाजार भिवानी के रहने वाले भूपेंद्र सिंह ने इस बारे में पुलिस को शिकायत दी है। भूपेंद्र लेबर ठेकेदार का काम करते हैं। उन्हें श्रमिकों की जरूरत रहती है। उनके पास एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने कहा कि उसके पास 26 श्रमिक हैं। 36 हजार रुपये में वह श्रमिक उपलब्ध करा देगा। उसने अपना नाम छोटू बताया था। उसने ठेकेदार को सूरजकुंड थाना क्षेत्र में एक होटल के निकट बुलाया। भूपेंद्र सिंह जब बताई गई जगह पर पहुंचे तो वहां तीन लोग खड़े हुए थे। वे डरा धमकाकर भूपेंद्र की जेब से 36 हजार रुपये लूटकर भाग गए।

### बच्ची के अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** चार साल की एक बच्ची का अपहरण करने वाले आरोपी को सेक्टर-46 की पुलिस ने पांच घंटे में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बच्ची को गलत नीयत से बहला फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने बच्ची को पीड़ित परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने आरोपी का नाम सूरज बताया है, जो मूल रुप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है। आरोपी फरीदाबाद में विजय कॉलोनी का रहने वाला है। परिजनों ने शुक्रवार शाम को पुलिस को बच्ची के अपहरण के बारे में जानकारी दी। इस जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस की अलग-अलग टीम बना कर बच्ची की तलाश शुरु कर दी।

### एलआर कॉलेज की छात्रा पलक ने किया नाम रोशन



**फरीदाबाद।** पंडित एलआर कॉलेज ऑफ फार्मेसी कबूलपुर बांगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद की बी-फार्म द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा पलक मदान ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरियाणा व पीटी बीडी शर्मा विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया। चेयरमैन पंडित लखमीचंद भारद्वाज, निदेशक प्रोफेसर आरपी आर्य, प्राचार्य डॉ. रवि मल्होत्रा ने पलक मदान को बधाई दी। उन्होंने बताया कि पीटी बीडी शर्मा विश्वविद्यालय ने बी फार्मा का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें पंडित एलआर कॉलेज ऑफ फार्मेसी की बी फार्मा द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा पलक मदान ने हरियाणा व पीटी बीडी शर्मा विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज व जिला फरीदाबाद के साथ साथ अपने अध्यापकों व माता-पिता का नाम रोशन किया। इससे पहले भी छात्रा पलक मदान ने फार्मासिस्ट दिवस समारोह में रंगोली, पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिताओं में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था।

# डीएम ने ग्राम पंचायत भवन व नवीन पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। फतेहपुर

**हस्वा** विकास खंड के ग्राम पंचायत भवन का शनिवार को जिलाधिकारी श्रुति ने औचक निरीक्षण कर ग्राम पंचायत में कराये गए विकास कार्यों का सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन में शिकायत रजिस्टर, परिवार रजिस्टर आदि का अवलोकन करते हुए रजिस्टर में दर्ज शिकायतों के निस्तारण के बारे में जिला पंचायत राज अधिकारी से मौके पर फोन कराकर जानकारी ली। जिस पर शिकायतकर्ता ने संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिकायत रजिस्टर में शिकायत/निस्तारण का दिन व दिनांक का कालम अंकित किया जाये। खंड विकास अधिकारी हसवां को निर्देशित किया कि अपने ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों को जिन योजनाओ से लाभान्वित व कराये गए कार्यो की विवरण पुस्तिका अवश्य बनवा लें। ग्राम पंचायत हसवां में ओएडीफप्लस के तहत कराये गए विकास कार्यों की जानकारी ली। ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम में एक आरआरसी सेन्टर, यू टाइप नाली, शौचालय, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप आदि कार्य कराए गए है। उन्होंने कहा कि आरआरसी सेंटर में कूड़े का कलेक्शन कर उसकी छटाई करायी जाय और उससे प्राप्त धनराशि

## ● शिकायत रजिस्टर में शिकायत/ निस्तारण का दिन व दिनांक का कालम अंकित किया जाये

ग्राम निधि में जमा कराया जाए ताकि ग्राम का विकास हो सके और ग्राम पंचायत स्वयं में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सके। मौके पर ग्रामीणों द्वारा पानी की समस्या बतायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के तहत हर घर नल से जल से संतृप्त किया जाएगा उसके लिए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि पानी की टंकी के निर्माण व पानी पहुंचाने की रिपोर्ट से अवगत कराएं। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी हसवां, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित संबंधित उपस्थित रहे। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने ब्लॉक हसवां के सांतो धरमपुर में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, औषधीय भंडारण कक्ष, मरहम पट्टी/इंजेक्शन कक्ष, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, सब स्टॉक रजिस्टर आदि को देखा और कहा कि सब स्टॉक रजिस्टर में प्रतिदिन दी गई दवाओं का विवरण अंकित किया जाय। औषधी भंडारण कक्ष में दवाओं की वैधता की जांच की जो वैध पायी गयी। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे और स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील भारती, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित चिकित्सक स्टाफ़ उपस्थित रहे।

## एक जून से इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स चलायेगा व्यापार मंडल

**फतेहपुर।** निर्धन छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य व इंग्लिश स्पीकिंग के ज्ञान हेतु उद्योग व्यापार मंडल एक जून से दस दिवसीय इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स शिविर का आयोजन कर रहा है। जिसमें 31 मई तक रजिस्ट्रेशन करवाकर छात्र छात्राएं इंग्लिश स्पीकिंग का ज्ञान नि:शुल्क प्राप्त कर सकेंगे। शिविर के समापन पर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल, प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। शिविर को लेकर उद्योग व्यापार मंडल ने बैठक की। जिसमें संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि शिक्षा से बड़ी कोई पूंजी नही होती। निर्धन छात्र छात्राएं इंग्लिश स्पीकिंग शिविर में भाग लेकर ज्ञान रूपी पूंजी प्राप्त कर सकेंगे। अनुभवी इंग्लिश टीचर वंदना दुबे ने कहा कि दस दिवसीय शिविर में सभी छात्र-छात्राओं को इंग्लिश स्पीकिंग का पूर्ण अनुभव देकर ज्ञान को विकसित करेंगे। इसलिए छात्र छात्राएं शीघ्र अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। स्पीकिंग कोर्स आईटीआई रोड स्थित कोचिंग संस्थान में चलाया जाएगा। बैठक में केके दुबे, आदर्श कुमार, अनिकेत मेहरोत्रा, उमंग दुबे, वंदना दुबे, सलोनी मेहरोत्रा भी मौजूद रहीं।

# सौ प्रश्नो के सही उत्तर देने पर हरेक ब्लाक के पंद्रह फीसदी ग्राम पंचायतों को किया जायेगा पुरस्कृत

संवाददाता। हमीरपुर

**मुख्यमंत्री** पंचायत प्रोत्साहन पुरुस्कार योजना के तहत अच्छा कार्य करने वाली हर ब्लाक से पंद्रह फीसदी ग्राम पंचायतों को ईनाम दिया जायेगा। इसके लिये हर ग्राम पंचायत को सौ अंक की प्रश्नोत्तरी आन लाइन हल करनी होगी इसके बाद पुरुस्कार देने का फैसला राज्य समिति करेगी।

## ● शासन ने जारी किया शासनादेश, डीपीआरओ ने जारी किया आदेश

जिला पंचायत राज अधिकारी(डीपीओ) राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस योजना के तहत पंचायतों को अच्छा काम करने के लिये जागरुक करना है। ताकि पंचायते माडल ग्राम पंचायत के रुप में विकसित हो सके। जो ग्राम पंचायते इस पुरुस्कार को लगातार प्राप्त कर रही है उन्हे यह पुरुस्कार नही दिया जायेगा।

ग्राम पंचायतों के प्रधान को जो प्रश्नोत्तरी हल करनी होगी उसमे गरीबी युक्त गांव,स्वस्थ गांव,बाल मैत्री गांव,जल युक्त गांव,गांव में राशन वितरण,किसान सम्मान निधि,केसीसी,टीकाकरण,प्रसव,जेएस वाई,शौचालय,शिक्षा,जल निकासी, पौधरोपण, आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्था,विद्यालयों का काया कल्प,ग्राम पंचायतों की स्वयं स्त्रोतोसे आय,गांव संबंधी शिकायतों का निस्तारण,उज्जवला योजना,गांव में हेल्पलाइन की सक्रियता,गांव में कुल बैठको की संख्या आदि विंदुओ पर प्रश्न पूछे जायेगे।

# बहिलपुरवा पुलिस ने तीन गौ तस्करों को दबोचा

संवाददाता। चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ सिटी हर्ष पांडेय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा गुलाबचंद सोनकर की टीम ने तीन अंतर प्रान्तीय तस्करों को 40 गौवंशों समेत गिरफ्तार किया है।

शनिवार को प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ओहन बांध के पास जंगल से सेमरदहा से तीन लोग को गौतस्करी को 40 गौवंशों को ले जा रहे हैं।

पुलिस ने तत्काल पहुंचकर तस्करों को गिरफ्तार किया। पूंछताछ में नाम-पता जेशा नायक पुत्र खेमा नायक निवासी पोगरी थाना सुहागपुर जिला शहडोल मप्र, तेजा नायक पुत्र प्रेमा नायक निवासी घाटा जिला अनूपपुर मप्र व राजेश पुत्र दुखवा कोल निवासी पोगरी थाना सुहागपुर जिला शहडोल मप्र बताया। इन्होंने बताया कि वे गौवंशों को वध की गरज से मप्र सीमा तक पैदल जंगल के रास्ते ले जाते हैं। मप्र की सीमा आते ही गौवंशों को ट्रक में लादकर शहडोल ले जाते हैं। पूंछताछ में बताया कि ये कार्य बहुत दिनों से कर रहे हैं। थाना बहिलपुरवा में तीनों के खिलाफ गौवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## क्विक न्यूज

### फसल की रखवाली करनें खेत पर गये वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या

**फर्रुखाबाद।** धारदार हथियार से वृद्ध की निर्मम हत्या बीती रात फसल की रखवाली करनें खेत पर गये वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। सुबह उसका शव चारपाई पर पड़ा मिला। पुलिस नें मौके पर जाकर जाँच की। परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों नें चार के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कराया है। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उगरपुर निवासी 75 वर्षीय नन्हे लाल बीते शुक्रवार की रात अपने गाँव से कुछ दूर खेत में खड़ी मक्के की फसल की रखवाली करनें गये थे। सुबह जब उसका पुत्र अमृत चाय लेकर खेत पर गया तो पिता का शव चारपाई पर खून से लथपथ पड़ा मिला। पिता की हत्या देख अमृत के मुंह से चीख निकल गयी और बेहोश भी हो गया। सूचना पर ग्रामीण और परिजनों मौके पर पंहुचे।

### कच्ची शराब के साथ दबोचा गया युवक

**कोंच(जालौन)।** अवैध रूप से बिक्री के लिए ले जाई जा रही कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार भेंड़ चौकी इंचार्ज सर्वेश कुमार सिंह ने शनिवार को गश्त के दौरान गांव भेंड़ के पास से ही एक व्यक्ति सद्दाम निवासी नई बस्ती कोंच को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा। पुलिस ने उसका आबकारी एक्ट में चालान कर दिया है।

### तीन शिकायतें आईं थाना समाधान दिवस में, दो निस्तारित

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में शनिवार को कुल 3 शिकायतें आईं जिनमें पुलिस से संबंधित 2 शिकायतों का तत्काल मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि राजस्व से जुड़ी एक शिकायत के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई है जो मौके पर जाकर समस्या की प्रकृति देखकर उसका गुणवत्ता पूर्ण समाधान करेगी। इस अवसर पर कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक, अतिरिक्त निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, एसएसआई लालबहादुर यादव, दरोगा सर्वेश कुमार, संजय सिंह पाल, खेमचंद्र के अलावा राजस्व विभाग के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मवइया गांव के समीप एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के माई खेड़ा गांव निवासी मोहनलाल का 25 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार बीती देर रात किसी काम से बाइक द्वारा कल्यानपुर थाना क्षेत्र में गया था। तभी कोई तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मारता हुआ निकल गया। वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्रमोद रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खड़ी ट्राली से टकराया बाइक सवार, मौत

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के मुत्तौर गांव के समीप रोड किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में शुक्रवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक सवार जाकर टकरा गया। ट्राली में टकराने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके चलते उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के सतखरा गांव निवासी उदयवीर का 35 वर्षीय पुत्र नितेश किसी काम से ललौली थाना क्षेत्र गया था। तभी वह एक रोड किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### थाना समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनी समस्यायें

**जालौन (उरई)।** तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में मात्र एक फरियादी ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। शिकायत को संबंधित लेखपाल को सौंपकर तीन दिन में निस्तारण के निर्देश एसडीएम ने दिए। कोतवाली परिसर में तहसीलदार बलराम गुप्ता की अध्यक्षता एवं सीओ रविंद्र गौतम की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में मात्र एक फरियादी ने घरेलू बंटवारे को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उक्त शिकायत को संबंधित लेखपाल को सौंपकर तीन दिन में निस्तारण आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश तहसीलदार ने दिए। इस मौके पर कोतवाल समीर सिंह, चौकी प्रभारी अतुल राजपूत, एसआई राजकुमार पांडेय, कल्लू यादव, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### झांसा देकर युवक से की तीन लाख की धोखाधड़ी

**फतेहपुर।** एड एजेंसी का झांसा देकर दंपती से तीन लाख की धोखाधड़ी की गई। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के महिला डिग्री कालेज के पास रहने वाले गौरव द्विवेदी ने एफआईआर में बताया कि एड एजेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन पर एक युवक का फोन आया। एजेंसी चालू करने के लिए युवक के बताए गए 11 खातों में दो लाख 58 हजार पांच सौ पचास रुपये और पत्नी अंजली के खाते से पचास हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। एजेंसी नहीं चालू होने पर धोखाधड़ी का पता लगा। उसने फोन पर संपर्क किया और रकम वापस मांगी। रुपये वापसी से इन्कार कर दिया और गाली गलौज की। कोतवाल अमित मिश्रा ने बताया कि धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### प्रसव के दौरान महिला की मौत, हंगामा

**फतेहपुर।** खागा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदों में शुक्रवार को बहियापुर निवासी रीता देवी उम्र 21 वर्ष को गांव से प्रसव के लिए भर्ती किया गया था। जहां उसका इलाज किया जा रहा था। महिला के पति अरूण ने बताया कि शाम के समय स्टाफबदलने के बाद वहां मौजूद स्टाफनर्स ने महिला को छह इंजेक्शन लगाए। जिसके बाद महिला की हालत खराब होने लगी तभी वहां मौजूद स्टाफने महिला को रिफर कर दिया गया। स्वजन महिला को जैसे ही रात दस बजे एक निजी अस्पताल के बाहर लेकर पहुंचे वैसे ही महिला को डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। स्वजनों में आरोप लगाया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसके इलाज में हीला-हवाली की गई है। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले के बाद से स्वजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का घेराव किया। घटना के बारे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. शिवशंकर यादव ने बताया कि मामले में जांच बैठा दी गई है।

### कोतवाली व भरतकूप पुलिस ने एक-एक आरोपी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी गुलाबचन्द्र त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा मुन्नीलाल की टीम ने नवल किशोर पुत्र शिवराम निवासी कोल गदहिया के कब्जे से 24 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है।

# वीणा साहित्य परिषद द्वारा आचार्य कंचन की स्मृति में काव्य गोष्ठी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**वीणा** साहित्य परिषद द्वारा आचार्य कंचन की स्मृति में काव्य गोष्ठी,साहिल कन्नौज का अभिनंदन वीणा साहित्य परिषद के तत्वधान में कला, साहित्य एवं संगीत की त्रिवेणी आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन की स्मृति में भव्य काव्य समारोह का आयोजन कर उनकी स्मृतियों को याद किया गया । इस दौरान कन्नौज के वरिष्ठ साहित्यकार कवि उमा शंकर वर्मा साहिल का अभिनंदन किया गया। शुक्रवार को शहर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट बाबा हुक्कमेश्वर नाथ शिव मंदिर स्थित नटराज भवन में आयोजित काव्य समारोह का मुख्य अतिथि डॉक्टर रजनी सरीन,राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिव ओम अम्बर, विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र पाण्डेय,डॉक्टर संतोष पाण्डेय,महामंत्री दिलीप कश्यप वरिष्ठ कवि राम शंकर अवस्थी अबोध,राम अवतार शर्मा इंदु ने आचार्य कंचन जी व देवी सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर शुभारंभ किया ।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर रजनी सरीन ने प्रवास के समय आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन द्वारा उन्हें भेजे गए एक पत्र को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि आचार्य कंचन हमेशा साधनहीन कलाकारों की मदद करते रहते थे,वह नवोदित कलाकारों को बढ़ावा देते थे। कई बार जब मेरी उनसे भेंट हुआ करती थी तब वह देश और समाज के साथ-साथ कला साहित्य पर घंटों चर्चा किया करते थे ।

## मदरसा के रक्षक बन गये भक्षक, धांधली की शिकायत उच्चाधिकारियों से

**मौदहा, हमीरपुर।** बक्फ संपत्ति पर एकाधिकार समझने के मामले पर मौदहा के मदरसा शेख अब्दुल कादिर जीलानी विवादों के घेरे में आ गये है। मौलाना सिद्दीकी अहमद एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के अन्तर्गत मामला चल रहा है। यह सोसायटी 1997 में सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एंड चिट्स झांसी में रजिस्टर्ड कराई गई थी जिस में अध्यक्ष मौलाना गुलाम मोहम्मद उस्तानवी अक्कलकुवा महाराष्ट्र व नजीब अहमद हथौड़ा जनरल सिक्रेटरी बनाए गये थे तथा मौलाना हबीब अहमद हथौड़ा को संरक्षक बनाया गया था। इनके अतिरिक्त और भी सम्मानित व्यक्ति समिति के सदस्य बनायें गये थे। मदरसा की मौजूदा ईमारत मौलाना गुलाम मोहम्मद उस्तानवी नें लगभग 2008 में बनवाई थी और तब से आज तक मदरसे की इमारत में कोई भी निर्माण कार्य ऐसा नही हुआ है जो दिखाई दे। मौलाना गुलाम मोहम्मद उस्तानवी की ख्वाहिश थी कि मदरसे के साथ साथ एक स्कूल भी चले जिस में गरीब यतीम बच्चों को मजहबी तालीम के साथ साथ विज्ञान, गणित, हिन्दी व अंग्रेजी आदि की भी शिक्षा मुफ्त दी जाए इस के लिए वह सदैव प्रयासरत रहे।

# अंडर 19 मैच में आजमगढ़ विजयी

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के दिशा-निर्देशन में गाजीपुर मंडल के अंतर्गत जनपद गाजीपुर के नेहरु स्टेडियम में हो रहे अंडर 19 के अंतर जनपद ट्रायल का चौथा और अंतिम मैच गाजीपुर और आजमगढ़ के बीच खेला गया। मैच के पूर्व गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध - उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ) के मुख्य संरक्षक तथा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपेक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह ने मुख्य चयनकर्ता कमल कांत कनौजिया, वरिष्ठ अंपायर ए0पी0 सिंह एवं शिशिर मेहरोत्रा के साथ पिच का मुयायना किया। रिपोर्टिंग टाइम प्रात: 07 बजे था 7 टॉस प्रात: 07~30 बजे कराकर ठीक 08~00 बजे मैच शुरू किया गया। टॉस जीतकर आजमगढ़ बल्लेबाजी करने करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आजमगढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए धनञ्जय यादव के 85 तथा उत्कर्ष पाण्डेय के अर्धशतक (50) रनों के



बदौलत 291 रन बनायीं।

जवाब में गाजीपुर की टीम मात्र 124 रन बनाकर सिमट गयी। इस मैच में आजमगढ़ 167 रनों से मैच अपने नाम कर लिया। सम्पूर्ण मैच के दौरान उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से अधिकृत चयनकर्ता कमल कांत कनौजिया, वरिष्ठ अंपायर ए0पी0 सिंह एवं शिशिर मेहरोत्रा सहित स्कोरर अनूप शर्मा मैदान पर उपस्थित थे। मैच के अंत में बी.सी.सी.आई पैनल के अंपायर अनिरुद्ध प्रताप सिंह को गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने सांकेतिक सम्मान स्वरुप टी-शर्ट तथा गिफ्ट भेंट किया। इसके अतिरिक्त संस्था के मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह ने अंगवस्त्र तथा सचिव डॉ0 उमेश चन्द्र राय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह बताया कि अपने व्यस्त दिनचर्या के बावजूद अंडर 19 ट्रायल के लिए समय निकाला जिसके लिए मंडल के तरफ से जी0डी0सी0ए0 उनके प्रति आभारी रहेगी। उन्होंने बताया कि कल रविवार दिनांक 28 मई को पिच का मरम्मत कार्य किया जायेगा तथा सोमवार दिनांक 29 मई से 01 जून तक अंडर 16 का ट्रायल मैच कराया जायेगा।

# मत्स्य विभाग की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

संवाददाता। गाजीपुर

**विकास** भवन सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं में आवेदन करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मत्स्य पालक विभाग अभिकरण द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना निदेशक राजेश यादव द्वारा की गयी। कार्यक्रम में निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष आम प्रकाश बिन्द भी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य श्रीमती सपना पुरी द्वारा मत्स्य पालकों को विभागीय



पोर्टल पर आवेदन कैसे करें ? इसकी वृहद जानकारी दी गयी एवं मत्स्य पालकों को बताया कि आगामी 30 मई से 15 जून,2023 तक पोर्टल सभी के लिए खुला रहेगा। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, माधुआ दुर्घटना बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड एवं वर्तमान वर्ष में प्रारम्भ दो नवीन योजनायें मत्स्य पालक कल्याण कोष एवं निषादराज बोट सब्सिडी योजना की जानकारी भी कार्यशाला में दी गयी।

## उद्यमी लाभ पाने को करायें पंजीयन

**चित्रकूट।** उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने जिले के उद्यमियों/व्यापारियों/हस्तशिल्पियों से कहा है कि उद्योग/उद्यम/व्यापार/हस्तशिल्प से जुड़े कार्य को एक जून से 15 जून तक यूआरसी (उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र) पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है।

शनिवार को उन्होंने बताया कि पंजीयन अभियान सहज जनसेवा केन्द्र के माध्यम से वेबसाइट पर खुद कर सकते हैं। पंजीयन के समय आधार, पैन, बैंक एकाउण्ट नं, उद्यम की लागत एवं रोजगार की संख्या के साथ आवेदन कर सकते है।

# शौचालय सहित अन्य सुविधाओं से रेलवे स्टेशन को करें परिपूर्ण : नवीन

संवाददाता। फतेहपुर

**शनिवार** को एडीआरएम (इन्फ्रा स्ट्रेक्चर) प्रयागराज मंडल नवीन प्रकाश ने अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित होने के बाद रेलवे स्टेशन पर कराये जाने वाले कामों व स्थान को परखने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि रेलवे स्टेशन को शौचालय सहित अन्य सुविधाओं से परिपूर्ण किया जाये। उन्होने प्लेटफार्म नं. 4 के निर्माण कार्य का भूमि भूजन किया। अब लोगों में उम्मीद जाग गई है कि प्लेटफार्म का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जायेगा।

एडीआरएम इन्फ्रा नवीन प्रकाश ने प्लेटफार्म नंबर एक पर मौजूद विभिन्न कार्यालयों का बारीकी से अवलोकन किया। जहां करवाए जाने वाले काम को परखा। रेलवे स्टेशन पर मौजूद भोजनालय में ताला पड़ा देखा। उन्होंने इसके बावत जानकारी हासिल की। मुख्य टिकट पर्यवेक्षक कार्यालय के आग के बचाव के लिए रखी बाल्टियों में भरे पानी व बालू की जांच की। साथ ही रेलवे स्टेशन पर मौजूद फस्टऐड कार्यालय में पहुंचकर डाक्टर अल्ताफ से दवाईयों के बावत जानकारियां हासिल की। उन्होने संबंधित अफसरों के पास मौजूद नक्शे का अवलोकन करते हुए कराए जाने वाले कामों के लिए चिंहित किए गए स्थानों पर जाकर

## ● एडीआरएम इन्फ्रा ने निरीक्षण कर प्लेटफार्म नं. 4 के निर्माण कार्य का किया पूजन

वहां की नापजोख करवाए जाने के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को परखा। जिससे जल्द से जल्द काम को पूरा करवाया जा सके। एडीआरएम ने बताया कि जल्द ही रेलवे स्टेशन व सर्कुलेटिंग एरिया में यात्रियों की सुविधाओं के दृष्टिगत शौंचालय सहित अन्य सुविधाओं से रेलवे स्टेशन को परिपूण किया जाएगा। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

आरपीएफ थाने के बगल में खाली पड़े स्थान को डेवलप कराए जाने के लिए यहां पर मौजूद विभिन्न डिपार्टमेंट के प्रयोग में आने वाले विविध स्टोर को तोड़े जाने के निर्देश दिए जिससे खाली पड़े स्थान को अन्य कार्य में प्रयोग किया जा सके। चौरीचौरा से पहुंचे एडीआरएम ने करीब दो घंटे तक विभिन्न बिंदुओ की बारीकी से पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान एडीईएन अर्चित जैन, प्रभारी स्टेशन अधीक्षक संदीप सिंह, प्रभारी सीएमआई महेंद्र गुप्ता, आईओडब्ल्यू एके पांडेय, गौरव सोनकर सहित अन्य विभागों के प्रमुख मौजूद रहे।

# हर व्यक्ति अपने नौनिहालों को पोलियो की दवा अवश्य पिलवाये : गौरीशंकर

संवाददाता। उरई (जालौन)

**राष्ट्रीय** पल्स पोलियो महा अभियान 28 मई 2023 के सफल संचालन हेतु 27 मई 2023 को प्रचार-प्रसार हेतु बैंड-बाजे के साथ जन जागरण रैली जिला चिकित्सालय उरई परिसर से निकाली गई। विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली जिला चिकित्सालय प्रांगण से होकर शहीद भगत सिंह चौराहा (मच्छर चौराहा) से होकर बजरिया से होते हुये गणेश गंज होकर जिला चिकित्सालय परिसर में समाप्त हुई।

इस अवसर पर विधायक सदर ने जनमानस को सम्बोधित कर अपील की कि अपने 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो



को बूथ दिवस पर अपने एवं पडोस के 0-5 वर्ष तक के शत-प्रतिशत बच्चों को ओरल पोलियो की दवा पिलाकर अपने नौनिहालों को विकलांगता जैसे अभिश्राप से मुक्ति दिलायें। इस अवसर पर डा. एनडी शर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. अवनीश कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय उरई, डा. सुनीता वनौधा मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय उरई, डा. वीरेन्द्र सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा. एसडी चौधरी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनयूएचएम, स्टोर, डा. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, डा. मदन कुष्ठ अधिकारी, डा. नरेश वर्मा अध्यक्ष रेडकास सोसायटी, सहयोगी संस्थाऐं यूनीसेफ यूएनडीपी, डब्लूएचओ के जनपद प्रतिनिधि जिला समन्वयक शिक्षा विभाग धर्म गुरू मु. शकील रहमानी शहर काजी उरई, मु. यूसुफ अंसारी, आरपी विश्वकर्मा अपर शोध अधिकारी, अरविन्द्र कुमार एचईओ, डा. जितेन्द्र कुमार नोडल अधिकारी नगर क्षेत्र उरई, संजीव कुमार को ऑडिनेटर, इसके अतिरिक्त ममता स्वर्णकार, एनसीसी केडेट्स, नगर क्षेत्र उरई की ऑगनबाडी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, आशा कार्यकत्रियों, मुस्कान हॉस्पिटल उरई की स्टाफ नर्स एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रहकर रैली में प्रतिभाग किया।

दवा अवश्य पिलायें तथा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने अपने सम्बोधन में जनपद वासियो, समाज सेवियों, धर्मगुरूओं से अपील कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाने हेतु मन्दिर, मस्जिद, गुरूद्वारा चर्च आदि से बच्चों को दवा पिलाने हेतु समाज को जागरूक करें तथा डा. देवेन्द्र भिटौरिया जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने अपील की कि 28 मई 2023

# साइबर टीम ने चार पीड़ितों के एक लाख 68 हजार 919 रुपये कराये वापस

संवाददाता। चित्रकूट

**बढ़ते** साइबर अपराध रोकने व आमजनता को राहत दिलाने की गरज से जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने साइबर अपराध के चार पीड़ितों के एक लाख 68 हजार 919 रूपये उनके खातों में वापस कराये हैं।

शनिवार को राजापुर थाने के बरद्वारा गांव के सचिन कुमार ने शिकायत की थी कि अज्ञात लोगों ने उनके खाते से धोखाधड़ी कर 59 हजार रुपये निकाल लिये हैं। बरगढ थाने के आलोक कुमार द्विवेदी के भी अज्ञात लोगों ने खाते से धोखाधड़ी कर 46048 रुपये निकाल लिये थे। कोतवाली कर्वी के इटरौर भीखमपुर गांव के शिवमूरत के भी खाते से अज्ञात लोगों ने धोखाधड़ी कर 48851 रुपये निकाल लिये थे।



इसी तरह कोतवाली कर्वी के बंशगोपाल केशरवानी ने भी शिकायत की थी कि अज्ञात लोगों ने उनके खाते से धोखाधड़ी कर 15 हजार रुपये निकाल लिये थे। साइबर सेल ने प्रयास कर चारों पीडितों को शत-प्रतिशत धनराशि उनके खातों में वापस कराई है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, सिपाही सर्वेश कुमार, सिपाही हरिशचन्द्र, सिपाही प्रशांत कुमार के कार्यों की सराहना की है। साइबर सेल प्रभारी ने जनता से अपील की है कि गूगल पर किसी भी कम्पनी या बैंक का कस्टमर केयर नम्बर ढूंढने में बेहद सावधानी बरते। प्राप्त नम्बरो पर पूरी तरह भरोसा न करें। अपनी व्यक्तिगत व बैंकिंग सम्बन्धी जानकारी किसी से भी साझा न करें। एनीडेस्क, टीम व्यूअर आदि रिमोट एक्सेस साफ्टवेयर का प्रयोग बेहद सावधानी से करे। इससे साइबर अपराधियों को आपके खाते तक पहुंचकर आर्थिक रूप से धोखाधड़ी का मौका नहीं मिलेगा। फोन पर कभी भी किसी प्रकार के लुभावने ऑफर प्राप्त करने को कभी किसी को अपने बैंक खाता, एटीएम नम्बर, ओटीपी सम्बन्धी जानकारी न दें।


## शिक्षक हैं या गुरु घंटाल

बाबा विश्वनाथ पर टिप्पणी कर चर्चा में आए एक शिक्षक को छात्र समझ नहीं पा रहे हैं कि वह शिक्षक हैं या गुरु घंटाल। जो कहने के लिए तो शिक्षक हैं पर क्लास में अपनी मानसिकता से बाज नहीं आते। पिछली बार बाबा विश्वनाथ पर टिप्पणी करने के बाद उनकी ऐसी फजीहत हुई कि उनकी सुरक्षा के लिए विवि को आगे आना पड़ा। इतना ही नहीं टिप्पणी से मचे बवाल में एक छात्र का कैरियर कोर्ट के सहारे चल रहा है और अब है कि क्लास में अपनी जातिवादी मानसिकता का प्रदर्शन कर पूरी बिरादरी की जगहंसाई करा रहे हैं। महोदय बनते अपने को बहुत विद्वान हैं पर उन्हें यह नहीं मालूम की जिस धर्म पर उन्होंने टिप्पणी की थी, उसी धर्म ने गुरु को ईश्वर से बड़ा माना है। ऐसे में क्लास में उनके लिए सभी बच्चे बराबर हैं। पर उनकी हरकतें देखकर लगता है कि वो भी कोई मूवमेंट चला रहे हैं। यही हाल रहा तो किसी दिन फिर बवाल में फसेंगे गुरु घंटाल।



## देख दिनन के फेर

भगवा सरकार में लाख अच्छा परफारमेंस दिखाने के बावजूद लंबे कद वाले एडीजी साहब का कोई भला नहीं हो पा रहा है। सरकार के पार्ट-1 से लेकर अब तक फील्ड में कोई अहम जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई। लगातार साइड पोस्टिंग पर ही हैं। साइकिल वाली सरकार के समय मलाईदार पोस्टों पर तैनात रहने की वजह से ही उन्हें इस सरकार में कोई अहमियत नहीं मिली। शुरुआत में अच्छी तैनाती के लिए हाथ-पैर मारने के बाद एडीजी साहब शांत होकर बैठ गए थे। उन्होंने साइड पोस्टिंग में भी अपने बेहतर परफारमेंस का प्रदर्शन किया। खाकी की ओर से कोर्ट में पैरवी कर सजा दिलाने वाले शाखा के मुखिया के रूप में उनके प्रदर्शन की भगवा सरकार के मुखिया ने भी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इसके बाद यह संभावना बनी की शायद उन्हें अब किसी कमिश्नरेट अथवा जोन का प्रभार मिल जाए। बेहतर पोस्टिंग मिलना तो उनके खिलाफ ऐसा कानूनी पचड़ा उलझा कि जिस पद पर थे उससे भी हटा दिए गए और अब विशेष प्रकार की जांचों का जिम्मा संभालने वाली शाखा में तैनात कर दिया गया है। अब इंतजार इसी बात का है कि देखो एडीजी साहब की किस्मत में कब अच्छे दिन नसीब होते हैं।




## मंडरा रहे संकट के बादल

लगता है मंत्री जी के ऊपर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। भीतर खाने की माने तो इस बार होने वाले कैबिनेट विस्तार में मंत्री जी पर गाज गिर सकती है। वैसे ही जैसे पिछली बार कुछ मंत्रियों को लोकसभा का चुनाव लड़ा कर किनारे कर दिया गया था, जो आज तक उबर नहीं पाए, जिसमें प्रयागराज की एक मैडम भी शामिल हैं। उसी तरह से इस बार भी प्रयागराज के रहने वाले शिव की सवारी नाम वाले इन चर्चित मंत्री महोदय पर भी गाज गिरने के प्रबल आसार हैं। इसकी भनक भी शायद मंत्री जी को लग गई है। यही वजह है कि मंत्री जी हाईकमान की चरण वंदना में जुट गए हैं। वैसे देखा जाए तो हाईकमान पर पकड़ बनाने का इन मंत्री जी का अपना रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। यही वजह है कि ये महोदय तीन बार मंत्री बन चुके हैं। एक बार बसपा सरकार में और दो बार योगी सरकार में। विधानसभा चुनाव के पूर्व इन महोदय ने जहां पीएम मोदी पर बनी बायोपिक प्रयागराज के हजारों लोगों को फ्री में दिखवाई, तो वहीं पिछले दिनों रिलीज हुई 'द कश्मीर फाइल्स' के प्रयागराज में शो बढ़वाने से लेकर उस फिल्म से जुड़ी टीम की सीएम योगी से मुलाकात करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे तो यह साफ हो गया है कि इन महोदय को हाईकमान पर पकड़ मजबूत रखने में महारथ हासिल है लेकिन अब आगे देखना है कि यह महोदय आने वाले समय में हाईकमान पर कितना जादू चलाकर अपना मंत्री पद बचा पाते।

## बेबस नजर आए छोटे साहब

नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल के शपथ लेते ही नगर निगम में चापलूसों की टीम सक्रिय हो गई। बेचारे छोटे साहब देखते रहे... लेकिन करते भी क्या इन्हीं से काम भी तो कराने हैं। गुलदस्ता देकर स्वागत करने के साथ अपनी नेतागीरी भी चमकाने लगे हैं। यह पार्टी से लेकर नगर निगम के कर्मचारी छुटभैये नेताओं तक जारी है। आलम यह है कि छोटे साहब के सामने शपथग्रहण के दौरान अपने को महापौर का खासमखास बताने वाले ठेकेदार मंच तक पहुंच गए। उपमुख्यमंत्री के सामने समारोह में अधिकारियों की सारी व्यवस्था धरी की धरी रह गयी। बड़ी बड़ी बातें बनाने वाले छोटे साहब सहित आधा दर्जन अफसर मंच तक नहीं संभाल पाए। आलम यह है कि रहा कि चेहरा दिखाने की होड़ में शपथ ग्रहण कार्यक्रम जैसे तैसे निपटा कर औपचारिकताएं पूरी की। कई नवनिर्वाचित पार्षद को तय स्थान पर बैठने को नहीं मिला। अफरातफरी की बीच कार्यक्रम तो निपट गया, लेकिन अब शहर के विकास का मैनेजमेंट नवनिर्वाचित महापौर कितना संभाल पाएंगी, यह भविष्य तैय करेगा।



# स्कूलों में बच्चों के शोषण पर योगी सरकार सख्त, जारी की गाइड लाइन

**● शोषण के मामलों में प्रधानाचार्यों, शिक्षकों समेत अन्य जिम्मेदारों का तय किया गया उत्तरदायित्व**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार छात्रों की शिक्षा के साथ ही उनकी सुरक्षा को लेकर भी संवेदनशील है। इसी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सरकार ने सभी शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत बच्चों के शारीरिक व मानसिक शोषण एवं यौन उत्पीड़न संबंधी घटनाओं को रोकने के लिए तय गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के खिलाफहोने वाली घटनाओं के संबंध में 2015 में एक विस्तृत गाइडलाइंस तैयार की गई थी। अब योगी सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों से इस गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन करने को कहा है। राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद ने प्रदेश के सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में गाइडलाइंस का पालन किया जाए। साथ ही सभी प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, स्टाफ, वार्डेन एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को भी इन गाइडलाइंस का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। गाइडलाइंस जारी करने का उद्देश्य प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा संरक्षित करने तथा बाल अपराध एवं असंवैधानिक कृतियों की रोकथाम और स्कूल जाने वाले बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न से रक्षा करना है। साथ ही इसमें शैक्षणिक संस्थानों का उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया गया है। गाइडलाइंस में कहा गया है कि प्रत्येक विद्यालय प्रबंधतंत्र-स्कूल मैनेजमेंट कमेटी एवं प्रधानाचार्यो का यह दायित्व है कि विद्यालय परिसर में या विद्यालय आते-जाते अथवा विद्यालय से बाहर फील्ड विजिट में इस प्रकार का वातावरण तैयार करें जो बच्चों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करे और छात्र-छात्राओं का किसी प्रकार का शारीरिक-मानसिक एवं यौन शोषण न हो। इसमें विद्यालय प्रांगण को सुरक्षित बनाने के लिए भी कई तरह के उपाय बताए गए हैं। इसमें स्कूल बसों में जीपीएस सिस्टम के साथ ही ड्राइवर व हेल्पर के वेरिफिकेशन की अनिवार्यता रखी गई है। साथ ही बस के अंदर चाइल्ड हेल्पलाइन और वूमेन हेल्पलाइन नंबर तथा पुलिस स्टेशन का नंबर लिखा होना चाहिए। प्रत्येक बस में दो टीचर की इस प्रकार व्यवस्था होनी चाहिए जो बच्चों के साथ स्कूल में बस से आवागमन करेंगे। इसके अलावा शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का व्यवहार संतुलित होए इस संबंध में भी व्याख्या की गई है। बच्चों में परस्पर समन्वय एवं जागरूकता के लिए अभियान चलाने के भी निर्देश हैं।

## कांग्रेस ने नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से न कराने पर जताई आपत्ति

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कांग्रेस ने प्रदेश के हर जिले से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराने पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है। ज्ञापन के माध्यम से इसे प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया है। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने कहा कि संविधान का अनुछेद 79 स्पष्ट करता है कि 'संघ के लिए एक संसद होगी जो राष्ट्रपति और दो सदनों से मिलकर बनेगी'। अर्थात राष्ट्रपति हमारे संसदीय लोकतंत्र की कस्टोडियन हैं। इसलिए नए संसद भवन का उद्घाटन संवैधानिक तौर पर राष्ट्रपति को ही करना चाहिए। लेकिन प्रधानमंत्री द्वारा प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर उसका उद्घाटन खुद करना संविधान विरुद्ध है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि राष्ट्रपति का पद किसी व्यक्ति विशेष का पद नहीं होता बल्कि वह राष्ट्र प्रमुख का पद होता है। इसलिए प्रोटोकॉल का यह उल्लंघन संवैधानिक व्यवस्था का उल्लंघन है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को नई दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट करते हुए

## अमृत सरोवरों पर 21 जून को आयोजित होंगे कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह 21जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन प्रदेश के सभी अमृत सरोवरो पर योग करने का भव्य आयोजन किया जाय, उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरो के पास बने ओपन जिम, खेल मैदान आदि में योग दिवस मनाने की विधिवत तैयारी अभी से की जाए। वहां पर 21 जून को ग्रामीण एसमूह की महिलाएं, मनरेगा श्रमिक आदि सभी योग करेंगे इसके लिए ग्रामीणो, समूह की महिलाओं आदि को अभी से प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा साइटोएजहां पर काम चल रहा होए वहां पर भी योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। योग की महत्ता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा की योग से होने वाले फायदों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अमृत सरोवर पानी से लबालब रहने चाहिए, जहां पर पानी कम हो, वहां पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। और वहां पर खाली जमीन पर वृक्षारोपण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए उन्होंने कहा की अमृत सरोवरो के रखरखाव के लिए अमृत सरोवर सखी रखने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह निर्देश शनिवार को अपने कैंप कार्यालय सात. कालिदास मार्ग पर ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग के आवंटित बजट का सदुपयोग करते हुए समय से व्यय किया जाए। बजट को समय से व्यय करने की ठोस व प्रभावी रणनीति बनाई जाय, उन्होंने कहा कि ग्राम चौपालो से सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं। ग्राम चौपालों का रोस्टर पहले से बनाकर सभी संबंधित अधिकारियोंए कर्मचारियों व प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए। निर्देश दिए कि व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर ग्राम चौपालों की फोटो व वीडियो क्लिप अपलोड किया जाय। उन्होंने कहा कि वह स्वयं आगामी जून माह में बरेली, प्रयागराज, फतेहपुर, लखीमपुर खीरी व कुशीनगर में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद करेंगे।

## पंडित नेहरू ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने में दिया अहम योगदान: खाबरी

**● कांग्रेस मुख्यलाय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्य तिथि**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पूर्व** प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि शनिवर को कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धा एवं सादगी के साथ मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने पं. नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पं. नेहरू को युगदृष्टा बताते हुए कहा कि उन्होंने विश्व पटल पर भारत को नई ऊंचाइयों पर स्थापित करने, भारत की संस्कृति, सभ्यता और गंगा-जमुनी तहजीब एवं सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोने तथा एक महान भारत की परिकल्पना की थी। पं. नेहरू ने पंचशील सिद्धांत का प्रतिपादन कर भारत को एक संप्रभु राष्ट्र, लोकतंत्र को मजबूत बनाने, एकता-अखण्डता के साथ ही आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सामरिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने एवं विश्व शांति की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज उसी का परिणाम है कि आज भारत सम्पूर्ण विश्व में हर क्षेत्र में अग्रसर है और नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पं. नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन कर पं. नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। संगोष्ठी को नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. प्रमोद पाण्डेय, मनोज तिवारी, बृजेन्द्र कुमार सिंह, संगीता जायसवाल, संजय शर्मा, वेद प्रकाश त्रिपाठी, अनीस अंसारी आदि वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने सम्बोधित किया।

## प्रयागराज में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत आरआरआर सेंटर की शुरुआत

**● संगम और देवालयों में खुलेंगे मोबाइल कलेक्शन सेंटर**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ प्रयागराज

**पर्यावरण** प्रदूषण से सामने आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए योगी सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है। कुम्भ नगरी प्रयागराज में इसी उद्देश्य से 'मेरी लाइफ -मेरा स्वच्छ शहर' अभियान के तहत आर आर आर सेंटर की शुरुआत की गई है। शहरी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने और उनकी दैनिक आदतों में बदलाव लाने के लिए यह प्रयास प्रोत्साहित करेगा।

प्रयागराज में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के 'नेकी की दीवार' का लोकार्पण किया गया। नगर निगम के नगर आयुक्त चंद्रमोहन गर्ग के मुताबिक़ यह एक कलेक्शन सेंटर है जिसका प्राथमिक उद्देश्य शहरी जीवन में 3 आर के मंत्र यानी रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कचरे को कम करने, उसका पुन: उपयोग और रीसाइक्लिंग इसका मूल उद्देश्य है। इसके अंतर्गत स्थापित इस आरआरआर केंद्र में नागरिकों के लिए अपनी पुरानी और अप्रयुक्त वस्तुओं को जमा करने के लिए एक सुविधाजनक और सुलभ स्थान प्रदान किया गया है। जहां लोग अपने घरों, कार्यालय या प्रतिष्ठान में मौजूद अनुपयोगी वस्तुओं को दान दे सकते हैं और जिन्हें जरूरतमंद लोगों को इस्तेमाल के लिए दे दिया जाता है। शहर में फिलहाल ऐसे 10 कलेक्शन सेंटर खोले जाने हैं जिनकी संख्या आगे बढ़ाई जायेगी। प्रयागराज शहर के व्यस्ततम इलाके सिविल लाइन्स में आज शहर का पहला आरआरआर सेंटर खोला गया। नगर आयुक्त के मुताबिक़ इसे भी सिविल लाइन्स के प्राचीन हनुमान मंदिर के ठीक बाहर श् नेकी की दीवार श् के नाम से इसलिए खोला गया है ताकि लोगों को इससे एक नेक काम करने की प्रेरणा लें। इसके अलावा संगम क्षेत्र में 4 मोबाइल आरआरआर सेंटर खोले जा रहे हैं। प्रयागराज शहर को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है इसलिए मंदिरों और पार्कों के बाहर भी ऐसे कई सेंटर खोले जाएंगे। इन केन्द्रों में अभी पहनने वाले कपड़ों को ही जगह दी गई है लेकिन आगे यहां अनुपयोगी अन्य सामग्री जैसे पुस्तकों, किताबों और खिलौनों के अलावा शूज और स्लीपर को भी जगह दी जायेगी।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मिशन प्रबंधक संजीव कुमार सिन्हा बताते हैं कि सेंटर्स की स्थापना और संचालन में नगर निगम, सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। इस अभियान से उन्हें भी जोड़ा जा रहा है क्योंकि इस अभियान की सफलता जन सहभागिता पर निर्भर कर रही है।

## एक दिन में 35 करोड़ पौधरोपण का योगी सरकार का लक्ष्य

**● इस बार भी रिकार्ड बनाने की तैयारी, नर्सरियों में 54 करोड़ स्वस्थ्य पौधे रोपण के लिए तैयार**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में हरियाली बढ़ाने, बेहतर आबोहवा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से बारिश के आगामी सीजन में योगी सरकार एक बार फिर एक दिन में पौधरोपण का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगी। इस बार लक्ष्य एक दिन में 35 करोड़ पौधरोपण का है। पौधरोपण की नोडल एजेंसी वन विभाग की निगरानी में सरकार के 27 विभाग मिलकर रिकॉर्ड पौधरोपण के इस अभियान को सफल बनाएंगे। संबंधित विभागों को कितना पौधरोपण करना है, इसका लक्ष्य पहले से तय है। पौधरोपण के लिए वन विभाग एवं उसकी देखरेख में कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लाइमेट जोन) की नर्सरियों में करीब 54 करोड़ स्वस्थ्य पौधे तैयार हैं।

किस दिन पौधरोपण का यह रिकॉर्ड बनेगा, यह समय अभी तय नहीं है। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार मानसून के रुख को देखकर यह तय होगा। अधिक उम्मीद इस बात की है कि जुलाई में किसी दिन यह महाअभियान चलेगा। ऐसा इसलिए कि पर्याप्त मात्रा में नमी मिलने से रोपे गये पौधों में से अधिकतम का सर्वाइवल हो। उल्लेखनीय है कि अपने पहले कार्यकाल से ही प्रदेश में हरीतिमा बढ़ाने एवं इससे होने वाले अन्य दूरगामी लाभों के मद्देजर योगी सरकार का जोर अधिक्तम पौधरोपण पर रहा है। इस क्रम में अब तक अपने पहले कार्यकाल में प्रदेश में हरियाली बढ़ाने के लिए हर साल रिकॉर्ड पौधरोपण के क्रम में 100 करोड़ से अधिक का पौधरोपण हुआ। इसका नतीजा भी सामने है। स्टेट ऑफ फ रेस्ट की रिपोर्ट 2021 के अनुसार उत्तर प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 9.23 फीसद हिस्से में वनावरण है। 2013 में यह 8.82 फीसद था। रिपोर्ट के अनुसार 2019 के दौरान कुल वनावरण एवं वृक्षावरण में 91 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। वर्ष 2030 तक सरकार ने इस रकबे को बढ़ाकर 15 फीसद करने का लक्ष्य रखा है। इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए योगी सरकार-2.0 ने अगले पांच साल में 175 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा है। इस क्रम में पिछले साल भी 35 करोड़ पौधे लगाए गए थे। इस साल और इसके अगले चार साल के लिए लिए भी 35-35 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य है। देखें तो यह लक्ष्य बहुत बड़ा है। इसीलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग पौधरोपण से जुड़ें। यह जन आंदोलन बने। नवग्रह वाटिका, नक्षत्र वटिका, पंचवटी, गंगावन, अमृतवन जैसी योजनाओं के पीछे भी यही मकसद है। सरकार की मंशा है कि वर्षा काल में जो पौधरोपण हो वह संबंधित क्षेत्र के एग्रो क्लाइमेट जोन (कृषि जलवायु क्षेत्र) के अनुसार हो। अलग-अलग जिलों के लिए चिन्हित 29 प्रजाति और 943 विरासत वृक्षों को केंद्र में रखकर पौधरोपण का अभियान चलेगा। इसमें राष्ट्रीय वृक्ष बरगद के साथ देशज पौधे पीपल, पाकड़, नीम, बेल, आंवला, आम, कटहल और सहजन जैसे औषधीय पौधों को वरीयता दी जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में पर्यावरण सेनानियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पर्यावरण सेनानी में कृषक एवं प्रधानमंत्री सम्मान के लाभार्थी, गंगा प्रहरी, सशक्त बल, महिलाएं, दिव्यांग, कम आय समूह, दृष्टिबाधित, मनरेगा जॉब कार्ड धारक, स्वयं सहायता समूह, ग्राम स्तरीय एवं नगर विकास कर्मी, वनकर्मी, आदिवासी-वनवासी, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के लाभार्थी, शिक्षक-विद्यार्थी और महिलाएं शामिल हैं।

## दो दिनों में सभी 17 नगर निगमों में भाजपा के महापौरों ने ली विकास की शपथ

**● 1235 महिलाओं व अल्पसंख्यक समुदाय के 61 प्रतिनिधियों ने भाजपा की तरफ से ली शपथ**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के कार्यों की बदौलत पहली बार नगर के सभी महापौर पद पर भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री मिली। दो दिन में उत्तर प्रदेश की सभी 17 नगर निगम में भाजपा के महापौर ने विकास की शपथ ली। योगी की नीति की बदौलत विपक्ष का सफाया कर चुके नवनिर्वाचित महापौर को अब जन आकांक्षाओं पर उतरने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं इस बार काफी 1235 महिलाओं व अल्पसंख्यक वर्ग के 61 जनप्रतिनिधियों ने भी भाजपा की तरफसे शपथ ली।

दो दिन (शुक्रवार-शनिवार) को सभी 17 महापौर ने शपथ ले ली है। लखनऊ से सुषमा खर्कवाल, गोरखपुर से डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, वाराणसी से अशोक तिवारी, प्रयागराज से गणेश चंद्र उमेश केसरवानी, अयोध्या से गिरीश पति त्रिपाठी, कानपुर से प्रमिला पांडेय, अलीगढ़ से प्रशांत सिंघल, मेरठ से हरिकांत अहलूवालिया, झांसी से बिहारी लाल आर्य, शाहजहांपुर से अर्चना वर्मा, सहारनपुर से अजय सिंह, मुरादाबाद से विनोद अग्रवाल, मथुरा-वृंदावन विनोद कुमार अग्रवाल, गाजियाबाद से सुनीता दयाल, बरेली से उमेश गौतम, फिरोजाबाद से कामिनी राठौर और आगरा से हेमलता दिवाकर ने महापौर पद की शपथ ली। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2023 के नगर निकाय चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व सफलता मिली। इस चुनाव में नगर निगम के 813 पार्षद, नगर पालिका परिषद के 89 अध्यक्ष, 1360 सदस्य, नगर पंचायत के 191 अध्यक्ष और 1403 सदस्यों ने भी भाजपा से जीत हासिल कर विकास की शपथ ली। इस चुनाव में भाजपा की तरफ से महिलाओं व अल्पसंख्यक समुदाय को भी बड़ा प्रतिनिधित्व मिला। 6 महिला महापौर, 273 पार्षद, 44 नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, 305 सदस्य, 90 नगर पंचायत अध्यक्ष व 517 महिला सदस्य ने शपथ ली। वहीं अल्पसंख्यक समुदाय के 61 लोगों ने भाजपा की तरफसे शपथ ली। योगी आदित्यनाथ ने हर जनसभा में भाजपा का बोर्ड बनवाने की अपील की तो मतदाताओं ने भी उत्तर प्रदेश के विकास में योगी का साथ निभाया। 13 नगर निगम में भाजपा का बोर्ड तत्काल ही बन गया। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में बोर्ड बनने पर मुख्यमंत्री ने मतदाताओं का आभार जताया और महापौर से विकास का मास्टर प्लान बनाने का निर्देश दिया। विजयश्री के उपरांत मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी महापौर को नगर निगम की आय बढ़ाने और नया करने का सुझाव दिया। योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में मुलाकात के दौरान बरसात से पहले नालों की सफाई, नगर निगम की आय बढ़ाने, शहरों को सुंदर-स्वच्छ बनाने और नया करने का सुझाव दिया था।

## नागालैंड से फर्जी तरीके से शस्त्र लाइसेंस बनवाने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नागालैंड प्रांत से फर्जी शस्त्र लाईसेन्स बनवाने वाले अभियुक्त संदीप कुमार सिंह उर्फ पप्पू निवासी फ्लैट नं. 402 कालिंदी विला अपार्टमेंट, थाना विभूतिखंड को एसटीएफ ने पूछताछ के लिए अपने मुख्यालय लाने के बाद आरोप सही पाए जाने पर गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक अवैध रायफल व एक अवैध पिस्टल बरामद हुई है। सन्दीप कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के विरुद्ध प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 9 अभियोग पंजीकृत होने के बावजूद जनपद लखनऊ से एक पिस्टल व एक रायफल का शस्त्र लाइसेंस निर्गत होने विषयक तथ्य की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान संदीप कुमार सिंह को नागालैंड से निर्गत शस्त्र लाइसेंस के संबंध में पत्राचार करने पर सुपरिंटेंडेन्ट ऑफ पुलिस मोन नागालैंड व एडिशनल डिप्टी कमिश्नर मोन नागालैंड की आख्या प्राप्त हुई। जिसके अनुसार शस्त्र लाइसेंस उनके कार्यालय से संदीप कुमार सिंह को निर्गत नहीं है तथा उक्त शस्त्र लाइसेंस के ट्रांसफर के संबध में भी कोई रिकार्ड उनके कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

# नव निर्वाचित अध्यक्षों एवं सभासदों को दिलायी गई शपथ

पुखरायां, कानपुर देहात।





अमरौधा में अनीशा बेगम को शपथ दिलाती अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व पुखरायां में उपस्थित लोगों को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान

**भोगनीपुर** तहसील क्षेत्र में नगर पालिका परिषद पुखरायां और नगर पंचायत मूसानगर व अमरौधा कार्यालयों की ओर से शनिवार को भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किये गए। इनमें नवनिर्वाचित निकाय अध्यक्षों एवं सभासदों को विधिविधान से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गई।

नगर पालिका परिषद पुखरायां की ओर परिसर में निर्मित विशाल बैंक्विट हाल में शपथ ग्रहण समारोहा आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, विधायक एवं जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, पूर्व विधायक विनोद कटियार, पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम सिंह सिसोदिया, राजेश तिवारी, राहुल अग्निहोत्री की मौजूदगी में एसडीएम महेंद्र सिंह ने नव निर्वाचित अध्यक्ष पूनम दिवाकर एवं सभासद पूनम देवी, ऊषा देवी, संतोष कुमार, कमलदीप, रमेश चंद्र, प्राशू कुमार, सुनील, बीना, शबाना, एजाज अली, हुसैन, शर्मिला, फरहीन खान, प्रमोद सिंह, अखिलेश सिंह, कल्पना यादव, कमला सचान, अभिजीत सचान, मनीष, अंकित अग्निहोत्री, नफीस अहमद, शकील अहमद, निर्भय सिंह, आरती देवी एवं ध्रुव कुमार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी गई। नगर पंचायत क्षेत्र अमरौधा से निर्वाचित अनीशा बेगम पत्नी स्वर्गीय मुहम्मद साबिर ने अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। वहीं जुलैठी से शीलम देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार, गढ़ी दरवाजा से दीपक सविता, पातेपुर से गुड्डी पत्नी रमेश मिश्राना से प्रीति पत्नी अजीत,पटेल नगर से बृजेन्द्र सविता कटरा से देव कुमारी पत्नी राजेंद्र शर्मा, आजाद नगर से परवेज कुरैशी, बाजार वार्ड से कामिल कुरैशी, टंडनबाजार से बल्लूराम कश्यप, कुंजरैठी से निर्वाचित मोमिन पत्नी मकबूल राइन ने शपथ ग्रहण की। नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित बाल क्रीड़ा केंद्र पर निर्मित विशाल पंडाल में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका राजबहादुर यादव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान बसपा नेता जुनैद खान, समाजसेवी हरदुआऐमा के पूर्व प्रधान मोहम्मद शहीद, महेश गौतम अधिशासी अधिकारी पंकज सिंह वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार गुप्ता, और समर्थकों में भी मौजूद रहे। अनूप सचान ने संचालन किया।

## लाडली कन्या का मनाया जन्मोत्सव

संवाददाता। चित्रकूट

**दो** सौ बेड एमसीएच विंग खोह के अस्पताल में लाडली कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। नवजात कन्या का जन्मोत्सव धूमधाम से डॉक्टरों ने मनाया।

शनिवार को खोह स्थित अस्पताल में लाडली कन्या जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओपी भास्कर, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एमके जतारिया, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ उषा सिंह, प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता अरुण कुमार व वन स्टॉप से श्रीमती प्रीती,प्रिया माथुर व अन्य कर्मी मौजूद रहे। ज्ञात है कि दो सौ बेड के खोह स्थित अस्पताल में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर प्रसूता महिलाओं के प्रसव होने लगे हैं। उनके निर्देश पर खोह स्थित अस्पताल में स्टाफकी तैनाती कर अस्पताल का संचालन शुरु करा दिया गया है।

# मालती गुप्ता बासू ने अध्यक्ष पद की शपथ ली

संवाददाता। बांदा



**निर्वाचित** नगर पालिका परिषद बांदा की अध्यक्ष एवं सभासदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रामलीला ग्राउण्ड बांदा में आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर पालिका परिषद की नव निर्वाचित अध्यक्षा श्रीमती मालती गुप्ता बासू को अध्यक्ष पद की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण करने के पश्चात नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता बासू ने नव निर्वाचित सभी सभासदों को सभासद के पद पर कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभी सभासदों को बधाई दीद्य

कार्यक्रम में विधायक सदर श्री प्रकाश द्विवेदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बांदा शहर को विकास के पथ पर तेजी अग्रसर करते हुए विकास किया जायेगा तथा नगर की सभी समस्याओं को शीघ्र हल करते हुए भव्य व सुन्दर बांदा बनेगा। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे मोहल्लों सहित नगर के सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद बांदा के द्वारा विकास के लिए प्रत्येक समय कार्य किया जायेगा एवं गन्दगी को हटाकर साफ, स्वच्छ व सुन्दर नगर को बनाने का कार्य किया जायेगा।

नव निर्वाचित नगर पालिका परिषद बांदा अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता बासू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं सदैव बांदा नगर की हर समस्या को देखते हुए बादा नगर के विकास का कार्य करूंगी। उन्होंने कहा कि बांदा नगर को साफ व सुन्दर बनाया जायेगा तथा प्रमुख चौराहों का सौन्दर्यीकरण कर व्यवस्थित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गली मोहल्ले में साफ-सफाई, पेयजल व प्रकाश की समुचित व्यवस्था करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि हर सम्भव विकास कार्यों को कराकर बांदा नगर को और अधिक विकास की ओर ले जाने का कार्य करूंगी।

## प्रचण्ड जनादेश के सम्मान व विकास के लिये 24 घण्टे जनता की सेवा में करूँगा समर्पित : रामजी

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात



**नगर** पॅचायत की सम्मानित जनता द्वारा दिये गये स्नेह स्वरूपी जनादेश के सम्मान व नगर के विकास के लिये कडा परिश्रम कर समस्याओं के निदान का हरसॅभव प्रयास किया जायेगा। शपथ ग्रहण के बाद नगर पॅचायत कार्यालय मे चैयरमैन पद के भार को ग्रहण करते हुये रामजी ने कही। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान भारी सॅख्या में नवनिर्वाचित चैयरमैन के सर्मथक व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। चैयरमैन निर्वाचित होने के बाद पहली बार नगर पॅचायत कार्यालय पधारे नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी गुप्ता ने विधिवत कस्बे के सातवें चैयरमैन के रूप में कार्यभार ग्रहण किया, कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने नगर पॅचायतकर्मियों को सॅवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये। इस अवसर पर चैयरमैन ने कस्बे की जनता द्वारा दिये गये भारी जनादेश का आभार जताते हुये कहा कि कस्बे की सम्मानित जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिये ईमानदारी के साथ कडा परिश्रम करूॅगा, कस्बे को विकास की योजनाओं से सतृप्त कर प्रदेश में सम्मानित तरीके से पहचान दिलाये जाने के प्रयास किये जायेंगे, कार्यभार ग्रहण करने के दौरान प्रमुख रूप से ईओ, नगर पॅचायतकर्मी सैनूर अहमद, याद कुमार यादव, राजेश रावत के साथ श्याम जी ओमर, पूर्व दिवॅगत चैयरमैन पुत्र चितवन ओमर, प्रशान्त ओमर, अविनाश ओमर, शरद ओमर, विनय ओमर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डियूटी कर रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से सिपाही की मृत्यु

**सुमेरपुर।** सुमेरपुर कस्बे की फैक्ट्री एरिया चौकी के सामने ड्यूटी कर रहे एक सिपाही को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान कानपुर में सिपाही की मृत्यु हो गयी। जौनपुर जनपद के सिकरारा थाना क्षेत्र के चौरा मोहनदास गांव निवासी सर्वेश कुमार पाल (27) को पुलिस ट्रेनिंग के बाद वर्ष 2018 में पहली तैनाती हमीरपुर के सुमेरपुर थाने के फैक्ट्री एरिया चौकी में तैनाती मिली हुई थी। फैक्टरी एरिया चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार की देर डियूटी करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।

# नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी को सभासदों के साथ एसडीएम ने दिलायी शपथ

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**कस्बे** के पालीवाल लॉन में नवनिर्वाचित नगर पॅचायत अध्यक्ष का भव्य व विशाल शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, एसडीएम सदर ने नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी गुप्ता व सभासदों का शपथ दिलायी। इस मौके पर क्षेत्रीय सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिलाध्यक्ष व एमएलसी अविनाश चौहान, पूर्व सॉसद अनिल शुक्ला सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता व कस्बाई, क्षेत्रीय लोग भारी सॅंख्या में मौजूद रहे।



चैयरमैन पद की शपथ ग्रहण करते रामजी गुप्ता व फोटो 27 केडी-2 क्षेत्रीय सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले के साथ चैयरमैन व सभासदगण

शपथ ग्रहण करने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने अपने सम्बोधन में जनता को आश्वस्त किया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को हरहाल में समाज के ॲंतिम पात्र व्यक्तियों के हाथों में पहुॅचाया जायेगा। इस मौके पर चैयरमैन ने अपना व्हाटसएप नम्बर 9415159091 आम लोगों के लिये जारी करते हुये समस्या या सॅदेश भेजने की अपील की, चैयरमैन ने आश्वास्त किया कि जितनी जल्दी हो सकेगा उतनी जल्दी समस्या का समाधान किया जायेगा, अगर समस्या का समाधान सॅभव नहीं होगा तो उसको भी तत्काल ही अवगत करा दिया जायेगा।

शपथ ग्रहण समारोह को क्षेत्रीय सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला वारसी, जिलाध्यक्ष अविनाश चौहान, जिला पॅचायत सदस्य बउआ त्रिवेदी,चुनाव सॅयोजक शैलेन्द्र राजावत, मण्डल अध्यक्ष दिनेश पालीवाल सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया, कार्यक्रम का सॅचालन विजय कौशल व पुच्चू अवस्थी ने किया इस मौके पर प्रमुख रूप से रामबाबू शुक्ला, गिरजेश दुबे, प्रमोद शुक्ला, श्याम जी ओमर, प्रशान्त ओमर, शरद ओमर, विनय ओमर, अविनाश ओमर, चितवन ओमर, अखिलेश गुप्ता लल्ला, अमित शर्मा, सॅदीप गुप्ता, विपिन गुप्ता अर्चना मिश्रा, डा0 भानुप्रकाश मिश्रा, बृजेन्द्र द्विवेदी, भानुप्रताप सिंह गौर पूर्व उप चैयरमैन, पूर्व चैयरमैन नन्दिनी कमल सहित भारी सॅख्या में लोग मौजूद रहे।

## एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने मऊ थाने में फरियादियों की सुनी समस्यायें



**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना मऊ में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के समक्ष भूमि विवाद से सम्बन्धित मामला आया। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ राजीव कुमार सिंह, अपराध निरीक्षक अभयराज प्रताप सिंह एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने पालिकाध्यक्षा व सभासदों को दिलायी शपथ

● पूरे कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्थाओं का रहा बोलबाला

संवाददाता। जालौन (उरई)



**नगर** पालिका अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न। एसडीएम ने नव निर्वाचित पालिकाध्यक्षा व सभासदों को पद व निष्ठा की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। पत्रकारों को भी नहीं मिली जगह।

नगर में स्तिथ एक गार्डन में नगर की चुनी गई सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा उपस्थित रहे। एस डी एम सुरेश कुमार ने सर्वप्रथम सर्व प्रथम पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल को पद व निष्ठा की शपथ दिलाई। इसके उपरांत वार्डों के चुने गए सभी सभासदों को भी शपथ दिलाई। एसडीएम ने चुने गए सभी सदस्यों से अपेक्षा की कि उन्होंने जिन मुद्दों को चुनाव में उठाया और चुनाव जीतकर आए है। उन पर वह खरा उतरें और जनता की समस्या के अलावा विकास के मुद्दे हैं, उनको पूरा करें। नगर साफसफई, प्रकाश, सड़क, पेयजल आदि को लेकर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। वहीं शपथ ग्रहण समारोह में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा।

तेज धूप वी गर्मी में लोग परेशान होते नजर आए। पत्रकारों को भी शपथ ग्रहण समारोह में बैठने का स्थान नहीं मिला। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्यम अनुरागी, गौरीशंकर वर्मा, रामेंद्र सिंह बनाजी, राघवेंद्र गुर्जर, सतेंद्र खत्री, मूलचंद्र निरंजन, पूर्व विधायक छोटे सिंह, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, उर्विजा दीक्षित, ऊषा गुप्ता, निशा माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## हाईवे पर सांड से भिडन्त में बाइक सवार दम्पति की मौत, मासूम घायल

संवाददाता। चित्रकूट

**झांसी-मिर्जापुर** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवार अचानक सडक पर आये सांड से टकरा गये। इससे बाइक सवार पति-पत्नी की मृत्यु हो गई, जबकि दो साल का मासूम बालक मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के दौरान सांड की भी मौत हो गई है।

ये हादसा शिवरामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में शनिवार को हुआ। बताया गया कि सतना मप्र के बरौंधा क्षेत्र का विजय कुमार अपनी पत्नी संगीता व बच्चे गोलू के साथ बाइक से ससुराल भरतकूप आया था। देर रात वह बाइक से पत्नी व बच्चे को लेकर घर जा रहा था। शिवरामपुर चौकी प्रभारी रजोल नागर ने बताया कि हाइवे शिवरामपुर कस्बे के पास पहुंचते ही अचानक सडक किनारे तेज रफ्तार से सांड आ गया। सांड से बाइक की टक्कर में पति-पत्नी छिटककर सडक पर जा गिरे और लहूलुहान हो गए।

बालक छिटककर सडक किनारे मिटटी में गिरा। इससे बालक मामूली रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सांड की भी मौत हो गई। 108 एम्बुलेंस से तीनों को जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने दम्पति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के मोबाइल से परिजनों को जानकारी दी।

## मेधा दिव्यांग शिविर में दूसरे दिन दिव्यांगो को 134 उपकरण बांटे गए

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**दूसरे** दिन दिव्यांगो को 134 उपकरण बांटे गए दूसरे दिन एन ए के पी डिग्री कालेज के निकट सेवा केंद्र के एस. एन. साध ट्रस्ट के सौजन्य से मेधा दिव्यांग शिविर अपने निर्धारित समय सुबह 9 बजे से मुख्य ट्रस्टी राकेश साध, चमकेश साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध की उपस्थिति में शुरू हुआ आज सुबह से ही भीषण गर्मी को देखते हुये इंद्र देव ने प्रसन्न होकर जगत के सारे प्रणियों पर मेघा के रूप में अपनी अनुकम्पा कर मौसम का रुख बदल दिया और सभी को गर्मी से राहत प्रदान की पर उसी के चलते दिव्यांग जन कुछ विलम्ब से शिविर में पहुँचना शुरू हुये पर जैसे-जैसे समय बढ़ता गया उनकी संख्या में भी इजाफा देखने को मिलता गया। कल की भांति दिव्यांगों ने शिविर में आकर अपना पंजीकरण करवा कर क्रम बद्ध तरीके से डॉक्टरो से परामर्श लेना शुरू किया। ये 2023 का दूसरा दिव्यांग शिविर है, पर विगत वर्षो से तकरीबन 30 से ज्यादा शिविरों का आयोजन एस. एन. साध ट्रस्ट के द्वारा फर्रुखाबाद में कराया जा चुका है। इस शिविर की विशेषता ये है कि कोई भी दिव्यांग जन केवल अपना आधार कार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र लेकर आये और तत्काल रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क शिविर में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है।

राकेश साध, चमकेश साध ने बताया कि इस बार विशेष रूप से जो व्यक्ति कान की समस्या से जूझ रहा है, उसके लिए ई एन टी स्पेशलिस्ट डॉ शिखर सक्सेना जी उनका परीक्षण कर उनको कान की मशीन व दवाई लिखेंगे जो कि निशुल्क ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है।

## कुशल प्रशिक्षक के सानिध्य में सीखना चाहिए योग - प्रोफेसर शिशिर कुमार



**चित्रकूट।** जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के योग विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पंच दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुक्रवार को भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने की। यह कार्यशाला 26 से 30 मई तक विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में प्रतिदिन प्रात: 7:00 से 8:30 बजे तक संचालित होगी। कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय का उद्देश्य है कि आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस से पूर्व पूरे जनपद में वृहद स्तर पर योग के कार्यक्रम कराने के लिए प्रशिक्षित योगी तैयार करना है। इस उद्देश्य से यह कार्यशाला विश्वविद्यालय में आयोजित की गई है। कुलपति ने बताया कि योग सदैव प्रशिक्षित ट्रेनर के सानिध्य में ही सीखना चाहिए। इसलिए इस पंच दिवसीय कार्यशाला में योग के सामान्य नियम और उसके क्रम का ज्ञान प्रशिक्षणार्थियों को दिया जाएगा।

# आईएएस ने दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ

संवाददाता। कोटरा(जालौन)



**शनिवार** को आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष कोटरा एवं समस्त सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ आयोजित हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति एवं अरविन्द चौहान, मंगल राजपूत, किशोरलाल राजपूत, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, अनिल कुमार मिश्रा, शंभूदयाल, विनोद अहिरवार ने दीप प्रज्वलित करके कार्यकर्म की शुरुआत की एवं उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार आईएएस ने नव निर्वाचित अध्यक्ष सियाशरण व्यास एवं समस्त सभासदों को शपथ दिलाई। शपथ समारोह में आये सभी अतिथियों व नगरवासियों का नव निर्वाचित आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष कोटरा सियाशरण व्यास ने एक एक कर सभी का स्वागत किया एवं अभिवादन किया। इस अवसर पर धर्मवीर प्रजापति राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने प्रचार के द्वारा जनता से वादा किया था कि जनता भाजपा प्रत्याशी सियाशरण व्यास को जिताएंगे तो वह पुन: कोटरा आयेंगे। मैंने अपना वायदा पूरा करने के लिये यहां आये हैं। उन्होंने कोटरा वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधूरे पड़े कार्य अब पूरे किए जायेगें। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कोटरा में अस्पताल की सौगात आ चुकी है। इसके बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष सियाशरण व्यास ने जनता से सम्बोधित किया कि वह समाज सेवा करने में कभी पीछे नहीं हटेंगे। वह अपना कर्तव्य निभायेगें और कोटरा के विकास को ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस दौरान समस्त कोटरा के समस्त कस्बावासी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### मोदी आज...

**नए** संसद भवन की सराहना करने वाले केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के एक ट्वीट को टैग करते हुए मोदी ने ट्विटर पर कहा कि लोकतंत्र का यह मंदिर भारत के विकास पथ को मजबूत करता रहे और लाखों लोगों को सशक्त बनाता रहे। उन्होंने अपने ट्वीट के साथ माई पार्लियामेंट माई प्राइड हैशटैग का इस्तेमाल इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन के वीडियो और उनके वॉयसओवर के साथ कई लोगों के पोस्ट को री-ट्वीट भी किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को भी कहा था कि नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए संसद भवन का उद्घाटन करने से एक दिन पहले शनिवार को तमिलनाडु से दिल्ली आए अधीनम (पुजारियों) से अपने आवास पर मिले और उनका आशीर्वाद लिया। अधीनम ने मंत्रोच्चारण के बीच उन्हें सेंगोल (राजदंड) सहित विशेष उपहार दिए।

### नई संसद...

वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले आर्थिक कार्य विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, नए संसद भवन के उद्घाटन के उपलक्ष्य में 75 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया जाएगा। सिक्के का वजन 35 ग्राम है और यह चार धातुओं से बना हुआ है। लोकसभा और राज्यसभा कक्षों में फाल्स सीलिंग के लिए स्टील की संरचना केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव से मंगाई गई है, जबकि नए भवन के लिए फर्नीचर मुंबई में तैयार किया गया था। इमारत पर लगी पत्थर की जाली राजस्थान के राजनगर और उत्तर प्रदेश के नोएडा से मंगवाई गई थी। अशोक चिह्न के लिए सामग्री महाराष्ट्र के औरंगाबाद और राजस्थान के जयपुर से लाई गई, जबकि संसद भवन के बाहरी हिस्सों में लगी सामग्री को मध्य प्रदेश के इंदौर से मंगाया गया था। पत्थर की नक्काशी का काम आबू रोड और उदयपुर के मूर्तिकारों द्वारा किया गया। वहीं, पत्थरों को कोटपूतली, राजस्थान से लाया गया था। नए संसद भवन में निर्माण गतिविधियों के लिए ठोस मिश्रण बनाने के वास्ते हरियाणा के चरखी दादरी में निर्मित रेत या एम-रेत का इस्तेमाल किया गया। एम रेत एक प्रकार की कृत्रिम रेत है, जिसे बड़े सख्त पत्थरों या ग्रेनाइट को बारीक कणों में तोड़कर बनाया जाता है और जो नदी की रेत से अलग होती है। निर्माण में इस्तेमाल की गई फ्लाई ऐश की ईंटें हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मंगवाई गई थीं, जबकि पीतल के काम के लिए सामग्री और पहले से तैयार सांचे गुजरात के अहमदाबाद से लाए गए थे। नए संसद भवन में, दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) की संयुक्त बैठक में 1,280 सदस्य शामिल हो सकेंगे। टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा निर्मित नए संसद भवन में भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य संविधान हॉल, संसद सदस्यों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पर्याप्त पार्किंग स्थल मौजूद है। त्रिभुजाकार वाले चार मंजिला संसद भवन का निर्मित क्षेत्र 64,500 वर्ग मीटर है। भवन के तीन मुख्य द्वार हैं- ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार। इसमें वीआईपी (अति विशिष्ट व्यक्तियों), सांसदों और आगंतुकों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार हैं।

### बैठक का...

हालांकि 11 राज्यों के मुख्यमंत्री इसमें शामिल नहीं हुए। ये राज्य हैं- पंजाब, बिहार, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली, तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, केरल, मणिपुर और राजस्थान। प्रगति मैदान के नवनिर्मित सम्मेलन हॉल में शनिवार को शुरू बैठक में देश को 2047 तक विकसित देश बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और बुनियादी ढांचा विकास समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नीति आयोग देश के विकास के लिए लक्ष्य तय करने, नीतिगत रूपरेखा तथा रोडमैप तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण संस्था है। प्रसाद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल(दिल्ली), भगवंत मान (पंजाब), ममता बनर्जी (पश्चिम बंगाल), नीतीश कुमार (बिहार), एम के. स्टालिन (तमिलनाडु), के. चंद्रशेखर राव (तेलंगाना) बैठक में भाग नहीं लेने वाले मुख्यमंत्रियों में शामिल हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी इस बैठक में नहीं आए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी शायद स्वास्थ्य कारणों से नहीं आ रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच व्यापक सलाहकारी प्रक्रियाओं के लिए नीति आयोग एक बहुत महत्वपूर्ण मंच है तथा इसकी संचालन परिषद की बैठक में अहम फैसले लिए जाते हैं, जिनका जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन किया जाता है।

### कर्नाटक में...

**इनके** अलावा, के एन राजन्ना, शरणबसप्पा दर्शनपुर, शिवानंद पाटिल, रामप्पा बलप्पा तिम्मापुर, एस एस मल्लिकार्जुन, शिवराज संगप्पा तंगदागी, शरणप्रकाश रुद्रप्पा पाटिल, मंकल वैद्य, लक्ष्मी हेब्बलकर, रहीम खान, डी सुधाकर, संतोष लाड, एन एस बोसराजू, सुरेश बीएस, मधु बंगारप्पा, एमसी सुधाकर और बी नागेंद्र शपथ लेने वाले विधायकों में शामिल हैं। पूर्व में, सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे एवं चार बार विधायक चुने गए एम कृष्णप्पा को इस बार मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है। कृष्णप्पा समेत जिन विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है, उनके समर्थकों ने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नारेबाजी की। इस दौरान उनके हाथों में, अपने नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह दिए जाने की मांग करने वाले पोस्टर थे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, लक्ष्मी हेब्बलकर, मधु बंगारप्पा, डी सुधाकर, चेलुवरायस्वामी, मंकल वैद्य और एम सी सुधाकर को शिवकुमार का करीबी माना जाता है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान केंद्रीय मंत्री रहे केएच मुनियप्पा ने इस बार अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा और उन्हें कर्नाटक सरकार में मंत्री के रूप में भी शामिल किया गया है।

### मप्र में...

**अधिकारी** ने कहा कि अली ने फिसाबिलिल्लाह नाम से एक स्थानीय समूह बनाया था और उसी नाम से एक व्हाट्सएप समूह भी संचालित कर रहा था। उन्होंने कहा कि वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पिस्तौल खरीदने की कोशिश कर रहा था और इस उद्देश्य के लिए जबलपुर स्थित एक अवैध हथियार आपूर्तिकर्ता के संपर्क में था। अधिकारी ने कहा कि खान युवाओं को आईएसआईएस में शामिल करने के लिए प्रेरित करने और भर्ती करने के लिए कई यूट्यूब, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप चैनल भी चला रहा था।

### अवैध पटाखा...

**बनर्जी** ने कहा कि अवैध कारखाने के मालिक एवं मुख्य आरोपी के परिवार के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि यदि वे किसी अन्य अवैध पटाखा इकाई को चालू पाते हैं तो स्थानीय पुलिस को सूचित करते रहें। बनर्जी ने स्थानीय लोगों से राज्य की सीमाओं पर नजर रखने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड से राज्य में हथियारों की तस्करी की जा रही है। यहां अवैध पटाखे भी बनाए जाते हैं और फिर पड़ोसी ओडिशा भेजे जाते हैं।बनर्जी ने दावा किया कि विस्फोट ने राज्य सरकार की आंखें खोल दी हैं और सरकार ने पटाखों के लिए क्लस्टर स्थापित करने का फैसला किया है जहां केवल हरित पटाखे बनाए जाएंगे।

# लोगों ने चुनी स्थिर सरकार तब मिलीं उपलब्धियां : मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनके नौ साल के कार्यकाल के दौरान उपलब्धियां इसलिए संभव हो पाईं, क्योंकि लोगों ने एक स्थिर सरकार को चुना, जिसने प्रमुख वादों को पूरा किया। केंद्र की राजग सरकार के कार्यकाल के नौ साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर कई लोगों द्वारा सरकार के प्रदर्शन की सराहना किए जाने के जवाब में मोदी की यह टिप्पणी सामने आई है। मोदी ने ट्विटर पर कहा, सुबह से मैं मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर किए गए कई ट्वीट देख रहा हूं, जिनमें लोगों ने 2014 से सरकार की उन बातों को रेखांकित किया है, जो उन्हें अच्छी लगी हैं। इस तरह का स्नेह पाकर हमेशा सम्मान की भावना का अनुभव होता है और इससे मुझे लोगों के लिए और भी अधिक मेहनत करने की ताकत मिलती है। नागरिकों के ट्वीट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमने पिछले नौ वर्षों में बहुत कुछ किया है और हम आने वाले समय में और भी अधिक मेहनत करना चाहते हैं, ताकि हम अमृतकाल में एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा, हमारी उपलब्धियां इसलिए संभव हो पाई हैं, क्योंकि भारत के लोगों ने एक स्थिर सरकार को चुना है, जो प्रमुख वादों को पूरा करने में सक्षम रही है। यह अद्वितीय समर्थन अपार शक्ति का स्रोत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने जीवन को बदलने और भारत की विकास यात्रा को गति देने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सरकार की पहल की प्रशंसा करने वाले एक ट्वीट के जवाब में मोदी ने कहा, आपने प्रमुख अवसंरचनाओं और जीवनयापन में आसानी की परियोजनाओं पर प्रकाश डाला है, जो जमीनी स्तर पर बहुत प्रभावशाली रही हैं। मोदी ने एक अन्य ट्वीट में कहा, मैं वास्तव में 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का अवसर पाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भाजपा ने शुक्रवार को राजग सरकार की नौ साल की उपलब्धियों का जिक्र किया था और कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में सर्वांगीण विकास और समावेशी विकास हुआ है।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री का तिलक करते तमिलनाडु के अधीनम (पुजारी)

## सेंगोल सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक, पर इसे छड़ी के तौर पर आनंद भवन में रखा गया : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर जबदस्त निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि 1947 में अंग्रेजों से सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक सेंगोल (राजदंड) को आजादी के बाद उचित सम्मान मिलना चाहिए था, लेकिन इसे प्रयागराज के आनंद भवन में छड़ी के रूप में प्रदर्शित किया गया। मोदी ने रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन की पूर्व संध्या पर यहां अपने आवास पर तमिलनाडु के अधीनम (पुजारियों) से सेंगोल प्राप्त करने के बाद यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपकी सेवक और हमारी सरकार सेंगोल को प्रयागराज के आनंद भवन से निकालकर ले आई है। आनंद भवन नेहरू परिवार का निवास स्थान था, जिसे एक संग्रहालय में बदल दिया गया है। मोदी ने कहा कि सेंगोल की अहमियत न सिर्फ इसलिए है, क्योंकि यह 1947 में सत्ता हस्तांतरण का पवित्र प्रतीक था, बल्कि यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पूर्व-औपनिवेशिक भारत की गौरवशाली परंपराओं को स्वतंत्र भारत के भविष्य से जोड़ता है। मोदी ने कहा कि आज़ादी के बाद पवित्र सेंगोल को अगर उचित सम्मान और दर्जा दिया जाता, तो अच्छा होता, लेकिन इसे प्रयागराज के आनंद भवन में छड़ी के तौर पर प्रदर्शित करने के लिए रख दिया गया। उन्होंने कहा कि 1947 में अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक को लेकर सवाल खड़ा हुआ था और सी राजगोपालाचारी और अधीनम के मार्गदर्शन में सेंगोल के माध्यम से प्राचीन तमिल संस्कृति से सत्ता हस्तांतरण का पवित्र जरिया खोजा गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक के तौर पर 1947 में तिरूवदुतुरई के अधीनम ने विशेष सेंगोल बनाया था। मोदी ने कहा, मुझे खुशी है कि भारत की महान परंपरा के प्रतीक सेंगोल को नए संसद भवन में स्थापित किया जाएगा।



पश्चिम बंगाल के मालदा में भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## भारत दो साल में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा: वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों और जमीनी स्तर पर उठाए गए कदमों के कारण भारत दो साल में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद 2014 से देश में तेजी से सामाजिक और आर्थिक बदलाव आया है। रेल मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे वैष्णव ने कहा कि भारत को विश्व स्तर पर एक आकर्षक स्थान के रूप में देखा जा रहा है और दुनिया भारत में अपना भरोसा जता रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद भारत 10वें स्थान से 5वें स्थान पर आ गया और दो साल के भीतर देश दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। वैष्णव ने कहा, छह साल के भीतर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। वह मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक भारत एक विकसित देश बन जाएगा।

## कर्नाटक में हिन्दूवादी नेता प्रवीण नेत्तारू की पत्नी को नौकरी से निकाला गया

**मैंगलुरु।** कर्नाटक में सरकार बदलने के साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के दिवंगत नेता प्रवीण नेत्तारू की पत्नी नूतन कुमारी को नौकरी से निकाल दिया गया है। नूतन मैंगलुरु के उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत थीं। सूत्रों ने बताया कि नूतन कुमारी को सेवा से मुक्त करने का आदेश जारी किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष एवं दक्षिण कन्नड़ क्षेत्र से सांसद नलिन कुमार कटील के अनुरोध पर मानवीय आधार पर नूतन कुमारी को अनुबंध के तहत नौकरी दी गई थी। प्रवीण नेत्तारू की जुलाई 2022 में हत्या कर दी गई थी। राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार ने 22 सितंबर, 2022 को नूतन कुमारी की तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के कार्यालय में वरिष्ठ सहायक (ग्रुप सी) के रूप में नियुक्ति का आदेश जारी किया था। बाद में नूतन कुमारी के अनुरोध पर उन्हे दक्षिण कन्नड़ उपायुक्त कार्यालय में तैनात किया गया और वह पिछले साल 14 अक्टूबर से वहां कार्यरत हैं। उस समय दिए गए नियुक्ति आदेश में कहा गया था कि नूतन मौजूदा मुख्यमंत्री के पद पर रहने तक या अगले आदेश तक सेवा में रहेंगी। गौरतलब है कि 26 जुलाई 2022 को दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारे गांव में हिंदूवादी नेता प्रवीण नेत्तारू की हत्या कर दी गई थी।

# भारत की गाथा का गवाह रहा है पुराना संसद भवन

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी द्वारा नए संसद भवन का रविवार को उद्घाटन किए जाने के साथ ही 1927 से देश की गाथा का गवाह रहा पुराना संसद भवन इतिहास के पन्नों में सिमट जाएगा।

स्व-शासन की ओर पहले कदम से लेकर स्वतंत्रता की सुबह तक और देश के परमाणु शक्ति के रूप में उभरने और उससे आगे तक, पुराना संसद भवन लगभग एक सदी से देश की गाथा का गवाह बना हुआ है। संसद भवन संविधान के निर्माण, महात्मा गांधी की मृत्यु की घोषणा के बाद के दृश्यों के साथ ही तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा बांग्लादेश में पाकिस्तानी सेना के बिना शर्त आत्मसमर्पण की घोषणा का भी साक्षी रहा है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का दिल को छू लेने वाला भाषण, लाल बहादुर शास्त्री के



शांत लेकिन दृढ़ संकल्प, इंदिरा गांधी की वाक्पटुता, अटल बिहारी वाजपेयी की काव्य प्रतिभा और नरेंद्र मोदी की शक्तिशाली भाषणकला संसद के कक्षों में गूंजी है। पुरानी संसद भवन की आधारशिला वर्ष 1921 में ड्यूक ऑफ कनॉट, प्रिंस आर्थर द्वारा रखी गई थी और इसका उद्घाटन 18 जनवरी, 1927 को किया गया था। संसद का हाल ही में समाप्त हुआ मानसून सत्र शायद पुराने भवन में अंतिम हो।

वायसराय लॉर्ड इरविन ने 24 जनवरी, 1927 को तीसरी विधानसभा के पहले सत्र में कहा, आज आप दिल्ली में अपने नए और स्थाई भवन में पहली बार मिल रहे हैं। इस कक्ष में, विधानसभा के लिए इसकी गरिमा और महत्व के मद्देनजर एक व्यवस्था की गई है। पंडित मदन मोहन मालवीय, मोहम्मद अली जिन्ना, पंडित मोतीलाल नेहरू, लाला लाजपत राय, सी.एस. रंगा अय्यर, माधो श्रीहरि अणे, विठ्ठलभाई पटेल सहित अन्य तीसरी विधानसभा के सदस्य थे। भारत सरकार अधिनियम, 1919 के जरिए अंग्रेजों ने सरकार में भारतीयों की अधिक भागीदारी की अनुमति दी थी। दो साल बाद, क्रांतिकारी भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने सदन द्वारा विवादास्पद व्यापार विवाद विधेयक पारित किए जाने के बाद सार्वजनिक गैलरी से विधानसभा कक्ष में बम फेंके। आठ अप्रैल, 1929 की विधानसभा की कार्यवाही की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, इस चरण में आगंतुक दीर्घा से दो बम फेंके गए जो सदस्यों की सीट के बीच फट गए, जिससे कुछ सदस्यों को चोटें आईं। कुछ समय के लिए भ्रम की स्थिति रही और अध्यक्ष ने कुछ समय के लिए काम करना बंद कर दिया। बाद में वह अपने आसन पर वापस आ गए।

## कोहिमा में नगा क्लब की इमारत में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की

**कोहिमा।** नगालैंड की राजधानी कोहिमा में स्थित नगा क्लब की इमारत को शनिवार तड़के अज्ञात उपद्रवियों ने तोड़फोड़ करके क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगा क्लब की इमारत में नगा छात्रों और युवाओं के शीर्ष निकाय नगा स्टूडेंट्स फेडरेशन (एनएसएफ) का कार्यालय, कुछ दुकानें, प्रिंटिंग प्रेस, कोहिमा प्रेस क्लब और ऑल नगालैंड कॉलेज स्टूडेंट्स यूनियन का कार्यालय भी है। कोहिमा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रेलो टी आए ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना तड़के लगभग तीन बजे हुई। एएसपी ने कहा कि उन्हें एनएसएफ की ओर से शिकायत मिली है और उनकी अगुवाई में चार सदस्ईय विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) मामले की जांच कर रहा है। पुलिस ने नगा क्लब में तोड़फोड़ के दौरान बदमाशों द्वारा इस्तेमाल किए गए चाकू और धारदार सामग्री समेत विभिन्न उपकरण बरामद किए हैं।

## क्विक न्यूज

### कश्मीर में रूसी चिनार के पेड़ों के कारण पैदा हुए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में इमारती लकड़ी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लगभग चार दशक पहले रूसी चिनार के पेड़ लगाए गए थे, लेकिन इन आयातित पेड़ों से रूई जैसे परागकण (पोलेन) झड़ने से निवासियों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो रहा है। हर साल मई और जून के महीने में खास तौर पर बच्चों और बुजुर्गों में सांस की समस्या के मामलों में काफी बढ़ोतरी होती है।डॉक्टर हकीम नसीर ने पीटीआई-भाषा को बताया, इस प्रकार के पेड़ यहां लाए गए थे और किसानों को बताया गया था कि यह प्रजाति अधिक उपज देगी और आठ साल में पेड़ बड़े हो जाएंगे, लेकिन अब हम देखते हैं कि ए पराग लगभग दो महीने तक वातावरण में रहते हैं और इसके परिणामस्वरूप गले में संक्रमण, सीने में तकलीफ, आंखों में जलन समेत अन्य ईएनटी (नाक, कान, गला) संबंधी रोग पैदा होते हैं। अस्थमा, राइनोसिनिटिस और एलर्जी से ग्रस्त लोगों को इसका खामियाजा ज्यादा भुगतना पड़ता है। हर साल पैदा होने वाले इस खतरे से निपटने के लिए श्रीनगर समेत कई जिलों ने इन रूसी चिनारों को गिराने के आदेश जारी किए थे, लेकिन ए पेड़ अब भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं क्योंकि इनसे लकड़ी उद्योग के लिए कच्चा माल मिलता है। पर्यटकों सहित विभिन्न लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या से बचने के लिए चेहरे पर मास्क लगाने के लिए कहा जाता है। गौतम नाम के एक पर्यटक ने कहा, स्थानीय लोगों को मास्क पहने देखने के बाद, मुझे लगा कि वे कोविड-19 के कारण ऐसा कर रहे हैं, लेकिन जब मैंने लोगों से पूछा, तो उन्होंने कहा कि वे हवा में उड़ने वाली चीज के कारण ऐसा करते हैं।

### मेघालय सरकार मांस की दुकानों में मारे गए जानवरों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाएः उच्च न्यायालय

**शिलांग।** मेघालय उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह मांस की दुकानों में मारे गए जानवरों के शवों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाए। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक जनहित याचिका पर फैसला देते हुए यह आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी की अगुवाई वाली खंड पीठ ने अपने फैसले में कहा, राज्य सरकार मिसाल कायम करने के लिए अच्छी तरह से काम करेगी और मांस की दुकानों में मारे गए जनवरों के शवों के प्रदर्शन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाएगी, हालांकि उन्हें रेफ्रीजरेटर या किसी अन्य बर्तन में रखा जा सकता है। मृत जानवरों के शवों को एक परिसर के अंदर भी प्रदर्शित किया जा सकता है, लेकिन इसका बाहर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन नहीं कर सकते। पीठ ने कहा, उम्मीद है कि इस तरह की खामियों पर ध्यान दिया जाएगा और राज्य सरकार जानवरों के लिए अधिक नैतिक उपचार सुनिश्चित करेगी भले ही उन्हें मानव के उपभोग के लिए चुना गया हो।

### सीबीआई अंतिम आदेश आने तक सांसद अविनाश रेड्डी को गिरफ्तार नहीं करेः उच्च न्यायालय

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में कडपा से लोकसभा सांसद अविनाश रेड्डी को अस्थाई राहत देते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय ने शनिवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आदेश दिया कि उनकी याचिका पर अंतिम आदेश पारित होने तक पूर्व मंत्री वाईएस विवेकानंद रेड्डी की हत्या के सिलसिले में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता को गिरफ्तार ना किया जाए। सांसद की अग्रिम ज़मानत प्रदान करने का आग्रह करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही उच्च न्यायालय की अवकाश कालीन पीठ अगली सुनाई 31 मई को करेगी और आदेश सुनाएगी। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने विवेकानंद रेड्डी की बेटी सुनीता, अविनाश रेड्डी और सीबीआई की दलीलें सुनीं।अविनाश को सीबीआई ने 22 मई को यहां पेश होने के लिए समन भेजा था। उन्होंने केंद्रीय एजेंसी को पत्र लिखकर अपनी मां के खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पेश होने के लिए समय मांगा था।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के चचेरे भाई अविनाश मार्च 019 में हुई विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले में सीबीआई की जांच के दायरे में हैं। वह इस साल कम से कम पांच बार सीबीआई के सामने पेश हो चुके हैं। बाद में उन्होंने तेलंगाना उच्च न्यायालय का रुख कर अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। उनके पिता वाई एस भास्कर रेड्डी को सीबीआई ने इस मामले के सिलसिले में 16 अप्रैल को गिरफ्तार किया था।

# मणिपुर में सेना ने रात को गांव की घेराबंदी की

भाषा। किठेलमंबी (मणिपुर)

**● हथियार बरामद किए**

**सेना ने** अंधेरा छाने के साथ ही मणिपुर की राजधानी इंफाल से करीब 40 किलोमीटर दूर घने जंगल से घिरे न्यू किठेलमंबी गांव की धीरे-धीरे घेराबंदी शुरू की और लोगों के घरों पर छापे मारकर हथियार बरामद किए। सेना और असम राइफल्स के जवान शुक्रवार को इंफाल घाटी के किनारे कांगपोकपी जिले में स्थित गांव में घुसे और हथियारों की तलाश की। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, पिछले कुछ दिन में हमने देखा कि समुदाय आग्नेयास्त्रों से एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। कुछ मामलों में लोगों की हत्या की जा रही है...अचानक से हथियारों के आने से पूरी शांति प्रक्रिया में देरी हो रही है। इस गांव में अचानक की गई छापेमारी में पीटीआई का यह संवाददाता भी सैन्य कर्मियों के साथ गया और इस दौरान वहां से भारी मात्रा में विस्फोटक के साथ एक एअर गन और कारतूस के खाली पैकेट मिले। राज्य में जातीय हिंसा के कारण कई हिस्सों में सशस्त्र समूह कानून अपने हाथ में ले रहे हैं जिससे शांति प्रक्रिया जटिल हो गई है। उग्रवादी समूह भी इसमें शामिल हो गए हैं जिससे जातीय तनाव और भी बढ़ गया है। नाम न उजागर करने की शर्त पर सेना के एक अधिकारी ने बताया कि वे अब राज्य में शांति बहाली के लिए खतरा पहुंचा रहे तत्वों को रोकने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में हिंसा भड़कने के बाद मणिपुर भेजे गए अधिकारी ने कहा, भारतीय सेना और असम राइफल्स ने विभिन्न समुदायों के गांवों में अचानक तलाश अभियान चलाने का फैसला किया है। हम किसी एक समुदाय को निशाना नहीं बना रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य पूरे गांव में उस व्यक्ति को रोकना है जो हथियार रखकर अन्य समुदाय को खतरा पहुंचा रहे हैं। हम ऐसे हथियार जब्त कर रहे हैं और उन्हें पकड़ रहे हैं। शुक्रवार के अभियान के बारे में उन्होंने बताया कि न्यू किठेलमंबी गांव राष्ट्रीय राजमार्ग-37 से सटा है जो इस वक्त मणिपुर की एकमात्र जीवनरेखा है। उन्होंने कहा, हमारे पास खबरें थीं कि गांव में लोगों के पास आग्नेयास्त्र और विस्फोटक हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य राजमार्ग की रक्षा करना है ताकि वहां कोई अप्रिय घटना न हो। करीब 250 ट्रक हर दिन इस सड़क का इस्तेमाल कर रहे हैं और आवश्यक सामान लेकर यहां से गुजरते हैं। सैन्य अधिकारी ने कहा, इसलिए हमने अचानक तलाश अभियान चलाया और विस्फोटक तथा एक एअर गन बरामद की। हालांकि, एअर गन गांव के बुजुर्गों को लौटा दी गई क्योंकि इसे बिना लाइसेंस के रखा जा सकता है। एक पहाड़ी पर बसे इस गांव का दौरा करते हुए पीटीआई संवाददाता ने बंकर और खाइयां देखीं जो विरोधी समुदाय के किसी हमले को रोकने के लिए बनाई गई। एक महिला ने अपने घर की तलाशी लिए जाने पर आरोप लगाया कि सुरक्षा कर्मी हर दूसरे दिन आते हैं और तलाश अभियान के नाम पर उन्हें प्रताड़ित करते हैं। बहरहाल, सैन्य अधिकारियों ने इससे इनकार किया है। उन्होंने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर तलाश ली गई।

# पश्चिम बंगाल की मंत्री बीरबाहा हांसदा के वाहन पर हमला

भाषा। सालबोनी (प.बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल की मंत्री बीरबाहा हांसदा के वाहन पर शुक्रवार को पश्चिम मेदिनीपुर जिले में हमला किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुर्मी समुदाय के सदस्यों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी के काफिले पर कथित तौर पर पथराव किया और इस काफिले में मंत्री का वाहन भी शामिल था। यह घटना सालबोनी में हुई, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल होने वाली हैं। पार्टी के एक नेता ने बताया कि जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त अभिषेक बनर्जी ने अपने तृणमूल नबो ज्वार (तृणमूल में नई लहर) अभियान के तहत झारग्राम के बिनपुर और गोपीबल्लवपुर में एक रोड शो का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि रैली के बाद जब वह सालबोनी से गुजर रहे थे, तब अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कुर्मी समुदाय के सदस्य सड़क के दोनों ओर एकत्र हो गए। टीएमसी नेता ने कहा, जैसे ही अभिषेक की कार आगे बढ़ी, उन्होंने रोड शो में कथित तौर पर पथराव शुरू कर दिया। हमले में काफिले में शामिल हांसदा का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर भेजा गया है। यह तत्काल पता नहीं चल सका है कि इस सिलसिले में किसी को गिरफ्तार किया गया है या नहीं। अभिषेक ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हाथ है। उन्होंने देर रात पार्टी का कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा, मेरा मानना है कि टीएमसी के अभियान को बदनाम करने के लिए इस हमले के पीछे कुर्मी समुदाय के सदस्यों के भेष में भाजपा के कुछ बदमाश हैं। उन्होंने कुर्मी समुदाय के नेताओं से हमले को लेकर 48 घंटे के भीतर बयान देने की मांग की। अभिषेक ने कहा, मैं कुर्मी समुदाय के नेताओं को 48 घंटे का अल्टीमेटम दे रहा हूं। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे इस घटना के पीछे थे। यदि वे बयान नहीं देते हैं, तो यह साबित होगा कि वे इसके पीछे थे और फिर कानून अपनी कार्वाई करेगा। अभिषेक ने टीएमसी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह के उकसावे में नहीं आने को कहा।



पटना में प्रेस से बातचीत करते बिहार भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी

# बंदरों को दूर रखने को डोडा के किसान कर रहे औषधीय पौधों की खेती

भाषा। भद्रवाह, जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के डोडा जिले के किसान, भूखे बंदरों से अपने खेत को बचाने के लिए चावल, मक्का और गेहूं जैसी फसलों की बजाय औषधीय पौधों की खेती कर रहे हैं।

वनों की कमी ने इन बंदरों को भोजन की तलाश में खेतों पर धावा बोलने के लिए मजबूर किया है, जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है। इसके निपटने के लिए, आयुष मंत्रालय के कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को चावल, गेहूं और मक्का जैसी पारंपरिक फसलों के बजाय जड़ी-बूटियां उगाने की सलाह दी है, क्योंकि इससे न केवल उनकी फसलों की सुरक्षा होगी बल्कि अधिक मुनाफा भी होगा। डोडा में वन क्षेत्रों के पास स्थित गांवों के



कई किसानों ने इस समाधान को अपनाया है और अब सुगंधित पौधों जैसे लैवेंडर और टैगेटस मिनुटा के साथ-साथ ट्रिलियम (नाग-चत्री), सोसुरिया कोस्टस (कुथ), इनुला (मन्नू), सिंहपर्णी (हांध), जंगली लहसुन और बलसम सेब (बान-काकरी) जैसे औषधीय पौधों की खेती कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि इन पौधों का स्वाद कड़वा होता है और इनमें तेज तीखी गंध होती है, जिससे ए बंदरों के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं। एक स्थानीय उद्यमी तौकीर बागबान ने कहा कि औषधीय और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद बनाने वाली घरेलू कंपनियों की जड़ी-बूटियों की बढ़ती मांग के कारण किसान अब बेहतर मुनाफा कमा रहे हैं।बागबान ने कहा, आयुष मंत्रालय के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मिट्टी, पानी और हवा की स्थिति के आधार पर उपयुक्त फसलों की खेती के लिए किसानों को शिक्षित कर रहे हैं। वे खेती के इस बदलाव को अंजाम देने में मदद करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और रोपण सामग्री भी प्रदान करते हैं। अधिकारी ने कहा कि औषधीय पौधों की खेती के इस बदलाव ने किसानों के खेतों को पुनर्जीवित कर दिया है और समुदाय के बीच आशा की नई किरण पैदा की है। जम्मू और कश्मीर के चिनाब क्षेत्र में 3,000 से अधिक किसान पहले से ही जड़ी-बूटियों और सुगंधित पौधों की खेती कर रहे हैं, जिनमें से 2,500 अकेले भद्रवाह में स्थित हैं। सरतिंगल गांव के किसान नवीद बट ने कहा, इससे पहले, हमने बंदरों को डराने के लिए कुत्तों का उपयोग किया और यहां तक कि एयर गन का भी इस्तेमाल किया था। बट ने कहा, लेकिन बंदरों को दूर रखना मुश्किल था और हम खेती छोड़ने वाले थे। लेकिन पिछले दो वर्षों से पारंपरिक मक्का से औषधीय पौधों की खेती की ओर जाने के बाद इन बंदरों को दूर रखा है। इसके अलावा, हम अच्छे लाभ की उम्मीद कर रहे हैं। केंद्र सरकार के वर्ष 1978 में जैव चिकित्सा अनुसंधान के लिए उनके निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद से बंदरों की आबादी में वृद्धि हुई है। कई लोगों के बंदरों की पूजा और भोजन देने से समस्या और बढ़ जाती है। हालांकि, इन बंदरों का प्रभाव जम्मू- कश्मीर में चिनाब क्षेत्र जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में वन क्षेत्र के घटने के कारण सबसे अधिक महसूस किया जाता है।

# चेन्नई सुपर किंग्स की पांचवें खिताब पर नजर

● धोनी की यादगार विदाई की राह में रन मशीन गिल की चुनौती

● आईपीएल फाइनल आज : गुजरात टाइटंस भी लगाएगी दम

**भाषा।** अहमदाबाद




**चेन्नई सुपर** किंग्स के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पांचवां आईपीएल खिताब जीतकर अपनी विदाई को यादगार बनाना चाहेंगे लेकिन उनकी राह में गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल के रूप में ऐसी रन मशीन है जिसके बल्ले पर अंकुश लगाना इस सत्र में गेंदबाजों के लिए टेढी खीर साबित हुआ है। आईपीएल फाइनल में मिडास टच के लिए मशहूर एक अनुभवी कप्तान का सामना एक ऐसे युवा बल्लेबाज से है जो तकनीक में भी माहिर है लिहाजा दर्शकों को मनोरंजन की पूरी सौगात मिलेगी। एक भारतीय क्रिकेट का सुनहरा इतिहास है तो दूसरा शानदार मुस्तकबिल। करीब 19 साल पहले जब युवा धोनी भारतीय टीम में पदार्पण की तैयारी कर रहे थे तब चार साल का गिल पाकिस्तान सीमा पर पंजाब के फजिल्का गांव में अपने दादा द्वारा हाथ से बनाए गए बल्ले से अपने बड़े से खेत में खेल रहा था। रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर जब 132000 दर्शक जल्दी ही 42 वर्ष के होने जा रहे धोनी को शायद आखिरी बार पीली जर्सी में देखेंगे तब भारतीय क्रिकेट का भावी सुपरस्टार गिल अपने हाथ में आईपीएल की ट्रॉफी थामने को बेताब होगा। तीन शतक और 851 रन बना चुके गिल के बल्ले पर अंकुश लगाना धोनी की सीएसके के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी। दीपक चाहर की स्विंग या रविंद्र जडेजा की विकेट पर गेंदबाजी। मोईन अली की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद या मथीषा पथिराना की सीधे पैर पर पड़ती गेंद, कोई नहीं जानता कि तकनीक के धनी गिल की एकाग्रता किस गेंद पर भंग होगी। धोनी के प्रशंसक उन्हें अगले साल फिर खेलते देखना चाहेंगे लेकिन पूरा आईपीएल उन्होंने बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर खेला है लिहाजा उनके लिए अगले सत्र में फिर खेलना मुश्किल लग रहा है। इसलिए थाला (तमिल में बड़ा भाई) के प्रशंसकों के लिए यह धोनी के आखिरी मैच के हर पल को यादों में कैद करने का अवसर है। वह अधिकांश मैचों में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं लेकिन तुषार देशपांडे जैसे अनुभवहीन गेंदबाज और शिवम दुबे जैसे युवा बल्लेबाज को उन्होंने आत्मविश्वास दिया है। धोनी का करिश्मा कभी खत्म नहीं होगा। उनकी कप्तानी भारतीय क्रिकेट की किवदंतियों का हिस्सा रहेगी। दूसरी ओर गुजरात के पास हार्दिक पंड्या के रूप में ऐसा कप्तान है जिसका मानना है कि टीम की कप्तानी का एक ही तरीका है जो धोनी से उन्होंने सीखा है। बल्लेबाज मैच जीतते हैं लेकिन गेंदबाज टूर्नामेंट जीतते हैं और यह टाइटंस ने साबित कर दिया है। मोहम्मद शमी (28 विकेट), राशिद खान (27 विकेट) और मोहित शर्मा (24 विकेट) ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। वहीं बल्लेबाजी में गिल के अलावा पंड्या ने 325 रन बनाए हैं। चेन्नई के लिए डेवोन कोंवे (625 रन), रूतुराज गायकवाड़ (564 रन), अजिंक्य रहाणे 13 मैचों में 299 रन बना चुके हैं जबकि दुबे ने 386 रन बनाए हैं। इस आईपीएल में दुबे 33 छक्के लगा चुके हैं।गेंदबाजी में श्रीलंका के पथिराना ने 17 और देशपांडे ने 21 विकेट लिए।

## गेंदबाजों के फिट नहीं होने पर विकल्प तलाशेगा मुंबई इंडियंस , कहा मुख्य कोच मार्क बाउचर ने

**अहमदाबाद।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि प्रमुख गेंदबाजो के समय रहते फिट नही होने पर उनकी टीम विकल्प तलाशेगी। पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह , जोफ्रा आर्चर और झाय रिचर्डसन के इस सत्र मे नही खेलने के बावजूद प्लेआफ तक पहुंची। उसे दूसरे क्वालीफायर मे हालांकि गुजरात टाइटंस ने हरा दिया। बाउचर ने कहा कि टीम के प्रदर्शन की समीक्षा बाद मे की जाएगी क्योंकि वह अभी विवादो को जन्म नही देना चाहते। उन्होने कहा, कई चीजों पर बात करनी होगी लेकिन अभी कुछ कहना बेवकूफी होगी। हमे आत्ममंथन करना होगा। जज्बाती हुए बिना कुछ अच्छे क्रिकेटिया फैसले लेने होगे। लेकिन जब सब कुछ शांत हो जाएगा और हमे फिटनेस के मामले मे कुछ खिलाड़ियों के भविष्य के बारे मे पता चल जाएगा। हमारे पास गेंदबाजी मे दो स्टार खिलाड़ी नही थे। हमने इसकी भरपाई करने की भरसक कोशिश की। उम्मीद है कि वे फिट हो जाएंगे। अगर नही होते तो हमे विकल्प देखने होंगे। बुमराह और आर्चर के बिना मुंबई के लिए बहुत कठिन था। बुमराह उपलब्ध नही था। जोफ्रा भी नही और ए दोनों शानदार गेंदबाज है। ऐसे गेंदबाजों के बिना आक्रमण कमजोर तो होना ही था। मै किसी पर दोष नही मढ रहा। खेल मे चोट लगती रहती है और इसका सामना करना पड़ता है।

## खबरें स्टेडियम से

### धोनी के जैसे शांतचित्त हैं पंड्या : गावस्कर



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की तारीफ करते हुए कहा कि वह टीम मे जो इत्मीनान का भाव लाते है, वह महेंद्र सिंह धोनी की याद दिलाता है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्टस से कहा , हार्दिक बार बार कहता आया है कि वह धोनी का कितना बड़ा मुरीद है। जब दोनो टॉस के लिए उतरेंगे तो दोनो के चेहरों पर मुस्कुराहट होगी और यह काफी दोस्ताना माहौल में होगा। लेकिन मैच मे माहौल अलग होगा। हार्दिक पंड्या के पास यह दिखाने का सुनहरा मौका है कि उसने कितना तेजी से सीखा है। पिछले साल जब वह पहली बार कप्तानी कर रहा था तब किसी ने सोचा भी नही था कि क्या अपेक्षा करनी है क्योंकि वह बेहद रोमांचक क्रिकेटर पहले से था। लेकिन पिछले एक साल मे हमने देखा कि टीम में वह जो इत्मीनान का भाव लाता है, वह धोनी की याद दिलाता है। यह खुश रहने वाली टीम है जैसी कि सीएसके है। हार्दिक को इसका काफी श्रेय जाता है। गावस्कर ने टाइटंस की सफलता का श्रेय कोच आशीष नेहरा को भी दिया। मै नेहरा को भी श्रेय दूंगा। वह ऐसा इंसान है कि आप चेंज रूम में हो या कमेंट्री बॉक्स में, आप हंसते रहेंगे। वह जीवन बहुत सरल बना देता है और क्रिकेट की उसे जबर्दस्त समझ है। टाइटंस बेहतरीन टीम है और लीग चरण में शीर्ष पर रही है।

### शुभमन गिल का अनुशासन उसे सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक बनाता है : विजय शंकर

**अहमदाबाद।** पावरप्ले के ओवरो मे स्ट्रोक्स के लिए जगह तलाशने की शुभमन गिल की काबिलियत की तारीफ करते हुए गुजरात टाइटंस के हरफनमौला विजय शंकर ने कहा कि उसका अनुशासन उसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक बनाता है। शंकर ने प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , उसका अनुशासन गजब का है और यही वजह है कि वह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से है। वह जिस तरह से अभ्यास करता है, वह काफी महत्वपूर्ण है। हर अभ्यास सत्र का उसके लिए एक लक्ष्य होता है। उसे बल्लेबाजी करते देखने मे बहुत आनंद आता है। वह छक्के भी जड़ता है और पावरप्ले मे फील्डर के बीच जगह भी तलाश लेता है जो उसकी सबसे बड़ी ताकत है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एक पारी में उसने 101 गेंद मे 90 रन बनाए जिसमें सिर्फ एक छक्का था। यानी वह दोनों तरह से बल्लेबाजी कर सकता है जो एक उम्दा क्रिकेटर की निशानी है।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान घोषित किया जाएगा विश्वकप का कार्यक्रम



**अहमदाबाद।** भारत मे इस साल के आखिर में होने वाले 50 ओवरों के विश्वकप का कार्यक्रम लंदन मे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के दौरान घोषित किया जा सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शनिवार को बोर्ड की विशेष आम बैठक (एसजीएम) के बाद यह जानकारी दी। एशिया कप 2023 के आयोजन को लेकर भी फैसला जल्द किया जाएगा। एशियाई क्रिकेट परिषद के सदस्य चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रविवार को होने वाले फाइनल को देखने के लिए यहां आ रखे है और उनके बीच एशिया कप को लेकर चर्चा हो सकती है। एशिया कप का आयोजन विश्वकप से पहले होना है। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के मैच स्थलों की घोषणा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान संवाददाता सम्मेलन में की जाएगी। टूर्नामेंट का संपूर्ण कार्यक्रम भी जारी किया जाएगा। एशिया कप 2023 का भविष्य का फैसला एशियाई क्रिकेट परिषद के टेस्ट खेलने वाले देशों और एसोसिएट देशों के सदस्यो के बीच बैठक के बाद किया जाएगा। बीसीसीआई सचिव ने बताया कि प्रशंसकों के लिए उचित सुविधा को ध्यान में रखते हुए अभी 15 स्टेडियमों का चयन किया गया है जबकि इसे बाद मे कुछ और स्टेडियम जोड़े जाएंगे।

## दीक्षा बेल्जियन ओपन में दूसरे स्थान पर

**एंटवर्प।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने दूसरे दौर मे शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह बेल्जियन लेडीज ओपन में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। लेडीज यूरोपियन टूर का खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी दीक्षा ने पहले दौर मे 71 का कार्ड खेला था। इस तरह से अब उनका कुल स्कोर छह अंडर पर है। वह शीर्ष पर चल रही मारिया हर्नांडिज से दो शॉट पीछे है। दीक्षा ने जहां शानदार खेल दिखाया वही अन्य भारतीयों को संघर्ष करना पड़ा।

## आस्ट्रेलियाई कप्तान मैग लानिंग एशेज महिला क्रिकेट श्रृंखला से बाहर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लानिंग मेडिकल कारणों से इंग्लैंड में महिलाओं की एशेज क्रिकेट श्रृंखला से बाहर हो गई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि लानिंग ने मेडिकल सलाह के बाद बाहर होने का फैसला किया है। इससे ज्यादा कोई जानकारी नही दी गई। आस्ट्रेलिया के महिला क्रिकेट परफार्मेंस के प्रमुख शॉन फ्लेगलेर ने कहा , यह मेग के लिए निराशाजनक है कि वह एशेज नही खेल पाएगी।

## शुभंकर शर्मा ने केएलम ओपन के कट में जगह बनाई

**क्रॉम्वॉयर्ट (नीदरलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने केएलएम ओपन के दूसरे दौर मे अच्छी शुरूआत के बावजूद दो ओवर 74 स्कोर बनाया, लेकिन वह कट मे जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर ने पहले दौर में 67 का स्कोर बनाया था जिससे वह संयुक्त पांचवें स्थान पर थे लेकिन दूसरे दौर के लचर प्रदर्शन के कारण वह संयुक्त 23वे स्थान पर खिसक गए है। भारत के ही एक अन्य खिलाड़ी मनु गंडास हालांकि दूसरे दौर से आगे नही बढ़ पाए। पहले दौर में 71 का कार्ड खेलने वाले गंडास ने दूसरे दौर में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 79 का कार्ड खेला।

## तन्मय ने टूर्नामेंट जीता

**कानपुर।** कानपुर के रहने वाले 23 वर्षीय शौकिया पोकर खिलाड़ी तन्मय लोढ़ा पोकरबाज़ी के लोकप्रिय मनीमेकर टूर्नामेंट के विजेता बनकर उभरे हैं। रणनीति की आवश्यकता को समझकर और अपने खेल का लगातार विश्लेषण करते हुए तन्मय ने अपना खेल बेहतर करने की लगन और अटूट समर्पण से 13.2 लाख रूपये की बड़ी इनामी राशि जीती है। हाल ही में एक मैनेजमेंट ट्रेनी की नौकरी पाने वाले तन्मय एक साल से ज्यादा समय से पोकर खेल रहे हैं। उन्हें इस तथ्य पर पक्का विश्वास है कि पोकर एक स्किल.बेस्ड गेम है। जिसमें किसी भी दूसरे खेल की तरह लगातार अभ्यास और समर्पण चाहिये। एक पोकर खिलाड़ी के तौर पर अपनी यात्रा में इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुएए तन्मय अपने परिवार के भी आभारी हैं, जिन?होंने पोकर में आगे बढ़ने के उनके फैसले का समर्थन किया। अपनी जीत के बारे में बात करते हुए तन्मय ने कहा कि लगन और समर्पण किसी भी कोशिश में सफल होने की कुंजी है और पोकर भी इससे अलग नहीं है। अगर यह खेल सिर्फ भाग्य पर निर्भर करता तो कई प्रतिभागी जाने कितने रिकॉर्ड तोड़ देते। फिर भीए सत्य यही है कि इस खेल के परिणाम में स्किल और रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुझे टूर्नामेंट जीतने की बड़ी खुशी है और मैं पोकरबाज़ी का शुक्रगुजार हूँ, जिन्होंने हमारे जैसे शौकिया खिलाड़ियों के लिये मनीमेकर जैसा मंच दिया है।

# गिल की यह पारी बरसों तक याद रहेगी

● पूर्व क्रिकेटरों ने की गिल की तारीफ

**भाषा।** नई दिल्ली



**मुंबई इंडियंस** के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में 60 गेंद में 129 रन बनाने वाले शुभमन गिल की पूर्व क्रिकेटरों ने जमकर तारीफ की है और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि टी20 प्रारूप में विशुद्ध क्रिकेटिया शॉट्स खेलने की गिल की काबिलियत के कारण यह पारी याद रखी जाएगी। गावस्कर ने स्टार स्पोर्टस से कहा , गिल की यह पारी बरसों तक याद रहेगी। इसमें उन्होंने मुंबई के प्रमुख गेंदबाजों को निशाना बनाकर विरोधी कप्तान रोहित शर्मा को रणनीति बदलने के लिए मजबूर किया। इस तरह की लाजवाब पारियों में गिल ने अपना स्ट्राइक रेट अच्छा रहा और टीम को दबाव से मुक्त भी रखा। इसके अलावा यह पारी इसलिए भी याद रखी जाएगी क्योंकि उसने टी20 प्रारूप में पारंपरिक क्रिकेट शॉट्स खेले। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा , शुभमन गिल की बल्लेबाजी ने एक बात साबित कर दी कि अगर आपके बेसिक्स सही हो, सोच साफ हो तो रन खुद ब खुद बनेंगे। विराट कोहली और गिल ने साबित कर दिया कि रन बनाने के लिए लप्पे लगाने की जरूरत नहीं है। ए दोनों अलग अलग पीढी के बल्लेबाज हैं लेकिन दोनों के बल्लों से रन खूब निकले हैं। यह साफ सोच और बेसिक्स सही रखने से ही होता है। पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा , बरसों बाद जब आप मुड़कर देखोगे तो यह पारी याद रहेगी। आईपीएल क्वालीफायर मैचों के इतिहास में यह पारी यादगार हो गई है। भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने कहा , इतने बड़े मैच में हाव भाव काफी अहम है। वह इतने इत्मीनान से खेला। उसका आत्मविश्वास गजब का था। पिछले साल हमने जोस बटलर को देखा , इस साल विराट कोहली को भी देखा। बड़े मैचों में वह विराट, रोहित और धोनी की तरह खेलेगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने ट्वीट किया , रनगति तेज करने की उसकी क्षमता और निरंतरता लाजवाब है। उसने ज्यादातर मैच अहमदाबाद जैसे बड़े मैदान पर खेले हैं। शानदार प्रदर्शन। पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने ट्वीट किया , क्या खिलाड़ी है। चार मैचों में तीसरा शतक और कुछ बेहतरीन स्ट्रोक्स। गजब की निरंतरता और रनों की भूख।

### टी20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पहले कुछ तकनीकी बदलाव किए : गिल

**अहमदाबाद।** आईपीएल में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल का मानना है कि आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के बाद और न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला से पहले उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में कुछ तकनीकी बदलाव किए जिसका फायदा मिला। गिल को 2022 में टी20 विश्व कप के लिए नही चुना गया था। कोच राहुल द्रविड़ की टीम में रोहित शर्मा, केएल राहुल और विराट कोहली पहले तीन क्रम के बल्लेबाज रहे। गिल ने मैच के बाद कहा , पिछले वेस्टइंडीज दौरे (2022) के बाद से मैने कुछ बदलाव किया है। मै पिछले आईपीएल से पूर्व घायल हो गया था लेकिन अपने खेल पर काम कर रहा था। मैने कुछ पहलुओं पर काम किया और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पहले तकनीकी बदलाव किए। उन्होंने अपनी पारी के बारे में कहा , यह शायद आईपीएल में अब तक की मेरी सर्वश्रेष्ठ पारी थी।

### सूर्यकुमार के सामने प्रयोग नहीं करना चाहता था : मोहित

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के गेंदबाज मोहित शर्मा ने कहा कि सूर्यकुमार यादव के सामने प्रयोग नही करने की उनकी रणनीति मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर मे कारगर साबित हुई। मोहित ने मैच के बाद कहा , मैं खुशकिस्मत हूं कि पांच विकेट मिले। बाद में गेंद फिसल रही थी और सूर्य और तिलक के क्रीज पर रहते लग रहा था कि मैच निकल जाएगा। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 2014 मे परपल कैप ले चुके मोहित ने कमर की चोट से उबरने के बाद टाइटंस के साथ अपने कैरियर की दूसरी पारी का आगाज किया। वह 2021 और 2022 में आईपीएल अनुबंध नही ले सके थे। उन्होंने कल सूर्यकुमार का अहम विकेट लेकर मैच का पासा पलट दिया।

# ब्रिटेन से हारा भारत

●एफआईएच प्रो लीग

**भाषा।** लंदन



**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा और उसे अपने दूसरे मैच में ग्रेट ब्रिटेन से 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की यह लगातार दूसरी हार है। ब्रिटेन ने तीन मैदानी गोल दागे जबकि भारत ने अपने दोनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। ब्रिटेन की तरफ से नुर्स टिमोथी (छठे मिनट), सोर्सबी थामस (31वें), मोर्टन ली (33वें) और बेंडुरास निकोलस (53वें) ने गोल किए। भारत के लिए दोनों गोल हरमनप्रीत सिंह (13वें और 42वें मिनट) ने किए। हरमनप्रीत ने इस तरह से प्रो लीग में सर्वाधिक 35 गोल करने का रिकॉर्ड बना दिया है। भारत की यूरोपीय चरण के इस दौर में लगातार दूसरी हार है। भारतीय टीम अपने पहले मैच में शुक्रवार को अंतिम मिनट में गोल खाने के कारण बेल्जियम से I-2 से हार गई थी। नुर्स ने सीनियर स्तर पर अपना पहला गोल करके ब्रिटेन को बढ़त दिलाई। वह ललित कुमार उपाध्याय और मनदीप मोर को छका कर भारतीय सर्कल में पहुंचे। उनके करारे शॉट का भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के पास कोई जवाब नहीं था। पाठक ने शुरू में पीआर श्रीजेश की जगह गोलकीपर की जिम्मेदारी निभाई थी। ब्रिटेन की टीम ने आक्रामकता दिखाई जबकि भारतीय टीम उनकी बराबरी करने के लिए संघर्षरत दिखी। ब्रिटेन में पहला गोल करने के बाद एक और मूव बनाया लेकिन पाठक ने सैम वार्ड का प्रयास विफल कर दिया। भारत को 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। बराबरी का गोल करने के बाद भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ गया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी गोल किया लेकिन वीडियो रेफरल के बाद उसे अमान्य करार दिया गया। इस बीच वालेस जाचरी के पेनल्टी स्ट्रोक का श्रीजेश ने अच्छा बचाव किया। सोर्सबी ने हालांकि तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके ब्रिटेन को बढ़त दिला दी। इस क्वार्टर में ली ने भी मैदानी गोल दागा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए को 2-1 से हराया

**एडिलेड।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के अपने दौरे के पांचवें और अंतिम मैच मे शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां करीबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 2-I से हराया। भारत के लिए नवनीत कौर (10वें मिनट) और दीप ग्रेस एक्का (25वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया ए की तरफ से एकमात्र गोल अबीगैल विल्सन (22वें) ने किया। पिछले मैच में 3-2 से जीत दर्ज करने वाली ऑस्ट्रेलिया ए की टीम ने विश्वसनीय शुरुआत की लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति में गुरजीत कौर मुस्तैद थी और उन्होने विरोधी टीम को सर्कल मे नही घुसने दिया। भारत ने इसके बाद लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके ऑस्ट्रेलिया ए पर दबाव बना दिया। नवनीत कौर ने रिवर्स हिट से भारत के लिए पहला गोल किया। भारत ने दूसरे क्वार्टर मे अपनी लय बनाए रखी लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम मे जवाबी हमला किया। भारतीय गोलकीपर सविता ने हालांकि उसके प्रयासो पर पानी फेर दिया। ऑस्ट्रेलिया ए ने इसके बाद पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे अबीगैल ने गोल मे बदलने मे कोई गलती नही की। इसके तुरंत बाद ही हालांकि भारत ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिस पर एक्का ने गोल करके टीम को फिर से बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ के शुरू मे वंदना कटारिया के प्रयासो से भारत मे पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन आस्ट्रेलिया की टीम उसका बचाव करने मे सफल रही। इसके बाद भी भारतीय टीम ने नेहा गोयल के मध्य पंक्ति मे अच्छे प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलियाई टीम पर दबाव बनाए रखा।

# प्रणय फाइनल में, सिंधू हारी



●मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन

**भाषा।** कुआलालंपुर




**भारत के स्टार बैडमिंटन** खिलाड़ी एच एस प्रणय मलेशिया मास्टर्स में पुरूष एकल फाइनल में पहुंच गए जब उनके प्रतिद्वंद्वी इंडोनेशिया के क्रिस्टियन एडिनाटा ने घुटने में चोट लगने के कारण सेमीफाइनल मैच छोड़ दिया। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय उस समय 19-17 से आगे चल रहे थे जब एडिनाटा को चोट लगी। विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2019 विजेता एडिनाटा को प्रणय और इंडोनेशियाई कोच ने संभाला। इसके बाद उन्हें कोर्ट से बाहर ले जाया गया। प्रणय का सामना अब चीन के वेंग होंग यांग और चीनी ताइपै के लिन चुन यि के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यह इस सत्र में उनका पहला फाइनल होगा और पिछले साल स्विस ओपन फाइनल हारने के बाद से दूसरा फाइनल है। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मरिस्का टी से 14-21, 17-21 से हारकर बाहर हो गई। ग्रेगोरिया के खिलाफ सात मैच जीतने के बाद सिंधू की यह लगातार दूसरी हार थी। प्रणय ने अपने मैच में शानदार शुरूआत करके 11-1 की बढत बना ली। ब्रेक के बाद एडिनाटा ने अगले नौ में से सात अंक बनाए। प्रणय ने क्रॉसकोर्ट पर स्मैश लगाकर आत्मविश्वास वापिस हासिल किया लेकिन सहज गलतियों और एडिनाटा के शानदार खेल के दम पर स्कोर 10-14 हो गया। एक समय स्कोर 16 . 16 था लेकिन प्रणय ने जल्दी ही 19-17 की बढ़त बना ली। एडिनाटा को चोट लगने से मुकाबला खत्म हो गया। दूसरे मैच में सिंधू आक्रामक खेल नहीं दिखा सकी और ग्रेगोरिया के शानदार डिफेंस का उनके पास कोई जवाब नहीं था। कोच विधि चौधरी उनका हौसला बढाती रही लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। ग्रेगोरिया लगातार उन पर दबाव बनाती रही।

## शॉटगन विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहे ट्रैप निशानेबाज भवनीश

**अलमाटी (कजाखस्तान)।** पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके भारतीय निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता को शनिवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप की ट्रैप स्पर्धा के फाइनल में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और आखिर में वह पांचवें स्थान पर रहे। फरीदाबाद के रहने वाले 23 वर्षीय भवनीश शुक्रवार को क्वालिफिकेशन के पहले तीन दौर में 75 में से 73 अंक बनाकर चार अन्य निशानेबाजों के साथ संयुक्त बढ़त पर थे। उन्होंने शनिवार को अगले दो दौर में 24 का सामान स्कोर बनाया। भवनीश ने इस तरह से दो दिन में 125 में से 121 अंक बनाकर संयुक्त चौथे स्थान पर रहकर छह खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में हालांकि यह भारतीय निशानेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। वह 30 में से 24 अंक बनाकर बाहर होने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। इटली के निशानेबाज निशानेबाज और दो बार के विश्व चैंपियन फैब्रीज़ी मास्सिमो ने ऑस्ट्रेलिया के 27 वर्षीय विश्व चैंपियन जेम्स विलेट को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

# चितकारा के लड़कों व एसआरएम की लड़कियों ने जीते टेटे खिताब



● खेलो इंडिया विवि गेम्स-2022

**लखनऊ।** चितकारा यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के लड़कों और एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई की लड़कियों ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स.2022 उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आयोजित टेबल टेनिस के मुकाबलों में खिताबी जीत दर्ज की। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी के हाल में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबलों में आज पुरुष वर्ग के फाइनल में चितकारा यूनिवर्सिटी ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया। दूसरी ओर महिला वर्ग के फाइनल में एसआरम यूनिवर्सिटी ने एडमस यूनिवर्सिटीए कोलकाता के खिलाफ 3.0 से खिताबी जीत दर्ज की। आज खेले गए पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में चितकारा यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों का दबदबा रहा जिन्हें चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी खासी टक्कर दी लेकिन चितकारा के खिलाड़ियों ने टेबल पर शानदार खेल दिखाते उम्दा टॉप स्पिन और बैक हैंड टॉप स्पिन का प्रदर्शन करते हुए जीत अपनी झोली में डाल ली। पुरुष वर्ग की टीम चैंपियनशिप के फाइनल का पहला मुकाबला चितकारा के यशांश मलिक और चंडीगढ़ के दिव्यांश श्रीवास्तव के बीच खेला गया। यह मुकाबला यशांश मलिक ने 11-4,11-7, 2-11,11-6 से जीता। इसके बाद दूसरे एकल मुकाबले में जीत चंद्रा ने जश मोदी को 3-11,10-12,11-9,11-7,11-8 से मात दी। इससे पहले खेला गया महिला टीम चैंपियनशिप का फाइनल भी एकतरफा रहा जिसमें एसआरएम यूनिवर्सिटी ने एडमस यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया। पहले मैच में एसआरएम की वी_ कौशिका ने दीपानविता बसु को 11-7, 11.9, 12-10 से हराया। दूसरे मैच में एसआरएम की काव्याश्री ने मुनमुन कुंडू को 11-8, 12-10ए 11-7 से हराया। वर्सिटी ऑफ कोलकाता को संयुक्त कांस्य पदक मिला। टेबल टेनिस के फाइनल मुकाबलों का पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के गिरीश चंद्र यादव खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री,स्वतंत्र प्रभार सहित नवनीत सहगल अपर मुख्य सचिव खेल,कमलेश मेहता महासचिव टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया और खेल निदेशक आरपी सिंह ने किए।

### बनारस से निकल रही हॉकी की नई प्रतिभा




**लखनऊ।** यूपी का बनारस शहर कई वजहों से सुर्खियों में रहता है लेकिन खेल जगत में ये शहर अपना खास स्थान रखता है। दरअसल बनारस हॉकी का गढ़ है। यहां से लगातार अच्छे हॉकी खिलाड़ी निकल रहे हैं। पद्मश्री मो.शाहिद को कौन भूल सकता है जिन्होंने इसी शहर से निकलते हुए ओलंपिक में कमाल दिखाया जबकि विवेक सिंह,राहुल सिंह जैसे दिग्गज भी बनारस की मिट्टी से निकल कर ओलंपिक में अपना दम-खम दिखा चुके हैं। वहीं मौजूदा दौर में ललित उपाध्याय भारतीय हॉकी में बनारस का परचम बुलंद कर रहे है। इन्हीं में से एक और खिलाड़ी राहुल यादव के मन में आने वाले समय में भारतीय हॉकी के फलक पर चमकने की चाहत है। राहुल यादव खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स.2022 उत्तर प्रदेश के अंतर्गत गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठए वाराणसी की टीम से चुनौती पेश कर रहे है। उनकी टीम ने आज बेंगलुरू सिटी यूनिवर्सिटी के खिलाफखेले गए मैच में जीत दर्ज की। जिसमें फुलबैक पोजीशन पर खेलने वाले राहुल यादव ने एक उपयोगी गोल दागकर महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। इसी के साथ उनकी खुशी तब दोगुनी हो गई जब उन्हें यह पता चला कि उनका चयन यूपी पुलिस में खेल कोटे के अंतर्गत कांस्टेबल के पद पर हो गया है।

### वॉलीबॉल मुकाबलों की फाइनल लाइन अप तय

इसके साथ ही इकाना स्पोर्ट्स सिटी के इंडोर हाल में खेले जा रहे वॉलीबॉल के पुरुष व महिला वर्ग के फाइनल मुकाबलों की लाइन अप तय हो गयी। महिला वर्ग का फाइनल पंजाबी विश्वविद्यालयए पटियाला और एडमस यूनिवर्सिटी के मध्य होगा जबकि पुरुष वर्ग में मैंगलोर यूनिवर्सिटी और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। पुरुष वॉलीबॉल के सेमीफाइनल में मैंगलोर यूनिवर्सिटी ने एसआरएम यूनिवर्सिटी को 3-1 से और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने मद्रास विश्वविद्यालय को हराया।

**पुरुष हॉकी:** पुरुष हॉकी के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबलो में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठए वाराणसी ने बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी को 3-1 सेए पंजाबी यूनिवर्सिटीए पटियाला ने सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी पुणे को 7-1 से और जीएनडीयूए अमृतसर ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को 4-0 से हराया। दूसरी ओर संबलपुर विश्वविद्यालयए ओडिशा और पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के मध्य खेला गया मैच 1.1 से ड्रा रहा।